संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, शुक्रवार, 15 दिसंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



'समय पर गुणवत्ता उपकरण' पर पश्चिम क्षेत्र रक्षा उद्योग बैठक का आयोजन किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्ष: 08 अंक: 334 पृष्ठ: 12
RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com
हरियाणा संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### धीरज साहू के रांची आवास पर आईटी टीम की छापेमारी

**रांची (झारखंड)।** कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू के रांची के रेडियम रोड स्थित आवास पर नौवें दिन भी आईटी (आयकर विभाग) की छापेमारी जारी है। आईटी की टीम रेडियम रोड स्थित आवास की जमीन खोदने की तैयारी कर रही है। रांची स्थित आवास पर गुरुवार को भी आईटी टीम की सक्रियता बढ़ी हुई है। अधिकारी लगातार आवासीय परिसर का काफी बारीकी से जायजा ले रहे हैं। इससे पहले बुधवार को लोहरदगा, रांची और ओडिशा स्थित घर पर आईटी की टीम ने जियो सर्विलांस सिस्टम मशीन के जरिए जमीन की तलाशी ली थी। उल्लेखनीय है कि आयकर की टीम ने गत छह दिसंबर को धीरज साहू से संबंधित कई ठिकानों पर छापेमारी कर रुपये से भरी 30 अलमारी बरामद की थी। उस दिन से नोटों की गिनती जारी है। जानकारी के अनुसार अब तक 500 करोड़ रुपये रुपये मिले हैं। नोटों के अलावा 17 किलोग्राम आभूषण भी मिले थे।

### चिमनी हादसे में 4 मजदूरों की मौत, 3 की हालत गंभीर

**कोलकाता। पश्चिम** बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के बशीरहाट इलाके में एक ईंट भट्टे की चिमनी ढह जाने से चार मजदूरों की मौत हो गई जबकि तीन मजदूर घायल हैं। घटना बुधवार रात बशीरहाट के धल्टिटाह गांव में एक साल से बंद पड़े ईंट भट्टे को दोबारा शुरू किए जाने के दौरान हुई। बशीरहाट के एक पुलिस अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि 4 लोगों की मौत की पुष्टि हो गई है और तीन घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक मजदूरों की पहचान उत्तर प्रदेश के फैजाबाद निवासी जेठूराम और राकेश कुमार तथा स्थानीय निवासी हफीजुल मंडल के रूप में की गई है। हादसे के शिकार चौथे व्यक्ति की पहचान फिलहाल नहीं हो सकी है। पुलिस के मुताबिक हादसे में बुरी तरह घायल दो लोगों की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हुई, जबकि दो शव मलबे से निकाले गए। सभी मृतक ईंट भट्ठा मजदूर थे। हादसे में घायल दो मजदूरों का बशीरहाट अस्पताल में इलाज चल रहा है, जबकि तीसरे मजदूर की हालत गंभीर है, जिसे कोलकाता के आरजी कार अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है।

# संसद से नौ कांग्रेस सांसद समेत 15 सदस्य निलंबित

= इससे पहले विपक्ष के पांच सांसदों को निलंबित किया गया था और अब नौ और सांसदों को भी निलंबित किया

**कार्रवाई**

8 नौ सांसदों और अन्य विपक्षी दलों के पांच सांसदों के खिलाफ सदन की कार्यवाही बाधित करने के आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
लोकसभा में गुरुवार को एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें विपक्ष के 14 सांसदों को बाकी शीतकालीन सत्र से निलंबित कर दिया गया है। कांग्रेस के नौ सांसदों और अन्य विपक्षी दलों के पांच सांसदों के खिलाफ सदन की कार्यवाही बाधित करने के आरोप में यह कार्रवाई की गई। इससे पहले विपक्ष के पांच सांसदों को निलंबित किया गया था और अब नौ और सांसदों को भी निलंबित कर दिया गया है।

**इन सांसदों को किया गया निलंबित:** संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने लोकसभा में एक प्रस्ताव पेश किया। इस प्रस्ताव में गलत बर्ताव के चलते पांच सदस्यों टीएन प्रथापन, हीबी एडेन, जोथिमनी, राम्या हरिदास और डीन कुरियाकोस को निलंबित किया गया। इस दौरान बी महताब सदन की अध्यक्षता कर रहे थे। इसके बाद विपक्षी सासंदों ने हंगामा शुरू कर दिया। इस पर स्पीकर बी महताब ने कांग्रेस के नौ अन्य सांसदों को भी निलंबित कर दिया। इनमें बेनी बेहानान, वीके श्रीधरन, मोहम्मद जावेद, पीआर नटराजन, कनिमोई करुणानिधि, के सुब्रमण्यन, एसआर पारथीबान, एस वेंकटेशन और मणिकम टैगोर के नाम शामिल हैं।




### सेना में भर्ती होना चाहता था संसद में घुसपैठी अमोल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली :** संसद में घुसपैठ के आरोपी अमोल शिंदे सेना में भर्ती होना चाहता था। इसके लिए उसने सेना की कई भर्तियों में हिस्सा भी लिया था लेकिन उसका चयन नहीं हो पाया। अमोल के माता-पिता ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि अमोल आगे पढ़ना चाहता था और इसके लिए वह 4000 रुपये प्रति महीना मांग रहा था लेकिन हम दे नहीं सके। परिजनों ने बताया कि अमोल ने दिहाड़ी मजदूर के तौर पर भी काम किया है। अमोल शिंदे (25 वर्षीय) लातूर की चकूर तहसील के जारी गांव का निवासी है।

### पुलिस ने आरोपियों को किया पेश, मिली रिमांड



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली :** 13 दिसंबर को संसद में घुसपैठ करने वाले दो आरोपियों और उनके सहयोगियों को आज दिल्ली की एक अदालत में पेश किया गया। अदालत ने चारों आरोपियों को सात दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। वहीं, संसद भवन में लोकसभा की कार्यवाही के दौरान सुरक्षा में सेंध लगाने के मामले के बाद वहां की सुरक्षा व्यवस्था पर तमाम सवाल उठ रहे हैं। लोकसभा में कूदने वाले दोनों लोगों का नाम सागर शर्मा और मनोरंजन डी. है। वहीं, संसद भवन के बाहर से गिरफ्तार किए गए दो लोगों की पहचान नीलम और अमोल शिंदे के रूप में हुई है।

**सांसद हनुमान बेनीवाल ने स्पीकर के पोडियम पर चढ़ने की कोशिश की :** संसद की सुरक्षा में चूक के मुद्दे पर लोकसभा में गुरुवार को जमकर हंगामा हुआ। विपक्षी सांसदों ने खूब नारेबाजी की। इसी दौरान राजस्थान से आरएलपी पार्टी के सांसद हनुमान बेनीवाल ने लोकसभा की कार्यवाही के दौरान स्पीकर के पोडियम पर चढ़ने की कोशिश की। नारेबाजी करते हुए विपक्षी सांसद वेल में आ गए। विपक्षी सांसदों की मांग थी कि अमित शाह इस मुद्दे पर सदन में आकर बयान दें।

**राज्यसभा से सस्पेंड हुए डेरेक ओ ब्रायन:** इससे पहले आज ही राज्यसभा से तृणमूल कांग्रेस के सांसद डेरेक ओ ब्रायन को सस्पेंड कर दिया गया। संसद में सुरक्षा चूक के मुद्दे पर विपक्ष के हंगामे के दौरान ओ ब्रायन प्रदर्शन करते हुए सभापति के पास तक आ गए। इसके बाद उन्हें सदन से निलंबित कर दिया गया। राज्यसभा से डेरेक ओ ब्रायन को निलंबित करने का प्रस्ताव भाजपा की तरफ से सासंद पीयूष गोयल ने पेश किया। बताया गया है कि संसद में सुरक्षा में चूक के मुद्दे को लेकर ब्रायन प्रदर्शन करते हुए सभापति के पास वेल तक पहुंच गए थे।

## निलंबित 15 सांसदों ने संसद परिसर में जमाया डेरा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
संसद की सुरक्षा में चूक के मुद्दे को लेकर प्रदर्शन करते हुए वेल तक पहुंचने की कोशिश करना और निलंबन के बाद भी सदन से बाहर न जाना टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन को भारी पड़ गया। सभापति धनखड़ ने इसके लिए उन्हें निलंबित कर दिया और उनका मामला विशेषाधिकार समिति के पास जांच के लिए भेज दिया। इस दौरान धनखड़ ने कहा कि डेरेक का सदन में बने रहना आदेश का गंभीर उल्लंघन और जानबूझकर की गई अवहेलना है। वहीं, अपने निलंबन को लेकर टीएमसी सांसद सहित सभी 15 सांसदों ने संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया है। कुल 15 सांसदों को शीतकालीन सत्र के शेष भाग के लिए निलंबित कर दिया गया। इसमें 14 लोकसभा से और 1 राज्यसभा से हैं। सदन से निलंबन के बाद उनके खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किया गया। इसमें उनके आचरण को जांच के लिए विशेषाधिकार समिति को भेजने की मांग की गई थी। दरअसल, डेरेक के निलंबन को लेकर शुरू हुए विपक्ष के हंगामे के कारण सदन को कुछ देर के लिए स्थगित कर दिया गया था। जब शाम चार बजे राज्यसभा की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई, तो सभापति जगदीप धनखड़ ने निलंबित सदस्य ओ'ब्रायन को पारित आदेश के अनुपालन में सदन छोड़ने के लिए कहा। बावजूद इसके जब वे सदन से बाहर नहीं गए। तब धनखड़ ने कहा कहा कि ओ'ब्रायन का सदन में बने रहना आदेश का गंभीर उल्लंघन और जानबूझकर की गई अवहेलना है। इसके बाद, सदन के नेता पीयूष गोयल ने इस मुद्दे को राज्यसभा की विशेषाधिकार समिति को भेजने के लिए नियम 192 के तहत एक प्रस्ताव पेश किया।

**पड़ा भारी**

8 धनखड़ ने कहा कि डेरेक का सदन में बने रहना आदेश का गंभीर उल्लंघन और जानबूझकर की गई अवहेलना है।

## 64 लोगों के शव परिजनों को सौंपे गए

**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**
गत मई में राज्य में जातीय संघर्ष शुरू होने के बाद से मणिपुर के मुर्दाघरों में रखे कुकी और मैतई समुदाय के 64 पीड़ितों के शवों को कड़ी सुरक्षा के बीच परिजनों को सौंप दिया गया।

**परिजनों को सौंपे गए मृतकों के शव:** जेएनआईएमएस और रिम्स अस्पतालों रखे कुकी समुदाय के 60 सदस्यों और आदिवासियों के प्रभुत्व वाले जिले चूड़चंदपुर के मुर्दाघर में रखे मैतई समुदाय के चार लोगों के शव कड़ी सुरक्षा के बीच इंफाल लाए गए और अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंपे गए।



**मणिपुर हिंसा में 170 लोगों की मौत:** मणिपुर में हुए जातीय संघर्ष में 170 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और सैकड़ों लोग घायल हो गए थे। गत अगस्त में सुप्रीम कोर्ट ने हिंसा प्रभावित मणिपुर में जांच, राहत, मुआवजा, उपचारात्मक उपायों और पुनर्वास की जांच के लिए हाई कोर्ट के तीन पूर्व न्यायाधीशों जस्टिस गीता मित्तल, जस्टिस शालिनी जोशी और जस्टिस आशा मेनन की समिति गठित की थी। समिति की रिपोर्ट पर शीर्ष अदालत ने पूर्वोत्तर राज्य में जातीय हिंसा में मृत लोगों को दफनाने अथवा दाह संस्कार करने के निर्देश जारी किए।

## तेलंगाना विधानसभा सर्वसम्मति से चुने गए स्पीकर प्रसाद कुमार

**हैदराबाद।** आज सदन आरंभ होते ही प्रोटेम स्पीकर अकबरुद्दीन ओवैसी ने घोषणा की कि गद्दाम प्रसाद कुमार को सर्वसम्मति से स्पीकर चुने गए है। बाद में, सीएम रेवंत रेड्डी, विपक्ष भारत का राष्ट्र समिति के विधायक केटीआर के साथ-साथ सत्ता पक्ष और विपक्षी दलों के सदस्यों ने प्रसाद कुमार को बधाई दी। मुख्यमंत्री रेवंत और उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क और अन्य नेता उन्हें स्पीकर की सीट तक ले गए और बैठाया. प्रसाद कुमार अध्यक्ष पद के लिए एकमात्र उम्मीदवार थे और चुनाव सर्वसम्मति से हुआ था।

## बेकरी में गैस सिलेंडर विस्फोट, 15 घायल

**टीम एक्शन इंडिया/हैदराबाद**
हैदराबाद में गुरुवार को एक बेकरी में गैस सिलेंडर विस्फोट हुआ। इस हादसे में कराची बेकरी शॉप में काम करने वाले पंद्रह कर्मचारी घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनमें से छह की हालत गंभीर बताई जा रही है।

**आठ घायलों को डीआरडीओ अस्पताल में भर्ती कराया गया**
पुलिस ने कहा कि विस्फोट शहर के बाहरी इलाके में राजेंद्र नगर पुलिस स्टेशन की सीमा के तहत गगन पहाड़ इलाके में कराची बेकरी की रसोई में हुआ। आठ घायलों को कंचनबाग स्थित अपोलो डीआरडीओ अस्पताल में भर्ती कराया गया।



**घायलों को मिले अच्छी इलाज: मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी**
मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने घटना पर दुख व्यक्त किया और अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि घायलों को अच्छी इलाज मिले। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि घायलों में अधिकतर उत्तर प्रदेश के मजदूर हैं।

## महिला वोटरों के पास होगी चुनावी जीत की कुंजी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सत्ता की कुंजी महिला वोटरों के पास है। पिछले एक दशक में महिला वोटरों की संख्या लगातार बढ़ रही है और इसका असर विधानसभा चुनावों में साफ तौर पर दिखने लगा है। महिला वोटरों की बढ़ती संख्या आने वाले दिनों में और तेज होने वाली है।

**2024 तक 49 फीसद महिला वोटर:** वर्ष 2024 के आम चुनाव तक देश के कुल वोटरों की संख्या में 49 फीसद महिलाओं की होगी। वर्ष 2049 तक तक तो देश के कुल वोटरों में महिलाओं की संख्या 55 फीसद होगी और 45 फीसद पुरूष होंगे। यह बात गुरुवार (14 दिसंबर) को एसबीआई की तरफ से जारी एक विशेष रिपोर्ट में कही गई है। रिपोर्ट ने आंकड़ों के जरिए परोक्ष तौर पर यह भी बताया है कि हाल ही में संपन्न मध्य प्रदेश विधान सभा चुनाव में पूर्व पीएम शिवराज सिंह चौहान की तरफ से घोषित लाड़ली बहना योजना की वजह से यह आकलन किया गया है कि भाजपा को 30-35 विधान सभा सीटों पर जीत मिली है।

**महिलाओं से जुड़ी योजनाओं पर जोर :** रिपोर्ट ने इस बात की तरफ भी ध्यान आकर्षित करवाया है कि कैस देश की इकोनमी में महिलाओं के योगदान को हमेशा कमतर करके आंका गया है। जबकि वैसी महिलाएं जिनको कोई भुगतान नहीं किया जाता, उनका देश के कुल जीडीपी में योगदान 7.5 फीसद के बराबर है। हालांकि अब यह सामान्य तौर पर देखा जा रहा है कि महिला सशक्तिकरण पर जोर है और महिलाओं के लिए कई तरह की स्कीमें लाने की भी होड़ मची हुई है। एक वजह यह भी है कि वोटिंग पैटर्न से साफ हो रहा है कि वोट देने वालों में पुरूषों से ज्यादा महिलाओं की संख्या बढ़ रही है।



# कुरुक्षेत्र: जनकल्याण योजनाओं को गरीबों तक पहुंचाना है सरकार का मुख्य उद्देश्य: धुमन सिंह

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/ शाहबाद (दलबीर मलिक) हरियाणा** सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह ने वीरवार को गांव जंधेड़ी व बेरथली में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने ग्रामीणों से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। साथ में उन्होंने आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनाने की शपथ भी लोगों को दिलाई। उपाध्यक्ष धुमन सिंह ने कहा कि सरकार की योजनाओं पर पहला हक गरीबों का है। प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार मुख्य ध्येय है। हर



जरूरतमंद व्यक्ति के लिए सरकार अंत्योदय की भावना से काम कर रही है। मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के माध्यम से हर परिवार की आय कम से कम 1 लाख 80 हजार रुपये करने के लिए अंत्योदय मेले आयोजित करके स्वरोजगार के लिए लोगों को ऋण उपलब्ध करवाए जा चुके हैं। कौशल रोजगार निगम के माध्यम से नौकरियों में 1 लाख 80 हजार रुपये से कम वार्षिक आय वाले बीपीएल परिवारों के उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी गई है। उस अंत्योदय परिवार के उम्मीदवार को सरकारी नौकरियों की भर्ती में पांच अतिरिक्त अंक दिए जाते हैं, जिसका कोई भी सदस्य सरकारी नौकरी में नहीं है सरकार द्वारा ऐसे गरीबों का चूल्हा चलाने के लिए उन्हें स्वरोजगार से जोड़ रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा मुख्य उद्देश्य हर एक व्यक्ति को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोडना है। साढ़े नौ सालों में मोदी सरकार और 9 सालों में मनोहर सरकार की जो योजनाएं बनी हैं, यदि कोई व्यक्ति उन योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गया है तो उन्हें योजनाओं से जोडक? लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी-मनोहर सरकार का ध्येय सरकारी योजनाओं को गरीब के घर तक पहुंचाना है। आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं हैं, जिन्हें इस यात्रा के जरिए जनता के समक्ष रखा जा रहा है। एलईडी युक्त वैन में सरकार की विभिन्न योजनाओं को दिखाया गया और विभिन्न विभागों से संबंधित अंत्योदय पर आधारित स्टॉल लगाकर आमजन को जागरूक करते हुए लाभान्वित किया गया। उन्होंने अधिकारियों व ग्रामीणों के साथ स्टालों का अवलोकन किया।

## आप की पद यात्रा को लेकर प्रदेश के लोगों में उत्साह

**राई। आम आदमी** पार्टी के शिक्षा शैल जिलाध्यक्ष व खरखौदा हलका प्रभारी मास्टर सतनारायण आंतिल ने कहा कि आप पार्टी की मुहिम के तहत यात्रा को लेकर पार्टी कार्यकर्ता में उत्साह है। आप पार्टी 90 की 90 विधानसभा सीटों के साथ लोकसभा की 10 सीटों पर जीत अर्जित करेगी। वे 21 दिंसबर को होने वाली पार्टी की पद यात्रा को लेकर संबोधित कर रहे थे। आप नेता आंतिल ने कहा कि आज कांग्रेस और बीजेपी का जन आधार लगातार घट रहा है और आप पार्टी का जनाधार बढ़ रहा है। जब हरियाणा के हर घर से झाड़ू निकलेगी तो पन्ना प्रमुखों के ऊपर भी झाड़ू फेरने का काम किया जाएगा और भाजपा को जड़ से उखाड़ जाएगा। उन्होंने कहा एसवाईएल पर सिर्फ राजनीति हो रही है जबकि आप पार्टी के आने के बाद एसवाईएल का पानी भी जरूर हरियाणा में आएगा।

## आनलाईन फ्राड से बचने के लिए हर नागरिक का जागरूक होना जरुरी

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) आमजन को साईबर** अपराधों और उनसे बचने के बारे में जागरूक करने के लिए पुलिस विभाग द्वारा प्रयास लगातार जारी है । पुलिस अलग-अलग तरीकों से आमजन को जागरूक करने में जुटी है। पुलिस ने इस विषय बारे अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने का बीड़ा उठाया है। पुलिस विभाग द्वारा जहां शिक्षण संस्थानों में विधार्थियों को जागरूक कर रही है वहीं आम लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें हैं। जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री सुरेन्द्र सिंह भोरिया ने बताया कि साईबर ठगों के निशाने पर हर वह आदमी है, जो किसी भी डिजिटल माध्यम से जुड़ा है। फिर चाहे वह इंटरनेट मीडिया हो या फिर इंटरनेट बैंकिंग। बदलते वक्त के साथ साईबर ठगों ने अपने पैंतरे भी बदले हैं। साईबर ठग इंटरनेट मीडिया के जरिए लोगों के पास किसी कभी एप्लीकेशन के माध्यम से फ्रैंड रिक्वेस्ट भेजते हैं, कभी पेंसन स्कीम का लालच देते हैं, कभी फर्जी लोन एप्प के माध्यम से, कभी बिना आर्डर का पार्सल भेजकर तो कभी कॉल फॉरवर्डिंग



करके और कभी किसी व्यक्ति की ई-मैल, व्यटसअप, टेलीग्राम, फेसबुक आईडी को हैक करके शातिर उनको साईबर ठगी का शिकार बनाने से नहीं चुकते। इन सब तरीको से वो व्यक्ति के बारे में समस्त जानकारियाँ जुटा लेते हैं। उसके बाद वह उनकी निजी फोटो/बैंक खातों से संबंधी जानकारी भी एकत्रित कर लेते हैं और अपने जाल में फंसाकर उनके खाते में जमा पूंजी को खाली कर देते हैं।
ऐसे में आमजन को इस बात का ख्याल रखना चाहिए कि वह अपने इंटरनेट मीडिया अकाउंट व बैंकिंग एप्स को सुरक्षित लॉक करके रखें तथा अपनी निजी जानकारी को किसी भी व्यक्ति से सांझा करने से बचें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि साईबर जालसाजी से बचने का सबसे बेहतर तरीका है उसके बारे में जागरूक होना।

# सोनीपत: वाटर वर्क्स कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत नगर निगम** के पूर्वी क्षेत्र में जलापूर्ति के लिए विभिन्न वाटर वर्क्स पर लगे कर्मचारियों ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम में रजिस्टर्ड करवाने के लिए मुख्यमंत्री के नाम भाजपा नेता एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन को ज्ञापन सौंपा है। भाजपा नेता ने कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि वह जल्दी इस सम्बन्ध में अधिकारियों से बात कर समस्या का समाधान करवाएंगे। कर्मचारियों ने बताया कि लगभग 70 कर्मचारी पिछले दस वर्षों से शहर की पेयजल आपूर्ति के लिए ठेकेदार के माध्यम से काम कर रहे हैं जिनमें से 36 कर्मचारियों को वर्ष 2022 में कौशल रोजगार निगम में रजिस्टर्ड कर दिया गया था और कौशल रोजगार निगम की तरफ से नियुक्ति पत्र भी जारी कर दिए गए थे। कर्मचारियों को रोजगार निगम के माध्यम से ज्वाइनिंग देने की फाइल भी चली परन्तु अधिकारियों ने जान भुजकर अड़ंगा लगा दिया और कौशल रोजगार निगम से नियुक्ति रद्द करवा दी गई। कर्मचारियों ने बताया कि वह सभी से गुहार लगा चुके हैं परन्तु कोई सुनवाई नहीं हो रही। कर्मचारियों का कहना है कि सरकार ठेकेदारी प्रथा समाप्त कर रही है तो हमारा नाम भी कौशल रोजगार निगम में रजिस्टर्ड करवाया जाये ताकि हमारी नौकरी सुरक्षित रह सके और पूरा वेतन मिल सके । ज्ञापन देने वालों में पवन, राजू, प्रवीण, अजय, सोनू, प्रदीप, जितेंद्र, नरेंद्र, दीपक, जितेंद्र, शिव कुमार, रविंद्र, सुरेश और प्रदीप आदि शामिल रहे।

## सतयुग दर्शन ट्रस्ट ने ब्रह्मसरोवर परिसर में निकाली जागरुकता यात्रा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)अंतरराष्ट्रीय** गीता महोत्सव के दौरान वीरवार को सतयुग दर्शन ट्रस्ट के सदस्यों ने पैदल जागरूकता यात्रा निकाली। यात्रा में शामिल ट्रस्ट के सदस्यों ने मानव धर्म को अपनाते हुए श्रेष्ठ बनने का संदेश दिया। इस दौरान सतयुग दर्शन ट्रस्ट के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। प्रस्तुति द्वार बच्चों ने सभी को सिखाया कि हमें सब सबको मिल जुलकर रहना चाहिए। ट्रस्ट के सदस्यों ने स्टॉल नंबर 613 से लेकर द्रौपदी घाट तक पैदल जागरूकता यात्रा निकाली। यात्रा में ट्रस्ट के स्थानीय अध्यक्ष एचसी मुंजाल, सदस्य जितेंद्र अरोड़ा, शशि वर्मा, लक्की मुंजाल, कांता मुंजाल, अमित अरोड़ा, कुलभूषण गाबा सहित अंबाला, रायवाली और लाडवा के सज्जनों ने भाग लिया। आओ जागे और जगाएं, सतयुग की ओर कदम बढ़ाए और हम एक ही जोत से उपजे है और एक ही अपना नाता है आदि नारों से सारा वातावरण गूंज उठा। एचसी मुंजाल ने बताया कि स्टॉल नंबर 613 पर ध्यान कक्ष लगाया गया है।

# बिना सुरक्षा उपकरणों के सफाई करने वालों के पुनर्वास का करेंगे प्रयास: एडीसी

**टीम एक्शन इण्डिया/सोनीपत। अतिरिक्त उपायुक्त** अंकिता चौधरी ने कहा कि सरकार ने हाथों से मैला ढ़ोले तथा सीवरों में बिना सुरक्षा एवं सहायक उपकरणों के उतरने वालों के पुनर्वास की दिशा में विशेष कदम बढ़ाये हैं। इसके लिए जिला व प्रदेश स्तर पर विशेष कमेटियां गठित की जाएगी, जो इस प्रकार के कार्यों की नियमित रूप से जांच करते हुए नजर रखेगी। इस दिशा में विशेष रूप से प्रयास किये जा रहे हैं कि इन कार्यों को हाथों से करने पर पूर्ण लगाम लगाई जाए। हाथों से मैला ढ़ोने व सीवर कार्य करने के संदर्भ में कमेटी गठन को लेकर लघु सचिवालय में गुरूवार को एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी कर रही थी। उन्होंने बताया कि इसकी रोकथाम के लिए जिला स्तर पर उपायुक्त की अध्यक्षता में कमेटी गठित की जाएगी। जनस्वास्थ्य विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है, जिनके साथ आठ सहयोगी विभाग शामिल किये गये हैं। सहयोगी विभागों में प्रमुख रूप से यूएलबी, एचएसवीपी, पंचायती राज, एचएसआईआईडीसी आदि शाामिल हैं। अतिरिक्त उपायुक्त ने निर्देश दिए कि आगामी बैठक से पूर्व सभी सहयोगी विभाग



रिस्पोंसिबल सेनिटेशन यूनिट (आरएसयू) तथा सेनिटेशन रिस्पोंस यूनिट (एसआरयू) का गठन करें। यह अनिवार्य रूप से किया जाना है। साथ ही ऐसे गैर-सरकारी स्वयंसेवी संगठनों को भी चिन्हित करें जो इस कार्य के लिए मदद प्रदान करें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने यहां सीवर कार्य करने वाले कर्मचारियों का बीमा अवश्य करवायें और उन्हें आयुष्मान भारत योजना का लाभ भी जरूर दिलवायें। उन्होंने बताया कि हाथ से मैला ढ़ोने व सीवर कार्य करने वाले कर्मियों को अलग-अलग स्थितियों में 10 लाख व 20 लाख और 30 लाख रुपये तक की मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी। अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने कहा कि किसी भी सूरत में सीवर के अंदर किसी भी कर्मचारी को सीधे न उतारें। कर्मचारी को सहायक एवं सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवाना तथा उनका प्रयोग करवाना सुनिश्चित किया जाए। इस संदर्भ में जिम्मेदारी तय की जाएगी। वर्कर फ्रेंडली तकनीकों को विकसित करें। मशीनों से इस प्रकार का काम लें। यह कार्य करने वाले कर्मियों को सुरक्षा की दृष्टिद से जनस्वास्थ्य विभाग के माध्यम से विशेष प्रशिक्षण भी अवश्य दिलवायें। उन्होंने नोडल विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस मामले में अधिकाधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें। साथ ही संबंधित कर्मियों के पुनर्वास के लिए हर संभव प्रयास किया जाए। इस मौके पर नगराधीश पूजा कुमारी, एचएसवीपी के एसई पवन कुमार, एचएसआईआईडीसी के सीनियर मैनेजर आलोक सिंह, रोबिन भाठला, डीडब्ल्यूओ राजबीर शर्मा आदि संबंधित अधिकारी मौजूद

# भूपेन्द्र हुड्डा से प्रधान जयभगवान आंतिल के नेतृत्व में खाप प्रतिनिधि मंडल मिला

### प्रधान जयभगवान आंतिल ने हलके की समस्याओं को विधानसभा में उठाने की मांग की

**टीम एक्शन इण्डिया/राई। आंतिल बारहा** खाप के प्रधान जयभगवान आंतिल के नेतृत्व में खाप का एक प्रतिनिधि मंडल पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह से मिला। आंतिल बारहा खाप ने राई हलका की समस्याओं को विधानसभा में उठाने की मांग की। पूर्व सीएम के सामने दुखड़ा रोते हुए खाप प्रधान एवं वरिष्ठ कांग्रेसी जयभगवान आंतिल ने कहा कि भाजपा ने राई की जनता के साथ विश्वासघात किया है। विकास के नाम पर राई हलका काफी पिछड़ गया है। आंतिल बारहा खाप प्रधान एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल ने कहा कि



भाजपा ने विकास के नाम पर जनता को भ्रमित किया है। राई में कोई ऐसा नया प्रोजेक्ट नही आया, जिसका फायदा हलका की जनता को मिले। भाजपा केवल जाति व धर्म के नाम पर गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता अब गांव- गांव जाकर झूठे सपने दिखा रहे हैं। राई के लोगों को चार साल तक भाजपा नेताओं के दर्शन तक नही हुए थे। अब चुनाव नजदीक आया तो गांव- गांव में यात्रा निकाली जा रही है। जनता सब समझ चुकी है। चुनाव में जनता केवल कांग्रेस के पक्ष में मतदान करेगी। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने आंतिल बारहा खाप प्रधान जयभगवान आंतिल से कहा कि जनता के बीच जाकर भाजपा की गलत नीतियों व कांग्रेस का प्रचार करें। ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम करें। इस मौके पर देबी सिंह, रामधन, लक्ष्मीनारायण, जगबीर आंतिल, जयभगवान प्रधान आदि मौजूद थे।

# कुरुक्षेत्र: ब्रह्मसरोवर के चारों तरफ फैली है भारतीय संस्कृति की महक

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र ब्रह्मसरोवर** के पावन तटों पर भारतीय संस्कृति की महक को दूर-दूर तक महसूस किया जा रहा है। इस संस्कृति की महक का एहसास करने के बाद एकाएक देश-विदेश के लोग अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव की ओर खिंचे चले आ रहे है। इस महोत्सव में जहां शिल्पकार अपनी शिल्पकला से पर्यटकों को मोहित कर रहे है, वहीं विभिन्न प्रदेशों के लोक कलाकार पर्यटकों का खुब मनोरंजन कर रहे है। अहम पहलू यह है कि ब्रह्मसरोवर की सदरियों में लगे स्टॉलों में भारतीय संस्कृति को दर्शन करवाती अदभुत शिल्पकला से भारतीय संस्कृति की महक चारों तरफ फैल चुकी है और यहां पर आने वाले पर्यटक इसका जमकर आनंद उठा रहे है। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव शिल्प और सरस मेले के 8वें दिन सुबह और शाम के समय दूर-दराज से आने वाले पर्यटकों का विभिन्न प्रदेशों के लोक कलाकार मनोरंजन करने का काम कर रहे है। उत्तरी तट पर जहां राजस्थानी लोक कलाकार कच्ची घोड़ी नृत्य की प्रस्तुती देकर पर्यटकों को नृत्य करने के लिए उत्साहित कर रहे है, वहीं उत्तर पश्चिमी तट पर बीन-



बांसुरी की धुन पर लोक कलाकार भी पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे है। इस पावन तट के चारों तरफ किसी न किसी प्रदेश के कलाकर, बाजीगर, बहरुपिए भी पर्यटकों को लुभा रहे थे। वीरवार को इस शिल्प मेले की रौनक को बढ़ाने का काम विभिन्न राज्यों से आए पर्यटकों व विद्यार्थियों ने किया। आसमान में खिली धूप ने महोत्सव के माहौल को और भी मनमोहक कर दिया, महोत्सव में आए विद्यार्थियों व पर्यटकों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का जमकर लुत्फ उठाया। बच्चों, जवान और बुजुर्गों ने महोत्सव में जमकर खरीददारी की और विभिन्न प्रदेशों से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान मदमस्त होकर नृत्य किया। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि प्रशासन की तरफ से महोत्सव में पर्यटकों, शिल्पकारों, कलाकारों के लिए अच्छे प्रबंध किए गए है और यह सरस और शिल्प मेला पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।

महोत्सव में 17 दिसंबर से शुरू होने वाले मुख्य कार्यक्रमों के लिए केडीबी और प्रशासन द्वारा सभी तैयारियों पूरी की जा रही है ताकि महोत्सव में आने वाले पर्यटकों को महोत्सव के दौरान सुखद अनुभूति मिले और वह यहां से अच्छी यादें अपने साथ लेकर वापिस जाएं।

# फरीदाबाद: निसान ने व्हाइट लोटस ट्रस्ट के साथ मिलाया हाथ

**टीम एक्शन इण्डिया/फरीदाबाद।** निसान मोटर इंडिया (एनएमआईपीएल) ने अपने कापोर्रेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) पहल के तहत, व्हाइट लोटस ट्रस्ट के सहयोग से ह्यब्लॉसम बसह्व प्रोजेक्ट शुरू किया है। इस प्रोजेक्ट के जरिए, हरियाणा में हथीन स्थित गवर्नमेंट सीनियर सेकंडरी स्कूल में पढ़ रही लड़कियों के लिए सुरक्षित और किफायती यातायात का बंदोबस्त किया जा रहा है। इस पहल के तहत, राज्य के आठ गांवों (स्वामीका, घिग्राका, घिरगृहिका कालोनी, गढ़ी विनोदा और फिरोजपुर राजपूत) की लड़कियों के लिए एक बस सेवा का संचालन किया जाता है ताकि उन्हें स्कूल आने-जाने के लिए उनकी आर्थिक स्थिति के अनुरूप सुरक्षित साधन उपलब्ध कराया जा सके। यह बस सेवा स्कूली छात्राओं की सुरक्षा और वित्तीय चुनौतियों का समाधान पेश करती है। विव 2021 में शुरू की गई ह्यब्लॉसम बसह्व पहल हर दिन इन गांवों के बीच दो चक्कर लगाती है, उल्लेखनीय है कि इस पहल के बाद से स्कूल में पढ़ने वाली लड़कियों की संख्या 409 से बढ़कर 626 हो गई है। साथ ही, उनकी आर्थिक और सुरक्षा संबंधी चुनौतियों के कम होने से ड्रॉपआउट की दर भी घटी है, जो कि स्थानीय समुदायों में लड़कियों की शिक्षा जारी रखने के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। राकेश श्रीवास्तव, प्रबंध निदेशक, निसान मोटर इंडिया ने कहा, निसान में हमें अपने सीएसआर प्रयासों पर गर्व है जो न सिर्फ शिक्षा तक पहुंच को सुगम बना रहे हैं बल्कि आवागमन में आजादी दिलाकर जीवन की गुणवत्ता को भी बेहतर बना रहे हैं। व्हाइट लोटस ट्रस्ट के साथ हमारी भागीदारी ने शिक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत बनाया है, जिसमें मोबिलिटी समाज की बेहतरी में योगदान करती है। हम इस पहल से मिलने वाले प्रभाव से प्रेरित हुए हैं क्योंकि इसने समाज में महिलाओं और युवतियों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित कर उनके जीवन में बदलाव की राह आसान बनायी है।

# प्रज्वल ने प्राप्त किया रूरल गेम स्टेट स्केटिंग कॉम्पिटिशन में प्रथम पुरस्कार

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) पर्ल इंटरनेशनल स्कूल,** कुरुक्षेत्र के चौथी कक्षा के छात्र प्रज्वल शर्मा ने 7 दिसंबर 2023 को पुलिस स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, अम्बाला सिटी में आयोजित रूरल गेम स्टेट स्केटिंग कॉम्पिटिशन 2023 में प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर पर्ल इंटरनेशनल स्कूल व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। इसके साथ की कक्षा चौथी के छात्र सिदकदीप ने भी इस प्रतियोगिता में भाग लिया व अच्छा प्रदर्शन कर सर्टिफिकेट प्राप्त किया। स्कूल के प्रबंधक रोशन लाल गुप्ता ने प्रज्वल व उसके पिता दीपक कुमार व माता को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह पराज्वल की कड़ी मेहनत का ही परिणाम है कि उसने राज्य स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त किया है। शिक्षा के साथ-साथ खेल से बच्चों का शारीरिक विकास, संज्ञानात्मक विकास, संवेगात्मक विकास, सामाजिक विकास एवम् नैतिक विकास को बढ़ावा मिलता है।

# गौ रक्षा दल के सदस्यों ने मांस से भरी गाड़ी को पकड़ा

**टीम एक्शन इण्डिया/गन्नौर।** जीटी रोड पर भिगान टोल प्लाजा के पास बृहस्पतिवार को गो रक्षकों ने मांस से भरी एक गाड़ी पकड़ी है। मांस को नारियल के नीचे छिपा कर ले जाया जा रहा था। गो रक्षकों ने गाड़ी व चालक को मुरथल पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित आसिफ गांव गुंगरू, जिला शामली, यूपी का रहने वाला है। वह अवैध रूप से मांस लेकर दिल्ली की तरफ जा रहा था। गो रक्षकों ने गुप्त सूचना पर उसे भिगान टोल प्लाजा पर पकड़ लिया। मुरथल थाना में दी



शिकायत के अनुसार गो रक्षक मालवीय नगर सोनीपत के रहने वाले आनंद कुमार 14 दिसंबर की सुबह अपने साथियों के साथ भिगान टोल प्लाजा के पास मौजूद था। उन्होंने गुप्त सूचना पर दिल्ली की तरफ जा रही एक पिकअप बोलेरो को रुकवा लिया।

तालाशी लेने पर उसमें नारियल के नीचे मांस भरा हुआ मिला। उनका कहना है कि गाड़ी में गोमांस भर कर दिल्ली की तरफ ले जाया जा रहा था। इसके बाद उन्होंने गाड़ी चालक आसिफ को गाड़ी सहित मुरथल पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने आनंद कुमार की शिकायत पर हरियाणा गोवंश संरक्षण एवं गोवर्धन अधिनियम के तहत आसिफ के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पार्षद ने विकास कार्य के लिए अधिकारियों के साथ किया दौरा

**टीम एक्शन इण्डिया/राई। नगर निगम** के वार्ड 8 गांव राई में विकास कार्य करवाकर ग्रामीणों की समस्याओं को दूर करवाने के लिए निगम पार्षद एवं भाजपा उपाध्यक्ष पुनीत राई ने अधिकारियों के साथ वार्ड में दौरा किया। हाल में गांव में जो निर्माण कार्य शुरू होने है, उसके लिए सर्वे करवाया और बेहतर गुणवतायुक्त सामग्री से कार्य करनवाने की अपील की। नगरनिगम के अधिकारी सोमबीर, सुरेश लोहान, रामकरण, सचीन, राकेश त्यागी, राकेश कौशिक, देव सरोहा,



पंकज, अनिल, सौरव आदि मौजूद थे। पुनीत राई ने कहा कि अपने वार्ड में विकास कार्य करवाना उनकी प्राथमिकता है। वार्ड में गंदे पानी की निकासी का समाधान ही उनकी प्राथमिकता है। वार्ड से गंदे पानी की निकासी के लिए लाखों रुपएं खर्च किए जाएंगे।

# मुख्यमंत्री ने की अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने की घोषणा

## प्रदेश की सभी 2274 अनियमित कॉलोनियों की अधिसूचना को पूरा करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी, 2024 तय

**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

**हरियाणा** में संस्थागत शहरी विकास और नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के दृष्टिगत अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने की कड़ी में आज एक बार फिर मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने 13 जिलों की 210 अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने की घोषणा की। इनमें नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग की 103 तथा शहरी स्थानीय विभाग की 107 कॉलोनियां शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने आज यहां प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश की सभी 2274 अनियमित कॉलोनियों की अधिसूचना को पूरा करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी, 2024 तय की है। इनमें नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं जैसे कि सड़कें, सीवरेज, जलापूर्ति और स्ट्रीट लाइट उपलब्ध करवाई



जाएंगी। ऐसी कॉलोनियों के विकास के लिए अलग से 3 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, ताकि कॉलोनियों में विकास कार्य करवाए जा सकें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने अपने 10 साल के कार्यकाल में 874 अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित किया था। जबकि हमारी सरकार द्वारा कुल 1673 कॉलोनियां नियमित की जा चुकी हैं। आज की 210 कॉलोनियां मिलाकर अब तक 1883 कॉलोनियां नियमित हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर आयुक्त एवं जिला नगर आयुक्त की अध्यक्षता में गठित टीम कॉलोनियों को नियमित करने के काम की निगरानी करती है। अनाधिकृत कॉलोनियों की बढ़ती संख्या पर अंकुश लगाने के लिए ड्रोन या सैटेलाइट इमेजरी के माध्यम से नियमित सर्वेक्षण किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अब यदि कोई अनधिकृत कॉलोनियां विकसित होती हैं, इस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए लाइसेंस देने की प्रक्रिया में भी बदलाव किया है। राज्य सरकार ने दीन दयाल उपाध्याय आवास योजना भी बनाई है, ताकि लोग सस्ते मकान ले सकें। सरकार का उद्देश्य यही है कि लोग नियमित कॉलोनियों में ही अपने मकान बनाएं। इस अवसर पर राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव तथा वित्त आयुक्त, राजस्व श्री टीवीएसएन प्रसाद, नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अरुण कुमार गुप्ता, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री वी उमाशंकर, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के आयुक्त एवं सचिव श्री पंकज अग्रवाल, शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव श्री विकास गुप्ता, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ अमित अग्रवाल, मुख्यमंत्री के उप प्रधान सचिव श्री के मकरंद पाण्डुरंग, नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग के निदेशक श्री अमित खत्री, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार श्री बी बी भारती, मीडिया सलाहकार श्री राजीव जेटली, मीडिया सचिव श्री प्रवीण आत्रेय, चीफ मीडिया कॉर्डिनेटर श्री सुदेश कटारिया उपस्थित रहे।

### फसल के खराबे के लिए सरकार ने दिया मुआवजा

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने जुलाई माह में हुई भारी बारिश व बाढ़ के कारण लगभग 12 जिलों में हुए फसली, संपत्ति, पशुधन व वाणिज्यिक संपत्तियों सहित हुए भारी नुकसान के लिए नागरिकों को मुआवजा दिया गया। इसी कड़ी में आज मुख्यमंत्री ने 34,511 किसानों को मुआवजा स्वरूप 97 करोड़ 93 लाख 26 हजार रुपये की राशि दी। मुख्यमंत्री ने आज यहां प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों को दिए गए मुआवजा राशि में 49 हजार 197 एकड़ का वह क्षेत्र भी शामिल है, जिसकी पुनः बिजाई कर दी गई थी। ऐसे क्षेत्र के लिए 7 हजार रुपये प्रति एकड़ की दर से मुआवजा देने की घोषणा पहले ही की गई थी। इसका सर्वे अभी चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 प्रतिशत से लेकर 100 प्रतिशत तक फसलों के नुकसान के लिए यह मुआवजा दिया गया है। अंबाला जिले में लगभग 12.81 करोड़ रुपये, फतेहाबाद में 18.65 करोड़ रुपये, सिरसा में 3.20 करोड़ रुपये, सोनीपत में 5.15 करोड़ रुपये, यमुनानगर में 2.61 करोड़ रुपये और रेवाड़ी में 7 लाख रुपये मुआवजा दिया गया है।

# राजनैतिक क्षेत्र में महिलाओं का रुझान बढ़ाः मालती अरोड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ**

भारतीय जनता महिला मोर्चा की प्रदेश मीडिया प्रभारी मालती अरोड़ा ने जानकारी देते हुए कहा की भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती वानथी श्रीनिवासन तथा प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष श्रीमती सुनीता दांगी के नेतृत्व में महिला मोर्चा लगातार महिलाओं के बीच महिला हितैषी मोदी-मनोहर सरकार की योजनाओं को पहुँचाने का कार्य कर रही हैं।

मालती अरोड़ा ने जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेशाध्यक्ष सुनीता दांगी स्वंय पूरी शिद्दत के साथ



प्रतिदिन लोकसभा, जिला तथा बूथ स्तर तक महिलाओं के बीच जाकर उन्हें योजनाओं के प्रति जागरूक कर रही हैं। प्रदेश भर में महिला मोर्चा की ओर से कई प्रोग्राम चलाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम हो या फिर विकसित भारत जनसंपर्क अभियान,हर प्रोग्राम में महिला मोर्चा की बहने बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। मोदी मनोहर सरकार की नीतियों से प्रभावित हो बड़ी संख्या में बहने महिला मोर्चा से जुड़ रही हैं। उन्होंने कहा की मोदी सरकार द्वारा महिलाओं के लिए जो 33% का आरक्षण बिल पास किया गया उसके बाद तो राजनैतिक क्षेत्र में महिलाओं का रुझान काफी बढ़ गया है। तीन राज्यों में तो महिलाओं ने अपनी ताकत का नमूना दिखा दिया है।

# हरियाणा के राज्य गीत के चयन के लिए विधानसभा में कराया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/अंकुश जैन**

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरुवार को कहा कि जल्द ही हरियाणा को उसका अपना राज्य गीत मिलेगा। शुक्रवार से शुरू हो रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र में इस संबंध में प्रस्ताव रखा जाएगा। मुख्यमंत्री ने यहां प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से सरकार ने 3 गीतों का चयन किया है और ?सदन के पटल पर तीनों गीतों को पेश किया जाएगा। मतों के आधार पर सर्वाधिक वोट मिलने वाले गीत को एक साल के लिए राज्य गीत घोषित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनने के बाद हमने साल में कम से कम 3 विधानसभा के सत्र बजट सत्र, मानसून और शीतकालीन सत्र बुलाने सुनिश्चित किए हैं, ताकि विधायकों को ज्यादा से ज्यादा भागीदारी करने का अवसर मिले। पिछली सरकार में तो 2 ही सत्र बुलाए जाते थे। मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा और पंजाब के मध्य चले आ रहे एसवाईएल मामले को लेकर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र शेखावत की अध्यक्षता में 28 दिसंबर को चंडीगढ़ में दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक होगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार-2023 में ऊर्जा दक्षता सूचकांक में देशभर में हरियाणा को दूसरा पुरस्कार मिला है।

# मोदी के नेतृत्व में भारत जल्द ही बनेगा तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति : धनखड़

## खुडन, एसपी माजरा और गिजारोड में आयोजित कार्यक्रमों में पहुंचे भाजपा राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़ काजल रानी**

फिलहाल भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था है। पीएम मोदी के सशक्त नेतृत्व में जर्मनी और जापान को पछाड़कर भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति और अमृत काल के आगामी 25 वर्षों में वर्ष 2047 तक दुनिया का सिरमौर राष्ट्र बन जाएगा। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने बादली हलके के गांव खुडन एसपी माजरा, गिजरोड में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद में उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए यह बात कही। श्री धनखड़ ने कहा कि देश को दुनिया का सिरमौर राष्ट्र बनाने का संकल्प लेकर जाएं और हर युवा अपनी महती भूमिका निभाए।

राष्ट्रीय सचिव श्री धनखड़ ने कहा कि युवा वर्ग बड़ी सोच और सपने के साथ लक्ष्य तय करें। हमने युवा व्यवस्था में सपना देखा था कि कश्मीर से धारा 370 हटे और अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो। इसके लिए बड़े स्तर पर प्रयास हुए और आज हम अपने सपने साकार होते देख रहे



हैं। केंद्र में भाजपा की मोदी सरकार ने धारा 370 हटा दी, माननीय सुप्रीम कोर्ट ने मुहर लगा दी। अयोध्या में श्रीराम का भव्य राम मंदिर बनकर तैयार हो रहा है और 22 जनवरी 2024 को भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा होगी। यह देशवासियों के लिए गौरव के पल होंगे।

आज की युवा पीढ़ी वर्ष 2047 तक देश को दुनिया का सिरमौर राष्ट्र बनाने का सपना देखे और इस कार्य में मोदी के साथ संकल्प लेकर जुट जाएं।

भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रमों के तहत बादली हलके के गांव खुडन, एसपी माजरा और गिजरोड में लाभार्थियों से सीधा संवाद करते कहा कि मोदी-मनोहर सरकार हर लाभार्थी तक गांव -गांव पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि पहले लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ते थे। अब मोदी के सेवाकाल में अधिकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए मोदी की गारंटी का रथ लेकर गांव-गांव आ रहे हैं।

राष्ट्रीय सचिव ने कार्यक्रम में स्टॉलों का अवलोकन किया, पात्र महिलाओं को गैस कनैक्शन सौंपे, विकसित भारत बनाने के संकल्प की शपथ दिलाई और सराहनीय कार्य करने वाले नागरिकों व छात्रों को सम्मानित किया।

## न्यूज फ्लैश

### हरियाणा विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज से

**चंडीगढ़, 14 दिसंबर।** हरियाणा विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुक्रवार से शुरू होगा। सत्र के दौरान मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने आक्रामक रुख अपनाने के संकेत दिए है।विधानसभा सत्र की पूर्व संध्या पर पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने एकबार फिर कांग्रेस विधायक दल की बैठक ली। बैठक में सदन के भीतर उठाए जाने वाले मुद्दों पर चर्चा हुई। हुड्डा ने बताया कि विधायकों ने यमुनानगर-अंबाला में जहरीली शराब से हुई मौतों, बेरोजगारी, कानून व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति, जींद-कैथल में बच्चों के यौन शोषण, खनन घोटाले,अस्पतालों में डॉक्टर व स्टाफ की कमी, घोटालों, किसानों के बकाया मुआवजे, शिक्षा के गिरते स्तर, पंचायती जमीन, बढ़ते प्रदूषण, गुरुग्राम में प्रदूषित सिंचाई जल सप्लाई और खेल नीति से खिलवाड़ जैसे मुद्दों पर चर्चा के लिए स्थगन और ध्यानाकर्षण प्रस्ताव दिए हैं। इसके अलावा भर्तियों के पेपर लीक, सीईटी, वेटरनरी सर्जन भर्ती घोटाले, लटकी पड़ी भर्तियों को पूरा करने, कौशल रोजगार निगम की कच्ची भर्तियों में धांधली, आरक्षण की अनदेखी, फसलों के मुआवजा, धान व अन्य फसलों की एमएसपी पर खरीद ना होना, खाद और बीज की कमी, बेरोजगारी के चलते युवाओं के पलायन, पंचायती राज संस्थाओं के अधिकारों के हनन, गरीब लोगों के बीपीएल कार्ड काटने, स्वास्थ्य मंत्री द्वारा अपने विभाग का काम छोड़ने समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए प्रस्ताव दिए गए हैं। भूपेंद्र सिंह हुड्डा को विभिन्न वर्गों और संस्थाओं के प्रतिनिधिमंडलों ने भी अपनी मांगों के लेकर ज्ञापन सौंपे है। हुड्डा ने बताया कि टीजीटी भर्ती के फाइनल रिजल्ट के संबंध में, सब्जी मंडी के कलक्टर रेट से संबंधित, किसानों की समस्याओँ के बारे, पुरानी पेंशन बहाली बारे, कौशल रोजगार निगम की कच्ची भर्तियों में धांधली, आरक्षण की अनदेखी, फसलों के मुआवजा, धान व अन्य फसलों की एमएसपी पर खरीद ना होना, पंचायती राज संस्थाओं के अधिकारों के हनन, गरीब लोगों के बीपीएल कार्ड काटने के बारे में ज्ञापन प्राप्त हुए हैं।

### हरियाणा में विधुर व अविवाहित पेंशन लागू

**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ**

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विधुर तथा अविवाहित पुरुषों और महिलाओं को मासिक वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाने की योजना लागू कर दी है। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि इस योजना के तहत राज्य में अब तक 12 हजार 882 विधुर तथा 2026 अविवाहितों की पहचान कर ली गई है। इन्हें दिसंबर 2023 से पेंशन मिलनी शुरू हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने विधुर एवं अविवाहितों को भी सामाजिक सुरक्षा पेंशन देने का निर्णय लिया है और इस पेंशन के लिए 3 लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाले 40 वर्ष आयु के विधुर तथा 1.80 लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाले 45 वर्ष आयु के अविवाहित (पुरुष और महिला) पात्र हैं।

# चंडीगढ़ः कैसे हो सकता है एक प्रदेश में दो कानून

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ**

क्या एक ही विषय पर किसी प्रदेश में दो कानून हो सकते हैं? एक राज्य विधानसभा सदन द्वारा अमुक विषय पर बनाया गया कानून और दूसरा सदन द्वारा उसी विषय पर मौजूद केंद्रीय कानून (अर्थात संसद द्वारा बनाए गए कानून) को अपनाकर उस प्रदेश में लागू करने के सम्बन्ध में हालांकि उसी विषय पर राज्य विधानसभा द्वारा पहले से ही बनाये गये कानून को विधानसभा सदन से निरसन (रद्द) कराए बगैर. ऐसा सुनने और पढ़ने में भले ही आश्चर्यजनक लगे, परन्तु सत्य यही है. पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के एडवोकेट हेमंत कुमार ने हरियाणा में मौजूद ऐसे दो कानूनों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आज से 6 वर्ष पूर्व 25 जनवरी 2018 को प्रदेश में मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व वाली पहली भाजपा सरकार द्वारा तत्कालीन राज्यपाल कप्तान सिंह सोलंकी से केंद्र सरकार द्वारा अगस्त, 2010 में संसद द्वारा बनाये गए "क्लीनिकल स्थापन (रजिस्ट्रीकरण एवं विनियमन), 2010" को एक अध्यादेश जारी करवाकर हरियाणा में उसे अपनाकर तत्काल प्रभाव से प्रदेश में लागू कर दिया था जो आज भी लागू है. उसके पश्चात प्रदेश सरकार ने मार्च, 2018 में विधानसभा के तत्कालीन बजट सत्र में उस अध्यादेश को एक विधेयक अर्थात हरियाणा क्लीनिकल स्थ पन (रजिस्ट्रीकरण एवं विनियमन) अंगीकरण विधेयक, 2018 के रूप में पारित करवा लिया जिसके बाद तत्कालीन राज्यपाल ने 22 मार्च 2018 को इसे स्वीकृति प्रदान कर दी एवं यह पूर्ण कानून बन गया हालांकि यह इसके अध्यादेश जारी होने की पिछली तारीख से अर्थात 25 जनवरी 2018 से लागू माना गया.

# 'धरने पर बैठे सफाई कर्मचारियों को "आप" का समर्थन'

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता ने वीरवार को जिला पार्टी कार्यालय से प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि 15 दिसंबर से आम आदमी पार्टी की बदलाव यात्रा शुरू हो रही है। "ईब हरियाणा के लाल ने, एक मौका केजरीवाल ने" के नारे के साथ प्रदेश की 90 विधानसभाओं में बदलाव यात्रा निकाली जाएगी। 15 दिसंबर से लेकर 24 दिसंबर तक आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता बदलाव का संदेश देंगे। उन्होंने कहा कि चार जगह फरीदाबाद, महेंद्रगढ़, सिरसा और पंचकुला से यात्रा शुरू होगी। आम आदमी पार्टी ने शिक्षा, बिजली, चिकित्सा, पानी, नौकरी,



किसान, जवान और महिलाओं के सम्मान के क्षेत्र में जो काम दिल्ली और पंजाब में किए हैं, उनसे हरियाणा की जनता को अवगत कराएंगे। इससे पहले, उन्होंने पिछले 65 दिन से धरने पर बैठे सफाई कर्मचारियों को समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि आज पूरे प्रदेश में सफाई कर्मचारी हड़ताल पर हैं, गुरुग्राम में भी दो महीने से ज्यादा समय से हड़ताल चल रही है। सफाई कर्मचारियों को 15 हजार रुपए सैलरी मिलती थी, अब उसको घटा कर हरियाणा का जो मिनिमम रेट है 10 हजार के आसपास उस पर ले आए हैं। इसके अलावा 3 हजार से ज्यादा कर्मचारियों के हटाने की कवायद गुरुग्राम नगर निगम ने की है, उसके खिलाफ जो धरना चल रहा है उसका आम आदमी पार्टी ने समर्थन किया है। जबकि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली और पंजाब में कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने का काम किया है। उन्होंने खट्टर सरकार ने कर्मचारियों को परेशान न करने की मांग की और कहा कि हरियाणा में ऐसा कोई वर्ग नहीं है जो हड़ताल पर न हो। चाहे आशा वर्कर्स हो, क्लर्क हो, डॉक्टर हो या सरपंच हो सभी खट्टर सरकार से तानाशाही रवैये से असंतुष्ट हैं। उन्होंने कहा कि बदलाव यात्रा के माध्यम से आम आदमी पार्टी सभी कर्मचारी वर्गों की आवाज को मजबूत करने का काम करेंगे।

# पेट्रोल पंप लूटने की तैयारी में पुलिस ने दबोचे 5 बदमाश

**सिरसा।** गुरुवार को खंड कालांवाली में रोड़ी पुलिस द्वारा सुरतिया रोड़ पर नहर के पास बने खाली पुराने कोठा में पेट्रोल पम्प लूटने की योजना बना रहे 5 युवकों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से डंडा, तलवार, गंडासी,लोहे की पाइप व बैटरी बरामद की गई है। पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है। रोडी थाना एसएचओ एसआई रामचनन्द्र ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर जटाना रोड़ बस अड्डा गाव रोड़ी मौजूद थी। सूचना मिली कि सुरतिया रोड़ पर नहर से आगे बने खाली पड़े पुराने कोठा मे कुछ आदमी सुरतिया पेट्रोल पम्प लूटने की योजना बना रहे हैं। पुलिस टीम ने मौके पर रेड की तो पांच युवक लूटपाट की योजना बना रहे थे। पुलिस टीम द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए मौके से 5 नौजवान लड़कों को काबू कर लिया।

रामचंद्र ने बताया कि पकड़े गए युवकों की शिनाख्त गुरबक्श सिह उर्फ गच्छा, सतनाम निवासी रोड़ी, सपनदीप, जसकरण सिह निवासी गांव कुशला थाना जोडकिया पंजाब व अमनदीप उर्फ बूरा निवासी जटाना पजांब के रूप में हुई है। पांचों को पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# 112 पर अभर्द भाषा का प्रयोग करने वाले हो जाए खबरदार

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा पुलिस द्वारा संचालित की जा रही हेल्पलाइन हरियाणा 112 पर तैनात महिलाकर्मी से अपमानजनक भाषा में बात करने वाले लोग सतर्क हो जाए क्योंकि ऐसा करना उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचा सकता है। ऐसे लोगों से हरियाणा पुलिस सख़्ती से निपट रही है और नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। यह जानकारी आज पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान दी गई। इस बैठक में हरियाणा 112 की टीम द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में हरियाणा



112 पर तैनात महिला कर्मचारी के साथ अपमानजनक भाषा का प्रयोग करने वाले लोगों से निपटने को लेकर विचार विमर्श किया गया। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि महिलाओं को सम्मानपूर्ण व सुरक्षित वातावरण देना हमारी प्राथमिकताओं में से एक है। महिला पुलिसकर्मियों से इस प्रकार का व्यवहार कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही होगी। बैठक में इस विषय में रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि ऐसा करने वाले लोगों के फोन पर पहले वार्निंग मैसेज भेजा जाता है और 24 घंटे के लिए उसकी कॉल ब्लॉक कर दी जाती है। संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए इमरजेंसी रिस्पांस व्हीकल पर इसकी सूचना दी जाती है जिसके बाद व्यक्ति की लोकेशन ट्रैक करते हुए उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाती है।

# शिक्षा खर्च 11.76 प्रतिशत कम करना शर्मनाकः कुमारी सैलजा

## सरकार की साजिश हुई कामयाब तो लाखों विद्यार्थी महंगी शिक्षा ग्रहण करने को होंगे मजबूर, गरीब तबका शिक्षा से हो जाएगा बाहर

**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़**

अखिल भारतीय कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य और हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा है कि जिस प्रदेश और देश की सरकारें शिक्षा पर अधिक ध्यान देती है वहां पर विकास ही विकास दिखाई देता है पर हरियाणा में सरकार की अनदेखी के चलते राजकीय विद्यालयों में शिक्षा का स्तर शून्य हो चुका है। एक ओर जहां छोटे से राज्य झारखंड ने शिक्षा का बजट एक साल में दस गुना बढ़ाया है वहीं हरियाणा ने शिक्षा पर खर्च 11.76 प्रतिशत



कम कर दिया है। दूसरी ओर प्रदेश के सरकारी कॉलेजों में शैक्षणिक स्टाफ के 60 प्रतिशत से अधिक पद खाली पड़े हैं, ऐसा लग रहा है कि गठबंधन सरकार ने शिक्षा का प्राइवेट हाथों में देने का पूरा मन बना लिया है। अगर ऐसा हुआ तो सरकार गरीबों के बच्चों को शिक्षा के मौलिक अधिकार से वंचित करने की साजिश कर रही है। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि राज्य सरकारों के बजट पर भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से जो रिपोर्ट जारी गई है उसमें हरियाणा सरकार की असलियत सामने आई है जो वह कहती है कर नहीं रही है। उसने जनता को अपने हाल पर छोड़ दिया है। झारखंड ने शिक्षा खर्च एक साल में दस गुना बढ़ाया है, राजस्थान ने सामाजिक कल्याण की योजनाओं पर खर्च 24 गुना बढ़ाया है पर हरियाणा ने शिक्षा पर खर्च बढ़ाने के बजाए 11.76 प्रतिशत कम कर दिया है। प्रदेश में सरकारी स्कूलों के हालात ऐसे है कि या तो स्कूलों में अध्यापक नहीं है, कहीं अध्यापक हैं तो बच्चे नहीं और जहां दोनों हैं वहां के जर्जर भवन कक्षा चलाने के लायक नहीं हैं। सरकार की अनदेखी बच्चों को सरकारी स्कूल से दूर कर रही है, शिक्षा विभाग द्वारा तैयार किये गए डेटा से पता चला है कि प्राथमिक विद्यालयों में इस वर्ष 1.21 लाख छात्रों की कमी आई है। हरियाणा सरकार निजीकरण एवं स्वहित के लिए हरियाणा के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। पिछले शिक्षा सत्र में प्राइमरी स्कूलों में 1041832 दाखिले हुए थे पर इस साल 920899 दाखिले हुए यानि 120933 दाखिले कम हुए। इससे साबित होता है कि सरकार की शिक्षा नीति और उनके क्रियान्वयन में कही न कही कोई कमी जरूर है।

## न्यूज फ्लैश

### घुटने व कुल्हे का निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 16 दिसंबर को

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा

**विर्क** अस्पताल तथा सुख-दुख संस्था द्वारा घुटने व कुल्हे का निशुल्क मेडिकल कैंप 16 दिसंबर को सुबह 10 बजे विर्क अस्पताल में आयोजित किया जाएगा। यह कैंप दोपहर एक बजे तक रहेगा। घुटने व कुल्हे के स्पेशलिस्ट डा. बलबीर विर्क तथा डा. दक्ष शर्मा कैंप में मरीजों की जांच करेंगे।

यह जानकारी समाजसेवी प्रवेश गाबा ने दी। उन्होंने बताया कि मेडिकल कैंप में एक्सरे सहित विभिन्न टेस्ट निशुल्क किए जाएंगे। उन्होंने शहर के सभी लोगों से शिविर में लाभ उठाने की अपील की।

### संजौली बैनर्जी को ब्रिटेन के किंग प्रिंस चार्ल्स ने रिसेप्शन का दिया न्यौता

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा

**अंतरिक्ष** परी स्वर्गीय कल्पना चावला की तरह कर्ण की धरा की एक और होनहार, काबिल और जुझारू बेटी संजौली बैनर्जी को ब्रिटेन के किंग चार्ल्स सरकार ने अवार्ड के साथ-साथ खास मेहमान की तरह रिसेप्शन का न्यौता दिया है। यूके से डायना, संयुक्त राष्ट्र संघ और मोसेया से संयुक्त राष्ट्र पुरस्कार हासिल करने वाली संजौली बैनर्जी ऐसा विशेष न्यौता हासिल करने वाली देश की सबसे कम उम्र की बेटी हैं। संजौली भारत की 75 मोस्ट पावरफुल व इंस्पायरिंग वूमेन में से एक हैं, जिन्हें प्रिंस चार्ल्स ने विशेष न्यौते पर बुलाया है। विश्व स्तर पर करनाल का नाम आसमां पर ले जाने के लिए बरसों से लिंग समानता, शिक्षा, पर्यावरण व स्वास्थ्य की अलख जगा रही संजौली बैनर्जी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलने वाले इस सम्मान का श्रेय अपने शिक्षक व चिंतक पिता मिहिर बैनर्जी व माता गगन बैनर्जी की प्रेरणा को देती हैं। आजादी के 75वें अमृत महोत्सव पर संजौली सहित भारत व ब्रिटेन की अन्य 74 पावरफुल महिलाओं को भी खास मेहमान बनकर यहां रिसेप्शन का न्यौता दिया गया है, लेकिन हरियाणा व आसपास के राज्यों से ऐसा विशेष सम्मान हासिल करने वाली संजौली अकेली महिला हैं। बकौल संजौली में एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचाने जाने से खुश हूं। मैं युवाओं की शक्ति में विश्वास रखती हूं, मेरा दृष्टिकोण हमारे समाज को सामाजिक रूप से जागरूक और सशक्त देखना है, एक युवा व्यक्ति और इस देश के नागरिक के रूप में ये मेरी प्रबल जिम्मेदारी भी है। सफलता और मुकाम यूं चलकर नहीं आते इसके लिए अथक गंभीर प्रयास करने पड़ते हैं और संजौली बैनर्जी ये प्रयास लगातार मात्र 7 साल की उम्र से कर रही हैं। इस कड़ी में आस्ट्रेलिया के राष्ट्रीय विश्वविद्यालय से अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा अध्ययन में स्नातक और सामाजिक कार्य में स्नातकोत्तर संजौली बैनर्जी ने लिंग समानता, शिक्षा, पर्यावरण व स्वास्थ्य पर जागरूकता की अलख जगाने के लिए विभिन्न समुदायों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया है। इसके अलावा संजौली अपनी बहन के साथ मिलकर उन बच्चों को निशुल्क पढ़ाती हैं जो किसी कारण से शिक्षा से वंचित रह गए।

इस कड़ी में संजौली बैनर्जी ने 2004 में कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ समाज में नई रोशनी जलाने वाली अपनी बहन अन्नया के साथ मिलकर करनाल के गांवों में एक नि:शुल्क मोबाइल स्कूल चलाया, जहां उन्होंने ऐसे बच्चों को पढ़ाया जो पढ़ना तो चाहते थे, लेकिन उनके आर्थिक हालात उन्हें पढ़ने की इजाजत नहीं देते थे और आज भी ये सिलसिला बदस्तूर जारी है। ये स्कूल अब दिल्ली के स्लम एरिया में चल रहा है। दोनों बहनें सामूहिक रूप से दो लाख से अधिक लोगों तक पहुंच चुकी हैं। सैकड़ों छात्र-छात्राओं को इन दोनों ने शिक्षा के अनमोल धन से मालामाल किया है। स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए देशभर में हजारों स्वच्छता उत्पाद बांटे हैं। यही नहीं संजौली को एक दिन के लिए आस्ट्रेलियाई संघीय संसद सदस्य (एमपी) के रूप में काम करने का विशेष सम्मान भी मिल चुका है। इस दौरान संजौली ने तत्कालीन प्रधानमंत्री स्कॉट मारिसन को एक चार्ट भी पेश किया। संजौली ने ब्रिटेन की शेफील्ड यूनिवर्सिटी से एएनयू से एडी एक्सचेंज प्रोग्राम की पढ़ाई भी की है। संजौली को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिली इस खास पहचान से लोगों ने बैनर्जी परिवार को बधाइयां देने का सिलसिला शुरू कर दिया है।

### छाजपुर खुर्द गांव में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

पानीपत/कमाल हुसैन

**विकसित** भारत संकल्प यात्रा का वीरवार को गांव छाजपुर खुर्द में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकारिणी के सदस्य संजय छोक्कर ने शिरकत कर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेते हुए शपथ दिलाई और कहा कि केंद्र व प्रदेश में सरकार बिना किसी भेदभाव के काम कर रही है, निश्चित रूप से 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बनेगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना साकार होगा।

उन्होंने कहा कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य हर एक व्यक्ति को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है।

# संजीवनी का काम कर रही है प्रधानमंत्री आवास योजना: राणा

## प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना के तहत लोगों को दिया 5 हजार करोड़ का लाभ

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा।

**भारतीय जनता** पार्टी के जिला अध्यक्ष योगेन्द्र राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के हर वर्ग से जुड़े लोगों के जीवन को सुगम बनाने को लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की है। वे वीरवार को बल्ला व कुरलन गांव में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम मे लोगों को बतौर मुख्य अथिति संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि हरियाणा में 9 लाख 56 हजार के करीब एलपीजी गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। पूरे प्रदेश में 95 लाख से ज्यादा आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। 19 लाख से ज्यादा किसानों के खाते में 5,000 करोड़ रुपये की राशि प्रधानमंत्री सम्मान निधि के तहत जमा करवाई गई है। इसी कड़ी में 60 हजार से अधिक आवासों का निर्माण करवाया गया है। उन्होंने बताया कि दीनदयाल अंत्योदय योजना नेशनल रूरल के तहत 5 लाख से अधिक महिलाओं को एसएचजी से जोड़ा गया है। विकसित भारत का यह सपना हम सब का सपना है जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के माध्यम से साकार होने जा रहा है।

विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक सरदार बख्शीश सिंह विर्क ने कहा कि 2047 तक हम पूरी तरह से विकसित होंगे इसको लेकर पूरे देश में विकसित भारत संकल्प यात्रा का यह आयोजन किया जा रहा है। यात्रा



का हर गांव में पहुंचने पर लोग गरम जोशी के साथ स्वागत कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि हर घर को नल से जल उपलब्ध कराने के लिए सरकार पूरे प्रयास कर रही है। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों से बातचीत भी की व कुछ पात्र लाभार्थियों को उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन किट भी उपलब्ध कराई।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता वरिष्ठ नेता वीरेन्द्र सिंह चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि सभी विभागों में रोजगार के अवसर प्रदान किये जा रहे हैं, जो नियुक्तियां हो रही है, उनमें पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है। अब युवा प्रशिक्षण लेकर अपने बलबूते नौकरी हासिल कर रहे हैं। आज किसी पर्ची और खर्ची के बिना युवा नौकरी पा रहे हैं, यह विकसित भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए, पहले हमें खुद को विकसित करना होगा, सरकार की जो महत्वकांक्षी योजनाएं हैं उनका लाभ लेकर ही हम विकसित हो सकते हैं। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित की जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी।

इस दौरान सैकड़ों ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग की मोबाइल यूनिट पर अपने स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न प्रकार की जाँच भी करवाई। इस मौके पर कृषि विभाग द्वारा ड्रोन का सफल प्रदर्शन किया गया व मोटे अनाज को लेकर उपस्थित किसानों को जागरूक भी किया गया। इसी के साथ-साथ कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों ने उम्दा प्रस्तुतियां भी दी।

इस मौके पर एसडीएम वीरेन्द्र सिंह ढूल, बीडीपीओ प्रशांत कुमार, सरपंच बल्ला करमचंद, कुरलन गांव के सरपंच प्रदीप कुमार, मंडल अध्यक्ष अमित राणा, दर्शन नंबरदार, चौधरी किदार सिंह, संदीप भारद्वाज संजयपाल आदि मौजूद रहे।

## मोटरसाइकिल चोर काबू, एक मोटरसाइकिल बरामद

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा।

**एंटी** व्हीकल थेफ्ट यूनिट द्वारा आरोपी अमित कुमार उर्फ मि पुत्र सतपाल वासी गढ़ी भरल घरौंडा को जिला कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया गया। आरोपी अमित की निशानदेही पर उनके कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की गई।

पुलिस जांच में पाया गया कि आरोपी अमित ने शिकायतकर्ता सुमित वासी की मोटरसाइकिल 4 अक्टूबर को जीटी रोड पुल तरावड़ी से चोरी कर वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में नामालुम आरोपी के खिलाफ थाना तरावड़ी में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी अमित से पूछताछ में पाया गया कि वह चोरी के मुकदमे में पहले ही जेल में बंद है और पैसों के लालच में उसने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



## एकाग्रता में सहायक है ध्यान-लक्ष्मीनारायण

सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया

**मिशन** फिट सोनीपत अभियान में कार्यरत लक्ष्य स्वस्थ सोनीपत समिति के प्रधान व सूर्यनमस्कार के विश्व कीर्तिमानी लक्ष्मीनारायण ने सोनीपत जिले के गांव अकबरपुर बारोटा के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छात्र छात्राओं को योगाभ्यास के दौरान बताया कि विभिन्न शोधों में ये पाया गया है कि ध्यान के नियमित अभ्यास से एकाग्रता में वृद्धि होती है। यदि विद्यार्थी के मन में भटकाव है तो ध्यान के द्वारा उसको एकाग्रचित किया जा सकता है जिसके परिणामस्वरूप विद्यार्थी का न केवल पढ़ाई मन से करेगा अपितु मन की प्रसन्नता के कारण वह चिंता, अवसाद, तनाव आदि से भी बचा रहेगा। इस अवसर पर "हम" संस्था के हेमंत नांदल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि अज्ञानतावश वर्तमान में दुर्व्यसनों विशेषतया नशे के कारण उनका जीवन बर्बाद हो रहा है।

## जिला में प्रस्तावित कलेक्टर रेट को लेकर प्राप्त आपत्तियों की जन सुनवाई

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा।

**अतिरिक्त** उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा की अध्यक्षता में वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला में प्रस्तावित कलेक्टर रेट को लेकर प्राप्त आपत्तियों की जन सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान आपत्ति दर्ज कराने वाले व्यक्तियों ने कलेक्टर रेट को कम करने व बढ़ाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एडीसी ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित प्राप्त आपत्तियों को लेकर दोबारा से तहसीलदारों के साथ कलेक्टर रेट को कम करने व बढ़ाने के बारे में समीक्षा करें और उसकी



रिपोर्ट शीघ्र अति शीघ्र उपायुक्त कार्यालय में भिजवाएं।

बता दें कि प्रस्तावित कलेक्टर रेट पर जिला भर से करीब 90 लोगों ने आपत्ति जताई। जिनमें सबसे ज्यादा आपत्ति सैक्टर 32, सैक्टर 13, कुंजपुरा रोड, मॉडल टॉउन, अंसल, आईटीआई चौक से बुड्ढा खेड़ा, सैक्टर 12 सहित जिले से आपत्ति आई हुई है, घरौंडा, इन्द्री व असंध में ऐग्रिकल्चर लैंड की आपत्ति आई हुई है। बैठक में करनाल तहसील के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र से संबंधित शेखपुरा सुहाना, सैक्टर 32, 33, अंसल के रेट को लेकर दि करनाल प्रॉपर्टी जिला एसोसिएशन के प्रधान लोकेश मुंजाल, विजय कुमार, किरण ने तथा आईटीआई के पास स्थित एचएसआईडीसी कॉलनी के कलेक्टर रेट निर्धारित करने के लिए जगजीत सिंह चावला ने आपत्ति दर्ज कराई।

## करोड़ों के डायमंड आभूषण चोरी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया/ करनाल/ राजकुमार शर्मा।

**बर्गलरी** स्टाफ की टीम को नौकर द्वारा करोड़ रुपए के डायमंड आभूषण चोरी करने के मामले में बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से डायमंड ब्रेसलेट, डायमंड अंगूठी और विदेशी घड़ी बरामद की है। इस संबंध में 26 अक्टूबर को शिकायतकर्ता जितेंद्र कुमार वासी हाउस नंबर 645, सेक्टर 7 करनाल ने शिकायत दी थी कि वारदात होने से करीब पांच दिन पहले घर में नौकर की जरूरत होने पर किसी जानकार से बात करके सूरज एजेंसी के माध्यम से उसने बिहार के रहने वाले चलित्र नाम के व्यक्ति को नौकर के तौर पर अपने घर पर रखा था। उस समय आरोपी नौकर चलित्र घर में विनोद नाम से आया था। शिकायतकर्ता जितेंद्र का कुंजपुरा रोड पर राज ज्वैल्स के नाम से ज्वैलरी का कारोबार है। रोजाना की तरह रात को शोरूम बंद करके अपने घर पर आकर हम सो गए। शिकायतकर्ता का बेटा चिराग भी अपने कमरे में अपना ब्रेसलेट, अंगूठी और घड़ी उतारकर अलमारी में रखकर सो गया था। जब चिराग सुबह 11 बजे उठा तो उसे अलमारी में अपनी ज्वैलरी नहीं मिली। शिकायतकर्ता और उसके बेटे ने जब घर में अपने नौकर को देखा तो वह कहीं नहीं



मिला। इससे उनको नौकर पर शक हो गया और उन्होंने बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन पर अपने नौकर की तलाश की, पर वह नहीं मिला। घर से डायमंड ब्रैसलेट कीमत करीब पन्द्रह लाख, डायमंड अंगूठी कीमत करीब अस्सी लाख और घड़ी करीब दो लाख कुल करीब 97 लाख की चोरी होने पर शिकायत के आधार पर थाना सेक्टर 32-33 में 26 अक्टूबर को आईपीसी की धारा 381, 454 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। बर्गलरी स्टाफ की टीम द्वारा 6 दिसंबर को दो आरोपी चलित्र मुखिया पुत्र श्रीलाल मुखिया निवासी गांव कदमाहा थाना नदिया जिला सुपौल बिहार हाल ब्रिटेनिया चौंक सुकरपुर कॉलोनी दिल्ली और आरोपी मोहम्मद जाहिर पुत्र मोहम्मद गुलशेर निवासी धौसही थाना फुलपरास जिला मधुबनी बिहार हाल ब्रिटेनिया चौंक सुकरपुर कॉलोनी दिल्ली को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों को 7 दिसंबर को न्यायालय में पेश करके मुकदमे में बरामदगी के लिए दस दिन का रिमांड हासिल किया गया था।

पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी चलित्र और मोहम्मद जाहिर की निशानदेही पर चुराया गया डायमंड ब्रैसलेट और डायमंड अंगूठी बरामद की गई और आरोपियों की ही शिनाख्त पर 13 दिसंबर को कासिद्र पासवान पुत्र कुकरू पासवान निवासी गांव जगतपुर थाना फुलपरास जिला मधुबनी बिहार हाल पटेल नगर गुरुग्राम को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया गया।

## चोरी की बाइक सहित दो आरोपी गिरफ्तार

पानीपत/कमाल हुसैन

**थाना सदर** प्रभारी इंस्पेक्टर जगजीत सिंह ने बताया कि थाना सदर पुलिस की एक टीम बुधवार को रिफाइनरी गोल चक्कर के पास नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान संदिग्ध किस्म के दो युवक एक स्पलेंडर बाइक पर गांव ददलाना की ओर से आते दिखाई दिए। युवक पास आने पर पुलिस चैकिंग देखकर बाइक को मोड़कर भगाने का प्रयास करने लगे। पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए मौके पर ही दोनों युवकों को काबू कर पूछताछ की तो उन्होंने अपनी पहचान मोहित पुत्र बलवान व अमन पुत्र रतन सिंह निवासी बल्ला करनाल के रूप में बताई। बाइक के कागजात मांगने पर दोनों बहाने बाजी करने लगे। पुलिस टीम ने गहनता से पूछताछ की तो आरोपियों ने उक्त बाइक बीते जून में सिठाना गांव के नजदीक पेट्रोल पंप से चोरी करने बारे स्वीकारा। बाइक चोरी की वारदात बारे थाना सदर में रजत पुत्र बलवान निवासी जीतगढ़ की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है। इंस्पेक्टर जगजीत सिंह ने बताया की पूछताछ में दोनों आरोपियों ने पुलिस को बताया वह चोरीशुदा बाइक को बेचने के लिए बुधवार को वह ग्राहक की फिराक में घूम रहे थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से चोरी की एक बाइक बरामद कर पूछताछ के बाद वीरवार को आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।

## कांग्रेस नेता महेंद्र कादियान का किया गया जोरदार स्वागत

पानीपत/कमाल हुसैन

**पूर्व** मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान हरियाणा कांग्रेस व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में हरियाणा में कांग्रेस का जन सम्पर्क अभियान सफलतापूर्वक चल रहा है। जन जागरूकता अभियान के तहत महेंद्र कादियान ने बिंजोल गांव का दौरा किया। मीटिंग के दौरान ग्राम वासियों ने मौजूदा भारतीय जनता पार्टी सरकार के बारे में नाराजगी जाहिर की फैमिली आईडी, प्रॉपर्टी आईडी के लिए घंटो - घंटो लाइनों में खड़ा होना पड़ता है। महंगाई भी चरम सीमा पर है बेरोजगारी को लेकर जनता का बुरा हाल है युवा बच्चे बगैर नौकरी के घूम रहे हैं इस सरकार हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है इस बार जनता सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है।

## ऑनलाइन सेवाओं से मिली भ्रष्टाचार से मुक्ति : हरविंदर

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा।

**ऑनलाइन** सर्विस व ई-टेंडर व्यवस्था सरकारी खजाने के पक्के खाले के समान हैं, जिनके माध्यम से सरकारी योजनाओं का 100 फीसदी लाभ पात्र व्यक्ति के खाते में पहुंचता है। ऑनलाइन सेवाओं से भ्रष्टाचार से मुक्ति मिली है और पारदर्शिता बढ़ी है। भाजपा के सवा 9 साल के प्रशासन में 19 लाख नए बी.पी.एल. कार्ड बनाए गए हैं। इनमें से घरौंडा हलका के 12.50 हजार कार्ड है। सभी बीपीएल कार्ड धारकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे



और आने वाले समय में इनकी आवास की समस्या को भी दूर किया जाएगा। यह बात आज घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के गांव पिंगली और हसनपुर पहुंचने पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही। पिंगली में सरपंच प्रतिनिधि नरेश शर्मा और हसनपुर में जगबीर सिंह व अन्य ग्रामीणों द्वारा विधायक का स्वागत किया गया। इससे पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया गया। हरियाणा के विकास संबंधी लघु फिल्म दिखाई गई। जन संपर्क एवं भाषा विभाग के कलाकारों ने विकासात्मक गीत प्रस्तुत किए। घरौंडा नगर पालिका के अध्यक्ष हैप्पी गुप्ता ने संकल्प शपथ दिलाई। विधायक कल्याण ने विभिन्न विभागों के तारे में छात्रों द्वारा बनाई गई रंगोली का अवलोकन किया। उन्होंने कहा की यात्रा का उद्देश्य जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाना, पत्रों को उनका लाभ दिलाना, फीडबैक प्राप्त करना है। साथ ही 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्रों की सूची में शामिल करना है।

# करनाल: विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा।

**विकसित भारत** जन संवाद संकल्प यात्रा वीरवार को गांव भूखापुरी व गांव बुढेड़ा खालसा में पहुंची। जहां पर ग्रामवासियों द्वारा इस यात्रा का स्वागत किया गया। गांव बुढेड़ा खालसा में पूर्व विधायक भगवान दास कबीरपंथी और नीलोखेड़ी खंड के गांव भूखापुरी में भाजपा की महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष मीना चौहान ने विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा कार्यक्रम की अध्यक्षता की। नीलोखेड़ी खंड के गांव भूखापुरी में भाजपा की महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष मीना चौहान ने कहा कि 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के माध्यम से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 2047 तक 'आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र' बनाने का संकल्प लिया गया है और उस दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विश्वभर में भारत की छवि एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभरी है।

भाजपा की महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष मीना चौहान ने कहा कि महिलाओं के बारे यदि किसी सरकार ने सोचा है, तो वह केंद्र वह राज्य की भाजपा सरकार है जिसने महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए अनेक योजनाएं चलाई है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई गई योजनाओं में से उज्ज्वला योजना का लाभ ले रही है और इसी



प्रकार प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा को केरोसिन मुक्त बनाया है। उन्होंने कहा कि आज महिलाओं को पंचायती राज चुनाव में 50 प्रतिशत का जो प्रतिनिधित्व मिला है, वह मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी की देन है। मीना चौहान ने बताया कि भाजपा ही ऐसी सरकार है, जिसने महिलाओं को आत्म सम्मान दिया है। प्रदेश सरकार ने बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों के लिए सरकारी योजनाएं चलाई हैं। सरकार विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम गांव व अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि हमें इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए और दूसरे लोगों को भी इन योजनाओं के बारे जागरूक करना चाहिए। इसी प्रकार गांव बुढेड़ा खालसा में पूर्व विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने लोगों को बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से लोगों को सरकार की सभी जानकारियां दी जा रही हैं ताकि लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि आज देश को विश्व में चमकाने का काम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है और इसी प्रकार हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में बनी भाजपा सरकार में प्रदेश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही प्रशासन व शासन में हुए भ्रष्टाचार एवं भाई भतीजावाद को समाप्त करने का काम किया गया है।

पूर्व विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल अपने शासनकाल के नौ साल से अधिक के कार्यकाल में निरंतर गरीबों के हक के लिए न केवल संघर्षरत हैं, बल्कि उन्होंने प्रदेश में ऐसी योजनाएं लागू भी की हैं, जिन्हें गरीब के हितकारी कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं पर सबसे पहला हक गरीबों का है। सरकार की ओर से गरीबों के लिए जितनी अधिक योजनाएं बनेंगी, समाज उतना ही सुखी होगा। सरकार गरीबों और वंचितों के विकास के लिए प्रयत्नशील है। मुख्यमंत्री ने 'अंत्योदय जैसी योजनाएं लागू कर हरियाणा प्रदेश के उन गरीब लोगों का कल्याण करने की बात की जो समाज की स्ट्रीम लाइन से टूटे हुए हैं। उन्होंने व्यवस्था परिवर्तन के लिए किए गए कार्यों की जानकारी दी। इस मौके पर उज्ज्वला योजना के तहत गांव नीलोखेड़ी खंड के गांव भूखापुरी में आयुष्मान योजना में रेखा रानी ने सरकार द्वारा करवाए गए मुफ्त इलाज के बारे में बताया और सरकार का धन्यवाद किया। इस मौके पर पूजा, सोनिया, संतोष, मलकीत व आरती को मुफ्त गैस कनेक्शन दिए गए। इसी प्रकार गांव बुढेड़ा खालसा में रितु, सुमन, रजनीबाला, माया देवी, आरती, सावित्री देवी, तारो देवी को मुफ्त गैस कनेक्शन वितरित किए गए।

## संपादकीय

# जागरूकता से ही रूक सकते हैं महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध

देश में महिलाओं के विरुद्ध बढ़ते अपराध गंभीर चिंता का विषय हैं। महिला अपराधों की यहां अगर हम बात करें तो महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में बलात्कार, हत्या के साथ बलात्कार, दहेज, तेजाब हमले, आत्महत्या के लिए उकसाना, अपहरण, जबरन शादी, मानव तस्करी, आनलाइन उत्पीड़न जैसे अपराध शामिल किए जा सकते हैं। एनसीआरबी की एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2021 में महिलाओं के खिलाफ अपराध में 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई, जबकि बलात्कार के मामले 12 प्रतिशत तक बढ़ गये। बीते 10 वर्षों में महिलाओं के विरुद्ध अपराध में 75 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज हुई है। यह गंभीर और संवेदनशील है कि राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो यानी एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार 2021 में महिलाओं के विरुद्ध प्रति घंटे उनचास अपराध दर्ज किए गए। यानी एक दिन में औसतन छियासी मामले दर्ज किए गए। 2021 में बलात्कार के 31,677 मामले दर्ज हुए, जबकि 2020 में यह संख्या 28,046 थी। इसी तरह अगर राज्यवार महिलाओं के विरुद्ध अपराध की दर देखी जाए तो राजस्थान (6,337) पहले स्थान पर है, फिर मध्य प्रदेश (2,947), महाराष्ट्र (2,496), उत्तर प्रदेश (2,845) और दिल्ली (1,250) हैं। बहरहाल , यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि एक प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक में हाल ही में छपी एनसीआरबी (राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो) बताती है कि वर्ष 2022 में यानी कि पिछले साल राजस्थान में बलात्कार के 5399 मुकदमे दर्ज हुए, जो कि देश में सर्वाधिक है। दूसरे शब्दों में कहें तो एनसीआरबी की रिपोर्ट में महिला उत्पीडन में राजस्थान टाप पर है। जानकारी देना चाहूंगा कि वर्ष 2022 के दौरान 45,058, वर्ष 2021 के दौरान 40,738 तथा वर्ष 2020 में 34,535 महिला उत्पीडन केस दर्ज हुए, इनमें जयपुर में वर्ष 2022 में 3479, वर्ष 2021 में 2827 और वर्ष 2020 में 2369 केस दर्ज किए गए। यहां पर बहुत ही संवेदनशील और चिंताजनक पहलू यह है कि बलात्कार मामलों को लेकर सुर्खियों में रहे राजस्थान में सर्वाधिक प्रकरण भीलवाड़ा में दर्ज हुए। भीलवाड़ा, भरतपुर, उदयपुर, अलवर और अजमेर राजस्थान प्रदेश में बलात्कार के सर्वाधिक केस वाले क्षेत्र रहे हैं। यदि हम यहां आंकड़ों पर गौर करें तो भीलवाड़ा में कुल 301, भरतपुर में 288, उदयपुर में 283, अलवर में 253 तथा अजमेर में 206 बलात्कार के केस पाये गये हैं। कुछ समय पहले कोटड़ी क्षेत्र के भट्टी कांड की गूंज पूरे देश में सुनाई दी थी। इतना ही नहीं, विधानसभा चुनाव के दौरान भी बलात्कार की घटनाएं सुर्खियों में रहीं। जानकारी देना चाहूंगा कि नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2022 में राजस्थान में बलात्कार के मामलों में भीलवाड़ा जिला पहले, भरतपुर दूसरे तथा उदयपुर जिला तीसरे स्थान पर रहा। राजस्थान में बलात्कार के सर्वाधिक 5399, उत्तर प्रदेश में 3690, मध्यप्रदेश में 3029 और महाराष्ट्र में 2904 मुकदमे दर्ज हुए। यह लगातार चौथा साल है, जब राजस्थान में बलात्कार के सर्वाधिक मामले सामने आए। राजस्थान में वर्ष 2019 में 5997, वर्ष 2020 में 5310, वर्ष 2021 में 6337 और वर्ष 2022 में 5399 केस दर्ज हुए।

# संसद की सुरक्षा में चूक गंभीर मामला



रोहित माहेश्वरी

> "खास बात यह है कि अमरीका में छिपे बैठे खालिस्तानी आतंककारी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने 13 दिसंबर या इससे पहले संसद पर हमले की खुली चेतावनी भी दी थी। तो क्या पन्नू की धमकी को सुरक्षा एजेंसियों ने हल्के में लिया। एक युवक और एक युवती ने संसद के बाहर भी पीले रंग का धुआं छोडकर सनसनी मचाई। सुरक्षा चूक का मामला २२ साल पहले संसद पर हुए आतंकी हमले तक ही सीमित नहीं है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की हत्या भी सुरक्षा में चूक के चलते ही हुई थी। देश में दूसरे कई नेता भी आतंकी और नक्सली हमलों में अपनी जान गंवा चुके हैं। यूं तो 2001 के आतंकी हमले के बाद संसद के सुरक्षा तंत्र में आमूल-चूल परिवर्तन किये गए हैं, लेकिन लगता है संसद का आंतरिक सुरक्षा तंत्र इस तरह की घटना के लिये तैयार नहीं था"

**देश** के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले संसद भवन में आज सुरक्षा में चूक की दो घटनाएं घटीं। पहली- संसद के बाहर दो लोगों के प्रदर्शन करने और दूसरी- लोकसभा में कार्यवाही के दौरान दर्शक दीर्घा में बैठे दो लोग सदन के बीच में कूदने की। जब दो संदिग्ध सदन में कूदे तो सदन में कुछ धुआं सा उठा। हालांकि, दोनों ही घटनाओं के संदिग्धों को सुरक्षाकर्मियों ने हिरासत में ले लिया है और पूछताछ की जा रही है। यह चौंकाने वाला संयोग था कि नई संसद की लोकसभा में घटना उस दिन सामने आयी, जिस दिन देश संसद पर 22 साल पहले हुए हमले के शहीदों को याद कर रहा था।

दोपहर में जब शून्यकाल समाप्ति की ओर था, अचानक दो युवक लोकसभा की दर्शक दीर्घा से कूदे। वे कुछ नारे लगा रहे थे और उन्होंने जूते में छिपाकर लाए गए रंगीन गैस निकालने वाले पात्र को खोलकर सांसदों को सांसत में डाल दिया। जाहिर है सांसदों में अफरा-तफरी मचनी ही थी। आशंका थी कि उनके पास कोई घातक हथियार न हो। इसी बीच संसद के बाहर भी एक युवती व उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया गया, जो नारेबाजी कर रही थी और एक पीले रंग का धुआं फैला रही थी। निस्संदेह, यह घटना संसद व सांसदों की सुरक्षा में एक चूक थी।

इस घटना ने एक बार फिर से 22 साल पुराने आतंकी घटना की याद ताजा कर दी है, जब पाकिस्तान के आतंकवादी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों ने 13 दिसंबर, 2001 को भारतीय संसद परिसर पर हमला किया था और गोलियों की तड़तड़ाहट से देश सहम उठा था। इस आतंकी हमले में दिल्ली पुलिस के कई जवान समेत नौ लोग शहीद हुए थे. हालांकि, सुरक्षा बलों ने पांचों आतंकवादियों को मार गिराया था।

लोकसभा की ताजा घटना में किसी तरह का नुकसान तो नहीं हुआ है लेकिन इसने हमारी सुरक्षा व्यवस्था में रही खामियों को एक बार फिर से उजागर कर दिया है। दर्शक दीर्घा से लोकसभा में कूदने के बाद सदन को धुएं से भरना कोई छोटी घटना नहीं मानी जा सकती। सबसे बड़ा सवाल तो यही है कि संसद में प्रवेश करने वाले आगंतुकों की जांच-पड़ताल कई स्तरों पर होती है। फिर दोनों युवक जूते में स्प्रे छिपाकर लाने में कामयाब कैसे हो गए? वे हथियार भी जूते में छिपाकर ला सकते थे।

खास बात यह है कि अमरीका में छिपे बैठे खालिस्तानी आतंककारी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने 13 दिसंबर या इससे पहले संसद पर हमले की खुली चेतावनी भी दी थी। तो क्या पन्नू की धमकी को सुरक्षा एजेंसियों ने हल्के में लिया। एक युवक और एक युवती ने संसद के बाहर भी पीले रंग का धुआं छोडकर सनसनी मचाई। सुरक्षा चूक का मामला २२ साल पहले संसद पर हुए आतंकी हमले तक ही सीमित नहीं है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की हत्या भी सुरक्षा में चूक के चलते ही हुई थी। देश में दूसरे कई नेता भी आतंकी और नक्सली हमलों में अपनी जान गंवा चुके हैं। यूं तो 2001 के आतंकी हमले के बाद संसद के सुरक्षा तंत्र में आमूल-चूल परिवर्तन किये गए हैं, लेकिन लगता है संसद का आंतरिक सुरक्षा तंत्र इस तरह की घटना के लिये तैयार नहीं था। इस घटना में कुल 6 लोग शामिल बताए जा रहे हैं। सागर और मनोरंजन सांसद विजिटर पास से लोकसभा में घुसे। वहीं, सदन के बाहर अमोल और नीलम ने पीले रंग का धुआं छोड़ा। इनके पास से कोई फोन या बैग बरामद नहीं हुआ। बाहर से गिरफ्तार हुए दोनों लोगों का दावा है कि ये खुद संसद पहुंचे और उनका किसी संगठन से ताल्लुक नहीं है। पांचवां व्यक्ति गुरुग्राम का विक्की शर्मा है। जिसने हमले से पहले सभी को अपने घर रोका था। पुलिस ने उसे पत्नी समेत अरेस्ट कर लिया है। पुलिस को शक है कि इसी के घर हमले की प्लानिंग हुई थी। छठे व्यक्ति का नाम ललित झा बताया जा रहा है, जो गुरुग्राम में रहता था। यह फिलहाल फरार हैं। पुलिस ने बताया कि सभी 6 लोग ऑनलाइन मिले थे। ऐसा कोई सबूत नहीं मिला, जिससे ये अंदाजा लगे कि इनका संबंध किसी आतंकी संगठन से है।

कूदने वाले युवकों के नाम सागर व मनोरंजन बताए गए। सागर शर्मा उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ का रहने वाला है। सागर शर्मा के बारे में मिली जानकारी के मुताबिक, सागर शर्मा लखनऊ के आलमबाग के रामनगर का रहने वाला है। सागर की मां ने दावा किया है कि सागर घर में यह कहकर निकला था कि वह दिल्ली में किसी धरना प्रदर्शन में शामिल होने जा रहा है। दिल्ली पुलिस ने संसद भवन परिसर में रंगीन धुआं उड़ाने वाली महिला नीलम व उसके साथी को गिरफ्तार किया। नीलम हरियाणा की रहने वाली है। निश्चित रूप से इस सुरक्षा चूक से सुरक्षा तंत्र में खलबली मचनी स्वाभाविक थी, क्योंकि मामला संसद व सांसदों की सुरक्षा से जुड़ा था। पुलिस व खुफिया एजेंसियां पकड़े गए लोगों से गहन पूछताछ कर रही हैं। गिरफ्तार लोगों के घरों से भी पूछताछ की गई है। यहां तक कि मैसूर में मनोरंजन के पिता ने बेटे की हरकत की निंदा की है। उन्होंने बताया कि उनके बेटे ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई की, लेकिन नौकरी नहीं कर पाया। वह गांव में पुश्तैनी जमीन पर खेती करता था। हमें समझ में नहीं आया उसने ऐसा क्यों किया, हमने उसे अच्छी तालीम व संस्कार दिए हैं। निस्संदेह आप संसद के बाहर प्रदर्शन कर सकते हैं, लेकिन इस तरह के कृत्य को किसी तरह उचित नहीं ठहराया जा सकता। इस तरह की अराजकता लोकतंत्र में अक्षम्य ही है। बहरहाल, मामले में चूक की जांच के लिये विशेष दल गठित किया गया है। बताया जा रहा है कि संसद के बाहर तानाशाही नहीं चलेगी का नारा लगाने वाली नीलम जींद जिले के उचाना के एक गांव की है। नीलम के परिजन भी कहते हैं कि उसने ऊंची शिक्षा की डिग्री के अलावा यूजीसी का नेट भी क्वॉलीफाई किया था और वह अपनी बेरोजगारी को लेकर हताशा में थी। संयोग की बात कि किसी के परिवार को नहीं पता था कि उनके बच्चे दिल्ली गए हैं और ऐसा कृत्य कर सकते हैं। सागर शर्मा मैसूरु से लोकसभा सदस्य प्रताप सिम्हा की अनुशंसा के आधार पर मिले पास के जरिये दर्शक दीर्घा तक पहुंचा था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में कुछ नेताओं ने सुरक्षा प्रोटोकॉल में कमियों की ओर इशारा किया। निस्संदेह, संसद दीर्घा तक लोग सांसद द्वारा बनाये पास के जरिये ही पहुंचते हैं। वैसे संसद की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी लोकसभा के अधीन काम करने वाली पार्लियामेंट सिक्योरिटी सर्विस की होती है। सत्र के दौरान बाहर केंद्रीय सुरक्षा बलों, आईटीबीपी, इंटेलिजेंस ब्यूरो, एसपीजी, एनएसजी आदि की उपस्थिति अलग से रहती है। तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी ने कहा कि गृह मंत्री को संसद की सुरक्षा में इस गंभीर चूक की जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने नयी संसद की डिजाइन पर भी सवाल उठाये और कहा कि दीर्घा सांसदों के सिर के ऊपर बनी है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री को जिम्मेदार ठहराया। असल में सुरक्षा व्यवस्था में चूक कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है। बेहतर तो यही होगा कि इस पर राजनीति करने की बजाय चूक के कारणों की समीक्षा तो हो ही, भविष्य में ऐसी घटना न हो इसका बंदोबस्त भी किया जाए। साथ ही सुरक्षा में चूक के लिए जिम्मेदारों की पहचान कर उन्हें सजा भी दी जानी चाहिए ताकि भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति को रोका जा सके।



## कविता

भाषा बहता नीर कबीरा।
देता सबको धीर कबीरा।
भाषा बोली सबकी होती
नहीं तेरी जागीर कबीरा।
सोच-विचार में दिखती है
भाषा की तासीर कबीरा।
लुप्त हो रही हैं भाषाएं
कैसी ये तस्वीर कबीरा।
अपनी बोली से शमार्ते
देखे हमने वीर कबीरा।
अपनी भाषा लगे करेला
और विदेशी खीर कबीरा।
बचपन शिक्षा मां बोली में
पेश करो नजीर कबीरा।
करनी से ही हम मानेंगे
हो तुम कुछ गंभीर कबीरा।
शब्द साधना करने वाले
खींचें बड़ी लकीर कबीरा।

अरुण कुमार कैहरबा

# क्या होगा भाजपा में शिवराज सिंह चौहान और वसुंधरा राजे का सियासी भविष्य ?

**राजस्थान,** मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की सत्ता में वापसी के साथ ही भारतीय जनता पार्टी ने तीनों राज्यों में पुराने चेहरों की जगह नए मुख्यमंत्री का ऐलान कर दिया। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री के लिए विष्णुदेव साय, मध्यप्रदेश में मोहन यादव और राजस्थान में भजन लाल शर्मा को चुना गया है। छत्तीसगढ़ में तीन बार के मुख्यमंत्री रहे रमन सिंह को विधानसभा स्पीकर की कुर्सी सौंपकर सेट कर दिया गया है, लेकिन 18 सालों तक मध्यप्रदेश की सत्ता पर काबिज रहे शिवराज सिंह चौहान और राजस्थान में दो बार की मुख्यमंत्री रहीं वसुंधरा राजे के सियासी भविष्य को लेकर बड़ा सवाल बना हुआ है। अटल-आडवाणी युग में भाजपा ने वसुंधरा राजे, शिवराज सिंह चौहान और डॉ. रमन सिंह को नेतृत्व के लिए चुना गया था। तीनों ही नेताओं ने अपने-अपने राज्य में खुद को क्षेत्रीय छत्रपों के रूप में स्थापित करने में कामयाबी भी हासिल की। लेकिन अब ऐसा वक्त बदला कि मोदी-शाह युग में इन तीनों ही नेताओं को ऐसी जगह पर लाकर खड़ा कर दिया है कि खुद मुख्यमंत्री बनने के बजाय पार्टी के दूसरे नेता के नाम का प्रस्ताव रखना पड़ा। इस तरह से अब यह सवाल भी उठाने लगा है कि क्या अटल-आडवाणी युग के नेताओं की सियासत पर अब विराम लग जाएगा? भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री रहे तीनों नेताओं के साथ व्यवहार तो एक जैसा हुआ लगता है, लेकिन सबका मामला अलग अलग रहा। 2018 तक सभी की पोजीशन बरकरार रही, लेकिन विधानसभा चुनाव में एक साथ सभी के कांग्रेस से हार जाने के बाद सभी एक झटके में हाशिये पर पहुंच गये। वो तो शिवराज सिंह चौहान को ज्योतिरादित्य सिंधिया का शुक्रगुजार होना चाहिये कि सवा साल बाद ही फिर से कुर्सी मिल गयी - और 2023 की जीत के बाद शिवराज सिंह चौहान मान कर चल रहे थे कि उनको तो कोई हटाने की हिम्मत नहीं ही करेगा। मगर, वैसा हुआ नहीं। छत्तीसगढ़ में डॉक्टर रमन सिंह का मामला वसुंधरा राजे से काफी अलग रहा। रमन सिंह चुनावों से पहले तक जहां पूरी तरह निष्क्रिय नजर आये, वसुंधरा राजे लड़ाई वाले मूड में ही देखी गयीं। यहां तक कि चुनाव नतीजे आने के बाद भी वसुंधरा राजे ने अपने समर्थक विधायकों के साथ मीटिंग करना शुरू कर दिया था - और ऊपरवाला ये सब लगातार देख रहा था। राजस्थान में मुख्यमंत्री चुनने के लिए मोदी-शाह ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ से अलग ही रणनीति अपनायी। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह को राजस्थान का पर्यवेक्षक बनाये जाने की वजह भी यूं ही नहीं लगती - बल्कि वसुंधरा राजे के बहाने भाजपा के हर नेता को सबक सिखाने और संदेश देने के लिए ही विशेष रूप से राजनाथ सिंह को राजस्थान भेजा गया था।

## विचार

# एक ही समय में आईआईटी जेईई और एनईईटी दोनों की तैयारी कैसे करें?

विजय गर्ग

**12वीं कक्षा** के बाद आईआईटी-जेईई और एनईईटी सबसे अधिक मांग वाली परीक्षाएं हैं; हर साल लाखों छात्र इसके लिए उपस्थित होते हैं। यह भारत की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक है। आईआईटी-जेईई इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश पाने के लिए एक प्रवेश स्तर की इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा है। नीट (राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा) मेडिकल कॉलेज में प्रवेश पाने के लिए एक प्रवेश परीक्षा है। अधिकांश छात्र तय करते हैं कि आईआईटी जेईई की तैयारी के लिए गणित का चयन करें या एनईईटी की तैयारी के लिए जीव विज्ञान का। हालाँकि, वे आईआईटी जेईई और एनईईटी दोनों परीक्षाओं में उपस्थित होने के लिए पीसीएमबी (भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित और जीव विज्ञान) के सभी उपलब्ध विषयों को एक साथ ले सकते हैं। निस्संदेह, एक साथ दो नावों पर चलना और किनारे तक पहुंचना काफी कठिन है, लेकिन आप इसे कड़ी मेहनत, समर्पण और कड़ाई से अनुशासित अध्ययन चक्र के साथ कर सकते हैं। गणित और जीवविज्ञान दोनों का चयन करने से आपके लिए व्यवसायों की एक विस्तृत श्रृंखला के द्वार खुल जाते हैं जहाँ आप बाद में जा सकते हैं। जेईई और एनईईटी परीक्षाओं को एक साथ पास करने के लिए समान फोकस, दृढ़ता और समय प्रबंधन की आवश्यकता होती है। आईआईटी जेईई और एनईईटी के बीच अंतर जेईई का मतलब संयुक्त प्रवेश परीक्षा है, और उत्तीर्ण उम्मीदवारों को बैचलर इन इंजीनियरिंग (बी.ई.) और बैचलर इन टेक्नोलॉजी (बी.टेक.) जैसे विभिन्न इंजीनियरिंग स्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश मिलता है। यह आईआईटी, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कॉलेजों और सरकार द्वारा वित्त पोषित तकनीकी संस्थानों के लिए सामान्य प्रवेश परीक्षा के रूप में काम करता है। नीट का मतलब राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा है, जो भारत में विभिन्न स्नातक सरकारी और निजी मेडिकल (एमबीबीएस) और डेंटल (बीडीएस) कॉलेजों में प्रवेश प्रदान करने के लिए आयोजित की जाती है। जेईई मेन्स एक कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) है, जबकि एनईईटी परीक्षा पेन और पेपर आधारित है। दोनों परीक्षाओं की अवधि 3 घंटे है। एक ही समय में आईआईटी जेईई और एनईईटी की तैयारी के लिए टिप्स आईआईटी जेईई प्रवेश और एनईईटी प्रवेश परीक्षा को एक साथ क्रैक करना बच्चों का खेल नहीं है, लेकिन मल्टी-टास्किंग दृष्टिकोण के साथ समर्पित और सक्रिय तैयारी के साथ कुछ भी असंभव नहीं है। यहां कुछ सुझाव दिए गए हैं जिनका पालन करके आप एक ही समय में आईआईटी जेईई और एनईईटी दोनों परीक्षाओं की तैयारी कर सकते हैंः पाठ्यक्रम के ज्ञान के माध्यम से जेईई और एनईईटी के लिए भौतिकी और रसायन विज्ञान का पाठ्यक्रम लगभग समान है। हालाँकि, नीट प्रवेश परीक्षा की तुलना में आईआईटी जेईई के लिए भौतिकी और रसायन विज्ञान के प्रश्नों का कठिनाई स्तर अधिक है। भौतिकी और रसायन विज्ञान का पाठ्यक्रम लगभग समान है; आपको उनके लिए अलग से अध्ययन करने की आवश्यकता नहीं है। गणित और जीवविज्ञान का अध्ययन अलग-अलग करना होगा। गणित के लिए लगातार अभ्यास की आवश्यकता होती है, और जीव विज्ञान के लिए निरंतर पुनरीक्षण और याद रखने की आवश्यकता होती है। इसके अलावा नीट का सिलेबस लंबा है. सबसे अच्छा अभ्यास गणित और जीव विज्ञान दोनों को समान समय देना और प्रासंगिक सामग्रियों पर ध्यान केंद्रित करना है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# भोजन की बबार्दी के भयावह स्थिति' दुनिया की भूख पर पड़ रही भारी।

**संयुक्त** राष्ट्र संघ की फूड वेस्ट इंडेक्स सर्वे के अनुसार 2021 में हर एक नौ में से एक व्यक्ति पर्याप्त भोजन तथा आवश्यक पोषक तत्वों से वंचित रह जाता है' संयुक्त राष्ट्र संघ के स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार पूरी दुनिया में एड्स, मलेरिया ,टीवी और करोना 2021 में जितने व्यक्ति की मृत्यु हुई है उससे कहीं ज्यादा लोग भुखमरी से ग्रस्त होकर भगवान को प्यारे हो गए है ' संयुक्त राष्ट्र संघ के आंकड़ों के अनुसार ही पूरी दुनिया में गरीबों की संख्या लगभग 130 करोड़ है और दूसरी तरफ दुनिया में सर्वाधिक गरीब व्यक्ति भारत में निवासरत हैं' संयुक्त राष्ट्र संघ पर्यावरण कार्यक्रम के अंतर्गत फूड वेस्ट इंडेक्स 2021 की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में 93 करोड़ लाख तक खाना कूड़े करकट के रूप में बर्बाद हुआ है' जिनमें घरों से निकला हुआ भोज्य पदार्थ का कूड़ा करकट लगभग 55%, होटल रेस्टोरेंट एवं अन्य बाजार के भोजन बेचने वालों 24% तथा अन्य क्षेत्र में लगभग 22 से 24% भोजन बर्बाद हुआ है' पूरे विश्व में भोजन के बर्बाद होने से भुखमरी के आंकड़े और भी बढ़ गए हैं' बड़ी हैरानी और हैरतअंगेज बात यह है कि पूरे विश्व में प्रति व्यक्ति 1 साल में लगभग 122 से 124 किलोग्राम भोजन बर्बाद कर देता है' भारत में प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष 50 किलो ,अफगानिस्तान 82 किलो, नेपाल 79 किलो ,श्रीलंका 76 किलो, पाकिस्तान 74 किलो और भूटान जैसा छोटा देश 79 किलो भोजन बर्बाद करता है' भोजन बर्बाद करने की एवं भोजन को कूड़ा करकट बनाकर फेंकने की कुसंस्कृति ही लगातार कई देशों को गरीब से गरीबतर बनाते जा रही है' पूरे विश्व स्तर पर विकसित विकासशील एवं गरीब देश भोजन की निर्मम बबार्दी करते आ रहे हैं' एक तरफ संयुक्त राष्ट्र संघ भुखमरी उन्मूलन के लिए अभियान छेड़ कर रखा है जिसका नाम दिया गया है जीरो हंगर यानी कि भुखमरी शून्य स्तर पर लाने का प्रयास जारी है पर इस अभियान में विकासशील ,गरीब तथा विकसित देश अपने देशों में खाद्य पदार्थ के अपशिष्ट को फेंक कर अवरोध पैदा करने में कोई कमी बेसी नहीं छोड़ रहे हैं।

## इत्ती सी बात

**पति** ने पत्नी को जोरदार चांटा लगाते हुए कहा कि पति-पत्नी के संबंध चार लोगों की बीच की गई शादी या फिर फोटो एल्बम में सजी तस्वीरों पर नहीं टिकती। अगर ऐसा ही होता तो पुराने जमाने में कोई शादी न करता। यह तो एक-दूसरे के विश्वास पर टिकती है। इसलिए बार-बार यह कहना बंद करो कि जब मैं तुम्हें चार लोगों के बीच बेइज्जत करूँगी तब पता चलेगा कि मैं क्या चीज हूँ। पति की इज्जत उतारने से भला तुम्हें कौनसा सुख मिलेगा? तुरंत पत्नी ने पलटवार करते हुए कहा झ्र हाँ सही कहते हैं आप। लेकिन यह बोलने वाले पर निर्भर करता है कि वह सच्चा है या झूठा। झूठ की नींव पर खड़ी सच की गगनचुंबी इमारत भी पल में ढह सकती है। अच्छा! तो ऐसा मैंने क्या झूठ कह दिया जो तुम मुझसे झगड़ रही हो? यही न कि मैंने वाट्सप पर रानी रंग की साड़ी भेजी थी और तुम उसे गुलाबी समझ बैठी। सोचा कि शायद मैं ही गलत हूँ। तुम सही कह रही हो। इसलिए मैं इसे गुलाबी समझ बैठा। फोन का कैमरा फोटो ही ऐसा खींचता है कि वह तुम्हें कुछ का कुछ दिख गया। इसके लिए मुझे झूठा कहना कहाँ तक सही है? वैसे भी जब आदमी को भरपेट खाने को खाना, रहने को घर और पहनने के लिए महंगे-महंगे कपड़े मिलने लगे तो उसके पास ऐसे नुस्ख निकालने के सिवाय दूसरा काम ही क्या रह जाता है। हर छोटी-छोटी बातों पर नुस्ख निकालना और उसके बारे में घंटों मायके में शिकायत करना इसी का उदाहरण है। फिर उस दिन दाल में थोड़ा सा नमक क्या ज्यादा हो गया आप तो अपनी माँ की दाल याद करने लगे। ऐसा कौनसा मैंने जहर बना दिया था। जो आप अपनी माँ को याद करने लगे? जब आदमी की सोच सो जाए तब एक बार के लिए उसे जगाया जा सकता है, लेकिन जो जानबूझकर तिल का पहाड़ में बनाने पर आमदा हो जाएँ, उनकी सोच को नहीं बदला जा सकता। मैंने माँ की दाल इसलिए याद की थी कि तुम इसी बहाने उनसे फोन पर बात कर लो। उनका भी मन करता है कि अपनी बहू से बात करे। मैं तो बात करता हूँ। लेकिन वह भी तुम्हें बहू से ज्यादा बेटी की तरह चाहती हैं। पत्नी कुछ कहती तभी पति का फोन बज उठा। भाभी ने फोन किया था। भाभी ने बताया कि मेरे किड्नी देने के बावजूद मैं तुम्हारे भैया को नहीं बचा सकी।

# विधायक ने किया कार्यक्रम का आयोजन

## समाज के हर पात्र अंतिम व्यक्ति को घर बैठे मिल रहा सरकार की योजनाओं का लाभ: विधायक चौधरी

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**विकसित भारत** संकल्प यात्रा के अंतर्गत गांव सांदल कलां व सांदल खुर्द में आयोजन जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि गन्नौर से विधायक निर्मल चौधरी ने किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से देश-प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन का दौर शुरू हुआ है, जिसके परिणाम स्वरूप अंतिम व्यक्ति को घर बैठे सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यदि कोई पात्र व्यक्ति किसी वजह से सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं ले पाए हैं तो वे अब इस यात्रा के दौरान अपने गांव में ही आवेदन कर योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के दूरदर्शी विजन के साथ देश-प्रदेश उन्नति के पथ पर अग्रसर हैं। विधायक ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की



जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से पहुंच रहा है। इसमें परिवार पहचान पत्र सबसे सशक्त माध्यम साबित हुआ है। इससे न केवल अंत्योदय परिवारों को चिन्हित कर उन्हें विकास योजनाओं से जोड़ा गया है बल्कि उन्हें इन योजनाओं का लाभ भी समयबद्ध तरीके से उपलब्ध करवाना भी सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से चलाई जा रही ह्यविकसित भारत संकल्प यात्राह्न 2047 तक देश को ह्यआत्मनिर्भर व विकसितह्न राष्ट्र बनाने के सपने को हकीकत में बदलेगी।

**विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाकर योजनाओं का दिया लाभ:** गांवों में कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सीएससी, जिला समाज कल्याण विभाग, कल्याण विभाग सहित जिला प्रशासन के अन्य विभागों ने अपनी स्टालें लगाई हुई थीं। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग और आयुष विभाग की ओर से यहां चिकित्सा कैंप लगाए गए। मुख्य अतिथियों ने स्टालों का अवलोकन करते हुए आमजन को लाभ के लिए प्रेरित किया। योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रमों में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकारों ने विकास गीतों की प्रस्तुति देकर ग्रामीणों को जागरूक किया।

**विधायक ने कार्यक्रम में जनसंवाद कर सुनी लोगों की शिकायतें:** विधायक निर्मल चौधरी ने कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों से जनसंवाद करते हुए उनकी परिवार पहचान पत्र, वृद्धावस्था पेंशन सहित अन्य शिकायतें व समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही शिकायतों व समस्याओं का त्वरित समाधान कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा आमजन की शिकायतें, मांगें व सुझाव लेने के लिए सीधे लोगों के बीच जाने की पहल शुरू की गई है। जनसंवाद कार्यक्रम जन-जन की आवाज बन चुका है। सरकार की ओर से जनसंवाद कार्यक्रम धरातल पर सरकारी की योजनाओं के क्रियान्वयन और लोगों से सीधे फीडबैक लेने के लिए शुरू किया गया है। कार्यक्रम में विधायक ने जिन लोगों की नई पेंशन बनी है उन्हें पेंशन कार्ड सौंपे।

**ह्यविकसित भारत संकल्प यात्राह्न इन योजनाओं की दिखाई दे रही झलक:** ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवादह्न में सरकार द्वारा लागू की गई विभिन्न योजनाओं की झलक दिखाई दे रही है, जिनमें सरकार द्वारा चलाई गई स्किल इंडिया मिशन, सुगम्य भारत अभियान, मुद्रा योजना, स्वच्छता, हर घर जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, स्वामित्व योजना, प्रधानमंत्री-स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, आयुष्मान भारत, जन-औषधि केंद्र, उज्ज्वला योजना, उजाला योजना, नई रोशनी, उड़ान योजना, प्रधानमंत्री कुसुम योजना, मातृत्व वंदना योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण तथा शहरी), कर्मयोगी मानधन योजना, प्रधानमंत्री अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण रोजगार अभियान, अंत्योदय अन्न योजना, आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना सहित अन्य योजनाओं बारे जागरूक किया गया।

## न्यूज फ्लैश

### एडीसी कार्यालय के नवीकरणीय ऊर्जा विभाग को कमरा नंबर-3 व लोकपाल मनरेगा व पीएमएवाई-जी को कमरा नंबर 8 में किया गया स्थानांतरित


**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**अतिरिक्त** उपायुक्त अंकिता चौधरी ने बताया कि मनरेगा स्कीम से संबंधित कार्यालय के कमरा नंबर-3 को एडीसी कार्यालय के ही विकास सदन के कमरा नंबर-8 में स्थानांरित किया है। उन्होंने बताया कि अब जिलावासी नवीकरणीय ऊर्जा से संबंधित कार्यों के लिए कमरा नंबर-3 व मनरेगा व पीएमएवाई-जी योजना से संबंधित शिकायतों को लोकपाल के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए कमरा नंबर-8 में संपर्क कर सकते हैं।

### बकाया के चलते पूरे गांव की बिजली काटी

**मथुरा। टीम एक्शन इंडिया**
**सौंख क्षेत्र** में उपभोक्ताओं पर बकाया के चलते पिछले दो दिन से गांव नौधरा की विद्युत आपूर्ति काट दी गई है। करीब 600 परिवार की आबादी अंधेरे में रहने को मजबूर है। विभाग की इस प्रक्रिया से वह उपभोक्ता भी खासे परेशान हैं जो अपना बिल भर चुके हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से गांव की विद्युत आपूर्ति सुचारू करने की मांग की है। ग्राम पंचायत सींगा पट्टी के गांव नौधरा की विद्युत आपूर्ति विभागीय कर्मचारियों ने पिछले दो दिन से काट दी है। इससे गांव में शाम होते ही अंधेरा छा जाता है। ग्रामीण खासे परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है गांव की बिजली कट जाने से ग्रामीण खासे परेशान हैं। इस प्रक्रिया में वह लोग भी प्रताड़ना झेल रहे हैं जो अपना बिल भर चुके हैं। बिजली काट दिए जाने पर ग्रामीण दलवीर सिंह, अरविंद सिंह, चंद्रभान सिंह, साहब सिंह, रामवीर, ओम प्रकाश, ओमवीर, रोशन लाल, राजवीर सिंह, शिव सिंह, सुरेश सिंह, मंगल सिंह, आदि ने भी आक्रोश जताया है। उन्होंने एसडीएम गोवर्धन से बिजली आपूर्ति सुचारू कराए जाने की मांग की है। इस बारे में एसडीएम गोवर्धन मयंक गोस्वामी ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गए हैं।


### रेलवे अंडरब्रिज में रास्ते का टैंडर न लगने के कारण जान जोखिम में डालकर अंडरब्रिज से निकलने को मजबूर वाहन चालक

**गन्नौर।**



**अगवानपुर रेलवे** फाटक पर रेलवे द्वारा रेलवे लाईन क्रासिंग के बाद अंडरब्रिज के निर्माण के साथ एक तरफ आवागमन का रास्ता तो बना दिया लेकिन अब अगवानपुर गांव की तरफ से लंबे समय बाद भी रास्ते का निर्माण नही हो रहा है। जब भी रेलवे फाटक बंद हो जाती है तो वाहनचालक जान जोखिम में डालकर अंडरब्रिज के अंदर से गुजरकर उबड़- खाबड़ रास्ते से अपनी जान जोखिम में डालकर निकलने को मजबूर है। अब रेलवे विभाग व एचएसआरडीसी को संज्ञान नही ले रहा है। वाहन चालकों का आरोप है कि शायद विभागों को हादसे का इंतजार है और उसके बाद ही दूसरी तरफ से आने जाने का रास्ता बनाएगा। जिससे लोगों ने रेलवे प्रशासन व सरकार के प्रति रोष है।

### समालखा में होगा वीरागण बहन का तिलक समारोह



**समालखा। जैन संत** आचार्य श्री सुभद्र मुनि जी महाराज की चरणों में 22 फरवरी 2024 को बैरागन बहन अंशी जैन की भागवती दीक्षा पानीपत गांधी मंडी में होगी। दीक्षा से पहले होने वाली रसम तिलक समारोह समालखा श्री संघ में होगा । एस एस जैन सभा समालखा के प्रधान वीर प्रकाश जैन एवं महामंत्री अनुराग जैन की अध्यक्षता में बैरागन (संन्यासी)बहन का तिलक समारोह 15 दिसंबर को नई जैन स्थानक भटनागर गली में होगा । तिलक सुबह 9 बजे का होगा एसएस जैन सभा ने कहा की सभी पहुंचकर बैरागन बहन को अपना आशीर्वाद देंगे और कहा की बैरागन बहन अपने संयम पथ पर निरंतर आगे बढ़ती रहे इस कार्यक्रम में जैन समाज के अन्य वरिष्ठ और श्रेष्ठ भाई बहन उपस्थित रहेंगे।

### दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में हुआ करियर काउंसलिंग सेमिनार

**समालखा। दिल्ली वर्ल्ड** पब्लिक स्कूल में बृहस्पतिवार को विद्यार्थियों की करियर काउंसलिंग के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें मंसूरी से आए समाजसेवी, भाषाविद व शिक्षाविद धर्म फरसवान ने बच्चों को आईएएस व आईपीएस व इंडियन आर्मी जैसी भारतीय उच्च सेवाओं की अहमियत बताई। फरसवानि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपको अपने निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप किसी भी क्षेत्र का चयन करने अथवा उच्च पद पर आसीन होने के लिए भरसक प्रयास के साथ-साथ एक उचित दिशानिर्देशन का होना जरूरी है। जिसके सानिध्य में आप अपनी नीतियों, क्रियाकलापों व परीक्षाओं को आयाम देते हैं। इसके अतिरिक्त हम सभी को जानना चाहिए कि मातृभाषा को सर्वोपरि रखते हुए, अन्य क्षेत्रों में भी सफलता प्राप्त करने के लिए अनेक प्रकार की भाषाओं को जानना और समझना नितांत आवश्यक है। हर भाषा का अपना एक अलग महत्व है। फ्रेंच, जर्मन और स्पेनिश भाषाएं अंग्रेजी भाषा से मिलती-जुलती है पर वर्तनी सबकी विभिन्न है।



## गन्नौर: अवैध कालोनी पर चला पीला पंजा, कार्रवाई के दौरान मौजूद रहा पुलिस बल

**गन्नौर। टीम एक्शन इंडिया**
**जिला नगर** योजनाकार की टीम ने बृहस्पतिवार को बादशाही कामी रोड पर जलघर के निकट पनप रही अवैध कालोनी में कार्रवाई करते हुए पीला पंजा चलाया और अवैध निर्माण को ढहा दिया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट एटीपी अनिल कुमार, जेई सुमित व अन्य पदाधिकारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और अवैध रूप से भरी प्लाटों की नींव को गिराना शुरू कर दिया। इस दौरान टीम ने साढे 4 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कालोनी में बनाई गई 4 चारदिवारी, 12 बिजली के पोल व करीब 1000 रनिंग मीटर के कच्चे रास्तों को जेसीबी की मदद से ध्वस्त करवा दिया। एटीपी अनिल कुमार ने लोगों से अपील करते हुए बताया कि निर्धारित क्षेत्र में कोई भी निर्माण बिना विभागीय अनुमति के न करें और अवैध कॉलोनी में कोई प्लाट न खरीदें।



## व्यक्ति की खुशहाली से ही मजबूत होगी विकसित भारत की नींव: कौशिक

**गोहाना(सोनीपत)**
**विकसित** भारत संकल्प यात्रा गुरूवार को गोहाना तहसील क्षेत्र के गांव वजीरपुरा व सैनीपुरा पहुंची जहां भाजपा के जिला उपाध्यक्ष बलराम कौशिक ने ग्रामीणों के साथ संकल्प यात्रा का भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया और ग्रामवासियों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलवाई। भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार लगातार अंतिम व्यक्ति के उदय का प्रयास कर रही है। भारत को विकसित बनाने के लिए हर उस कार्य को अंजाम दिया जाएगा जिससे आम जन को लाभ मिले। उन्होंने कहा कि भारत देश को प्रधानमंत्री का जो सपना है वह हम सब ने मिलकर साकार करना है। भारत देश को विकसित बनाना है। इस यात्रा से केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्ति लाभ उठाकर आगे बढ़ सकेंगे।



कार्यक्रमों के दौरान नागरिकों को प्रचार सामग्री का वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीबी, एनीमिया आदि की जांच, निरोगी हरियाणा के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर, आयुष विभाग की ओर से आरोग्य शिविर, क्रिड द्वारा परिवार पहचान पत्र से संबंधित सेवाओं के लिए हेल्प डेस्क आदि विभागों की हेल्पडेस्क बनाई गई, यात्रा के दौरान कॉमन सर्विस सेंटर का संचालन, मेरा भारत स्वयंसेवकों के पंजीकरण के लिए स्टॉल, बैंकिंग सेवाओं के लिए स्टाल, ऋण आवेदनों के लिए हेल्पडेस्क लगाए गए। उज्जवला योजना के तहत पात्र महिलाओं को वितरित किए गैस चूल्हे और सिलेण्डर:- कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष बलराम कौशिक ने गांव वजीरपुरा की सुमन व बबीता तथा सैनीपुरा की रमन देवी व संतोष को उज्जवला योजना के तहत मुफ्त में गैस सिलेण्डर व चूल्हा वितरित किया। योजना के लाभ प्राप्त करने वाली महिलाओं ने प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया।

## वी ने वोल्टे पर लांच किया नया एप

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम।**
**भारत के** प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने उपभोक्ताओं को वोल्टे (वॉइस ओवर एलईटी) पर कॉलिंग का बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए अनरित्सु के साथ साझेदारी की है। वोल्टे एक जटिल आर्कीटेक्चर है, जिसमें मल्टीपल नोड्स और इंटरफेसेस होते हैं, जो पारम्परिक ओएसएस सिस्टम में चुनौतियों के चलते उपभोक्ताओं को प्रभावित करने वाले मुद्दों को पहचान कर उन्हें अलग करता है। उपभोक्ताओं के विशिष्ट मुद्दों को पहचानना जैसे म्यूटेड कॉल्स, ड्रॉप्ड वड्र्स, यह अन्य ओएसएस सिस्टम पर उपलब्ध नहीं होता। अनरित्सु सभी वोल्टे डाइमेंशन्स जैसे सब्सक्राइबर, डिवाइस, नेटवर्क नोड्स, कोडेक्स और सैल-आईडी में इनसाईट्स के साथ विजिबिलिटी बढ़ाता है। इससे उपभोक्ताओं को प्रभावित करने वाले वोल्टे मुद्दों और उनके समाधानों को पहचानने में कम समय लगता है। वोल्टे पर अनरित्सु की पेटेंटेड एनोमली डिटेक्शन का उपयोग कर वी ने समस्या के समाधान में लगने वाले औसत समय को 30 फीसदी तक कम किया है। ये मुद्दे रियल टाईम में पहचान लिए जाते हैं, और फिर एक्शनेबल इंटेलीजेन्स वाली प्रासंगिक टीम को भेजा जाता है। अनरित्सु के क्लाउड-फर्स्ट ऐप्लीकेशन्स का फुल स्यूट, जिसमें ईओमाइंड एनोमली डिटेक्शन शामिल है, को वी के ओपन युनिवर्सल हाइब्रिड क्लाउड में डिप्लॉय किया जाता है। यह कैपेक्स, ओपेक्स, रिसोर्सेज और ऑटोमेशन निवेश में बहुत अधिक बचत में योगदान देता है। इस अवसर पर जगबीर सिंह, चीफ टेक्नोलॉज ऑफिसर, वी ने कहा, हमारी वोल्टे सर्विसेज में रियल टाईम में एनोमली डिटेक्शन के द्वारा हम उपभोक्ताओं को प्रभावित करने वाले मुद्दों की पहचान सक्रियता से कर इन्हें अलग कर सकते हैं।

## आरटीओ ने ओवरलोडेड वाहनों के 5 लाख के काटे चालान

**गन्नौर। क्षेत्रीय परिवहन** कार्यालय भारी वाहन चालान (आरटीओ) के अधिकारियों ने सड़क सुरक्षा को लेकर गन्नौर में अभियान चलाया। अभियान के तहत विभाग की टीम ने देवीलाल चौक पर नाका लगा कर भारी वाहनों की जांच की। इस दौरान ओवरलोडेड भारी वाहनों के करीब 5 लाख के चालान काटे गए। चालान काटने के साथ ही टीम ने वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियम के प्रति जागरूक भी किया गया। व हादसों से बचाने के लिए नियम तोड़ने वाले ओवरलोड वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

## कम खर्चे में करें मोक्ष प्राप्ति, खुले पड़े बॉक्स पर लिखकर जताया रोष

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा। वृंदावन**
विद्युत विभाग के द्वारा अंडर ग्राउंड बिजली केबिल के लिए जगह जगह सड़कों पर बिजली के बॉक्स लगाए गए हैं, लेकिन उन बॉक्सो की देखरेख विद्युत विभाग के द्वारा ठीक से नहीं की जा रही है। जिसके चलते बडे हादसे के अंदेशा बना रहता है। कई हादेस खुले बाक्सों के चलते हुए भी हैं। इसी के कारण से सड़क किनारे लगे हुए ऐसे बॉक्स लोगों को डराते हैं। कुछ दिनों पहले भी ऐसे खुले पड़े बॉक्सों के कारण करीब आधा दर्जन गोवंशों की मृत्यु हो गई थी। जिसके बाद वृंदावन में विद्युत विभाग के खिलाफ भारी रोष उत्पन्न हुआ था। विद्युत विभाग की इसके बाद भी नींद नहीं खुली है। लोगों को कहना है कि विभाग किसी बडे हादसे के इंतजार में है। हाल ही में वृंदावन के लोई बाजार के समीप लगे हुए बिजली के खुले पड़े बड़े बॉक्स पर एक अज्ञात व्यक्ति के द्वारा कम खर्चे में मोक्ष प्राप्ति करें लिख दिया गया। जिसके बाद विद्युत विभाग ने हरकत में आकर बॉक्स के ऊपर लिखे शब्दों को पेंट के द्वारा छुपवा दिया, लेकिन उस बॉक्स पर कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। उस बॉक्स को जैसे के तैसे छोड़ दिया गया। वही आपको बता दें कि आज भी वृंदावन में कई बॉक्स खुले हुए पड़े हैं और उनसे बिजली के कई सारे तार लटके रहते हैं। जिसके कारण कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है। व्यापार मंडल के चेयरमैन धर्मेंद्र अग्रवाल बॉबी का कहना है कि कई बार विद्युत विभाग से इस संबंध में बात की गई है। कई बार शिकायत भी दर्ज कराई गई है, लेकिन विभाग खुले पड़े हुए बॉक्सों को लेकर कुछ करने को तैयार नहीं है।



## मथुरा: लिव-इन पार्टनर की हत्या का आरोपी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा। टीम एक्शन इंडिया**
**थाना** गोवर्धन पुलिस ने प्रेमिका का गला दबाकर हत्या करने के आरोपित लिव इन पार्टनर को गिरफ्तार किया है। वांछित अभियुक्त शम्मी कुमार पुत्र जयनरायन निवासी टवरा थाना इस्माइलाबाद जिला कुरुक्षेत्र हरियाणा हाल निवासी उमेश चन्द्र कौशिक पुत्र नन्दकिशोर कोशिक निवासी कृष्णा विहार कालोनी सेवा कुंज वाली गली कस्वा थाना गोवर्धन मथुरा को उमेश चन्द के मकान से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए चालान न्यायालय किया जा रहा है।



प्रभारी निरीक्षक थाना गोवर्धन विनोद बाबू मिश्रा ने बताया कि 10 दिसम्बर को सीएचसी गोवर्धन से एक महिला के शव का मीमो थाना गोवर्धन पर प्राप्त होने पर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी मथुरा भेजा गया। जांच में पाया गया कि मृतिका उमेश चन्द्र कौशिक पुत्र नन्दकिशोर कोशिक निवासी कृष्णा विहार कालोनी सेवा कुंज वाली गली कस्वा थाना गोवर्धन मथुरा के मकान में शम्मी कुमार पुत्र जयनरायन निवासी टवरा थाना इस्माइलाबाद जिला कुरुक्षेत्र हरियाणा के साथ रिलेशनशिप में रह रही थी। 10 दिसम्बर को शम्मी का जन्मदिन था। शम्मी एवं मृतका दोनों जन्मदिन की खुशी में खाने पीने के साथ ही आपसी रिस्तों की एक दूसरे को ताना मारकर वार्ता करने लगे, तभी दोनों में आपस में कहा सुनी हो गई। जिस पर शम्मी कुमार ने क्रोध में आकर मृतका का गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। अभियुक्त शम्मी मृतका की हत्या करने के उपरान्त अपने बचाव में मृतिका के शव को ई रिक्शा से लेकर सीएचसी गोवर्धन गया था वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतिका की मृत्यु की सूचना मृतिका के भाई व पति को दी गयी। मृतका के पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं जांच के मध्य उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर शम्मी कुमार को गिरफ्तार किया गया।

## अतिक्रमण: हाईवे प्राधिकरण ने राजमार्ग किनारे अतिक्रमण पर चलाया बुल्डोजर

**मथुरा। टीम एक्शन इंडिया**
**कोसीकलां में** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने गुरुवार को राजमार्ग किनारे हो रहे अतिक्रमणों पर बुलडोजर चलाया। अभियान में कोसी से कोटवन तक अतिक्रमणों को साफ किया जा रहा है। बुलडोजर की दहाड़ से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा रहा। कुछ लोग अपने अपने अतिक्रमणों को स्वयं भी हटाने में जुट गए। जबकि तमाम व्यावसायिक अतिक्रमण प्राधिकरण के लिए सिरदर्द साबित हो रहे हैं। जिनको लेकर प्राधिकरण सख्ती से कार्रवाई की योजना बना चुका है। हाईवे



प्राधिकरण द्वारा काफी समय से हाईवे किनारे अवैध रूप से अतिक्रमण करने वालों निगरानी कर उनका चिन्हांकन किया और नोटिस जारी किए थे। इसको लेकर पुलिस ने मध्यस्थता कर अतिक्रमणों को हटाने के लिए कुछ समय दिया था। बावजूद इसके अतिक्रमणकारियों ने अतिक्रमण नहीं हटाए। जिसके बाद प्राधिकरण ने सख्त रुख अपनाया है। गुरुवार को प्राधिकरण ने पुलिस की मदद से हाईवे किनारे बुल्डोजर की कार्रवाई की। इस दौरान उन्होंने पक्के अतिक्रमणों को तोडकर साफ किया। इस ध्वस्तीकरण के दौरान वहां बडी संख्या में भीड एकत्रित हो गई। घटना प्रबंधक नरेंद्र चौधरी ने बताया कि आने वाले दिनों में राजमार्ग पर कोसीकलां के आसपास के सभी अवैध अतिक्रमण को हटवा दिया जाएगा और वहां पौधारोपण व अन्य आवश्यक निर्माण किए जाएंगे। इस दौरान उनके साथ प्रोजेक्ट डायरेक्टर वैभव शर्मा , रोहन, हरी सिंह, पंकज यादव आदि मौजूद रहे।

## धर्म नगरी में गहरा हो रहा मदिरा का दरिया, नवम्बर में बिक गई 100 करोड़ की शराब

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा। टीम एक्शन इंडिया**
**धर्म** नगरी में धार्मिक पर्यटन को लगातार बढ़ावा मिल रहा है। वहां आने वाले पर्यटकों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। हालांकि आंकड़े बता रहे हैं कि धर्म नगरी में आस्था के साथ मौज मस्ती को भी लोग आ रहे हैं। नवम्बर महीने में ही करीब 100 करोड़ की शराब बिक गई। शराब परोसने के लिए अकेजनल यानी अनियमित लाइसेंस लेने का चलन भी बढ़ रहा है। इसके लिए छह घंटे के 11 हजार रुपये चुकाने होते हैं। नवम्बर माह के लिए आबकारी विभाग को राजस्व प्राप्ति के लिए 79.31 करोड़ का लक्ष्य मिला था। जबकि विभाग इसके सापेक्ष नवम्बर महीने में 60.76 करोड़ का राजस्व प्राप्ति कर सका। इसके लिए आबकारी के ठेकों से लगभग 100 करोड़ की शराब की बिक्री हुई। प्रदेश में राजस्व प्राप्ति में नवम्बर महीने में मथुरा जनपद को 26 वां और मंडल में प्रथम स्थान हासिल हुआ है। यह लक्ष्य तब प्राप्त हुआ है जब मथुरा जनपद का 20 प्रतिशत क्षेत्र ड्राइ एरिया घोषित है। पिछले साल नम्बर 2022 में 52 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई थी इस प्रकार वर्ष 2023 में इसी नवम्बर महीने की अवधि के लिए यह आठ



नववर्ष का उत्सव मनाने के लिए लोग बड़े पैमाने पर मदिरा का उपयोग करते हैं। किसी भी क्लब होटल बारात घर रिसोर्ट में शराब परोसने के लिए अकेजनल बार लाइसेंस की व्यवस्था की गई है। यह लाइसेंस एक्साइज पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने के बाद हासिल किया जा सकता है। इसके लिए निर्धारित शुल्क 11 हजार रुपये प्रतिदिन है। यह संख्या छह बजे से रात के 12 बजे तक ही मान्य है।

**कुमार प्रभात चंद्र, जिला आबकारी अधिकारी मथुरा**

करोड़ ज्यादा है। इस साल एक अप्रैल से अब तक अकेजनल लाइसेंस अब 268 बने हैं जो कि एक रिकॉर्ड है। इतने लाइसेंस पहले कभी नहीं बने। शादी पार्टी आदि आयोजनों में शराब परोसनी हो तो इस तरह के लाइसेंस लेने की प्रक्रिया पूरी करनी होती है। नवम्बर महीने में अवैध शराब की बिक्री और तस्करी रोकने के क्रम में हुई कार्यवाही के तहत 53 मुकदमे दर्ज हुए हैं तथा 991 लीटर शराब पकड़ी है। चार लोगों को जेल भेजा गया है, इस महीने तस्करी में वाहन कोई नहीं पकड़ा गया है। बाहरी राज्यों से होने वाली तस्करी पर लगभग रोक लग गई है, आबकारी विभाग की मेहनत के चलते यह सफलता मिली है। इसकी वजह यह है कि राजस्थान में शराब की कीमत यूपी के लगभग ही है, जबकि हरियाणा से होने वाली तस्करी पर सख्ती से लगाम लगाई गई है।

फास्ट न्यूज

## छत्तीसगढ़ के कई शहरों में कारोबारियों के ठिकानों पर आयकर के छापे

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई समेत प्रदेश के कई शहरों में गुरुवार को आयकर विभाग की विभिन्न टीमों ने एक साथ छापा मारा। ये कार्रवाई कोल्ड स्टोरेज और अनाज के कारोबारियों के खिलाफ की जा रही है। आयकर विभाग ने इस कार्रवाई को लेकर अभी कोई जानकारी साझा नहीं की है। वहीं सूत्रों ने बताया कि रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई और राजनांदगांव जिले के इंदौर एवं नागपुर स्थित कारोबारियों के विभिन्न ठिकानों पर आयकर विभाग ने एकसाथ छापेमारी की। रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग-भिलाई के कोल्ड स्टोरेज और अनाज व्यवसायियों के ठिकानों पर टीम की छापेमारी जारी है। राधामोहन टावर के अनाज व्यापारियों तथा लालगंगा मिडॉज में व्यवसायियों के यहां आयकर की टीम पहुंची हुई है। रायपुर में समता शॉपिंग आर्केड, तेलघानी नाका चौक, सिलतरा, कुशालपुर में आयकर विभाग की जांच जारी है। रायपुर के समता शॉपिंग आर्केड स्थित केके एग्रो ट्रेड वेंचर्स प्रा.लि., तेलघानी चौक स्थित दाल कारोबारी, सूरज पल्सेस, सिलतरा स्थित राजेश्वरी कोल्ड स्टोरेज पर छापेमारी जारी है। मौके पर एमपी पुलिस और सीआरपीएफ के जवान मौजूद हैं।

## कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महंत रामसुंदर दास का पार्टी से इस्तीफा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महंत राम सुंदर दास ने विधानसभा चुनाव में अपनी करारी हार के बाद पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से अपना इस्तीफा प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को भेज दिया है। उन्होंने अपने 12 दिसंबर को लिखे इस्तीफे में लिखा है कि प्रदेश में वह सबसे ज्यादा वोटों के अंतर से हारे हैं।उन्होंने लिखा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के समस्त वरिष्ठ पदाधिकारियों ने बहुत ही विश्वास करके मुझे रायपुर शहर दक्षिण विधानसभा का उम्मीदवार बनाया। सभी कार्यकताओं ने मनसा- वाचा- कर्मणा कार्य किया, परन्तु परिणाम आशा के अनुरूप नहीं रहा।

प्रदेश में सबसे ज्यादा वोटों के अन्तर से इस सीट पर मेरी पराजय हुई। इसकी नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए मैं पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं। कृपया स्वीकार करने का कष्ट करें। रायपुर के प्राचीन दूधाधारी मठ के प्रमुख रामसुंदर दास महंत छत्तीसगढ़ राज्य गो सेवा आयोग के अध्यक्ष रहे हैं। उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ नेता बृजमोहन अग्रवाल के खिलाफ विधानसभा चुनाव लड़ा था और साठ हजार से अधिक मतों से हार गए।

## बिहार में वाम दलों ने बढ़ाई राजद-जदयू की परेशानी

**पटना।** वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर बिहार की सियासत में गर्मी बढ़ने लगी है। सीटों के बंटवारे के बिना ही वाम दलों ने अपनी तैयारी तेज करते हुए दावा जताना शुरू कर दिया है। सबसे बड़ी बात यह भी है कि विपक्षी महागठबंधन में शामिल इन क्षेत्रीय पार्टियों का दबदबा बिहार के तीन से चार लोकसभा सीटों पर ज्यादा है।

# बड़ा फैसला: हिंदू पक्ष की याचिका को किया स्वीकार

### दूसरी तरफ ईदगाह कमेटी और वक्फ बोर्ड की दलीलों को कोर्ट ने खारिज किया

फैंसला

ईदगाह पक्ष जन्मभूमि की स्थापत्य कला के साथ खिलवाड़ कर सबूतों को नष्ट कर रहा है।



**टीम एक्शन इंडिया/प्रयागराज**
मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह प्रकरण को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने सर्वे करने की मंजूरी दे दी है। एक तरफ हिंदू पक्ष की याचिका को कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। वहीं दूसरी तरफ ईदगाह कमेटी और वक्फ बोर्ड की दलीलों को कोर्ट ने खारिज कर दिया है। इससे पहले हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन ने पक्षों को सुनने के बाद 16 नवंबर को आदेश सुरक्षित रख लिया था। जन्मभूमि-ईदगाह प्रकरण में हाईकोर्ट ने 16 नवंबर को हुई सुनवाई के बाद सभी 18 केसों से संबंधित वादकारी और प्रतिवादियों को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने का आदेश दिया था। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया था कि सेशन कोर्ट में दाखिल 18 वादों की फाइलों को हाईकोर्ट ने अपने अधीन सुनवाई के लिए ले रखा है। उन्होंने आरोप लगाया था कि ईदगाह पक्ष जन्मभूमि की स्थापत्य कला के साथ खिलवाड़ कर सबूतों को नष्ट कर रहा है। इससे पहले ही साक्ष्य नष्ट कर दिए जाएं, हाईकोर्ट से मांग की जाएगी कि ज्ञानवापी की तर्ज पर जन्मभूमि का भी सर्वे कराने का आदेश देने की कोर्ट से अपील की जाएगी।

**जानें मथुरा में कितना पुराना है श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह विवाद:** शाही ईदगाह मस्जिद मथुरा शहर में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर परिसर से सटी हुई है। 12 अक्तूबर 1968 को श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान ने शाही मस्जिद ईदगाह ट्रस्ट के साथ एक समझौता किया। समझौते में 13.37 एकड़ जमीन पर मंदिर और मस्जिद दोनों के बने रहने की बात है। पूरा विवाद इसी 13.37 एकड़ जमीन को लेकर है। इस जमीन में से 10.9 एकड़ जमीन श्रीकृष्ण जन्मस्थान और 2.5 एकड़ जमीन शाही ईदगाह मस्जिद के पास है। इस समझौते में मुस्लिम पक्ष ने मंदिर के लिए अपने कब्जे की कुछ जगह छोड़ी और मुस्लिम पक्ष को बदले में पास में ही कुछ जगह दी गई थी। अब हिन्दू पक्ष पूरी 13.37 एकड़ जमीन पर कब्जे की मांग कर रहा है।

**ये है श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह का इतिहास:** ऐसा कहा जाता है कि औरंगजेब ने श्रीकृष्ण जन्म स्थली पर बने प्राचीन केशवनाथ मंदिर को नष्ट करके उसी जगह 1669-70 में शाही ईदगाह मस्जिद का निर्माण कराया था। 1770 में गोवर्धन में मुगलों और मराठाओं में जंग हुई। इसमें मराठा जीते। जीत के बाद मराठाओं ने फिर से मंदिर का निर्माण कराया। 1935 में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने 13.37 एकड़ की भूमि बनारस के राजा कृष्ण दास को आवंटित कर दी। 1951 में श्री कृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट ने ये भूमि अधिग्रहीत कर ली।

## 'अपनी हिंदू आस्था में गहरा विश्वास'



**वॉशिंगटन :** रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से अमेरिका के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार भारतवंशी विवेक रामास्वामी ने कहा है कि उनका अपनी हिंदू आस्थाओं में गहरा विश्वास है और वह शायद ईसाई धर्म का प्रचार प्रसार करने के लिए सही व्यक्ति नहीं हैं। विवेक रामास्वामी बुधवार को आयोवा प्रांत में सीएनएन के टाउन हॉल कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान रामास्वामी ने धर्म, अमेरिका में आ रहे प्रवासियों, सीमा सुरक्षा, आर्थिक असमानता जैसे मुद्दों पर सवालों के जवाब दिए।

**क्या बोले रामास्वामी:** आयोवा प्रांत में रिपब्लिकन पार्टी का तगड़ा जनाधार है और इनमें अधिकतर बाइबल में गहरा विश्वास रखने वाले ईसाई समुदाय के मतदाता हैं। कार्यक्रम के दौरान एक दर्शक ने रामास्वामी से सवाल किया कि उनका ताल्लुक ईसाई धर्म से नहीं हैं, इसलिए वह हमारे राष्ट्रपति नहीं हो सकते क्योंकि हमारे पूर्वजों ने ईसाई धर्म के आधार पर इस देश को बनाया। इसके जवाब में रामास्वामी ने कहा कि वह इस बात से बिल्कुल सहमत नहीं हैं। रामास्वामी ने कहा कि 'उनके हिंदू धर्म के कुछ सिद्धांत यहूदी-ईसाई मूल्यों जैसे हैं'। हालांकि उन्होंने कहा कि 'वह शायद ईसाई धर्म का प्रचार प्रसार करने के लिए सही व्यक्ति नहीं हैं।'

**रामास्वामी ने बताया क्या होगी उनकी प्राथमिकता:** 'मुझे लगता है कि आस्था, देशभक्ति, परिवार और कड़ी मेहनत को इस देश में फिर से फोकस में लेकर आऊं क्योंकि ये चीजें बहुत अच्छी हैं और इन पर फोकस करना ही उनके बतौर राष्ट्रपति कार्यकाल की प्राथमिकता होगी'।



नई दिल्ली में आसियान-भारत बाजरा महोत्सव 2023 में केंद्रीय जनजातीय मामलों और कृषि और किसान कल्याण मंत्री, अर्जुन मुंडा।

## राज्यपाल गुरमीत सिंह ने अहमदाबाद में साइंस सिटी का किया दौरा

**अहमदाबाद।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) ने गुजरात प्रवास के दौरान गुरुवार को अहमदाबाद में स्थित गुजरात साइंस सिटी का भ्रमण किया। राज्यपाल ने कहा कि वैज्ञानिक जिज्ञासा के केंद्र के रूप में यह स्थान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स, शैक्षिक शो, समुद्री गैलरी पर इंटरैक्टिव प्रदर्शनों के साथ-साथ जल संपदा का संरक्षण है। यह सेंटर वैज्ञानिक अवधारणाओं को जीवन में लाने के लिए व्यापक अनुभव करने के साथ मनोरंजक और आकर्षक वातावरण प्रदान करता है। राज्यपाल ने कहा कि साइंस सिटी वैज्ञानिक प्रवृत्ति को और संभावित रूप से विज्ञान और प्रौद्योगिकी में भविष्य के करियर को बढ़ावा देती है। यहां कोई भी व्यक्ति वैज्ञानिक सिद्धांतों को सीधे तौर पर समझ और अनुभव कर सकता है, जिससे वैज्ञानिक दुनिया की गहरी राज्यपाल ने कहा कि प्रत्येक भारतीय को कम से कम एक बार यहां अवश्य आना चाहिए।

## मप्र कांग्रेस विधायक दल की बैठक में प्रस्ताव पारित



**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**
मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद गुरुवार को कांग्रेस विधायक दल की पहली बैठक हुई। भोपाल स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय में सुबह तकरीबन साढ़े ग्यारह बजे शुरू हुई बैठक में हालिया विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के कारणों के साथ विधायक दल के नेता के चयन को लेकर चर्चा की गई। बैठक में एक लाइन का प्रस्ताव पारित किया गया। इसमें कहा गया कि विधायक दल के नेता का चयन केंद्रीय नेतृत्व करेगा। नेता प्रतिपक्ष के नाम की रायशुमारी के लिए बुलाई गई इस बैठक में स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र भंवर सिंह, राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, रामनिवास रावत, जयवर्धन सिंह, हेमंत कटारे सहित नवनिर्वाचित विधायक व पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहे। पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष कमल नाथ छिंदवाड़ा दौरे की वजह से इस बैठक में शामिल नहीं हो पाए। इसके साथ ही छिंदवाड़ा जिले के अन्य छह विधायक भी इस बैठक से नदारद रहे। इस बार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के 66 विधायक निर्वाचित हुए हैं। इनमें छिंदवाड़ा जिले की सातों विधानसभा सीटों पर कांग्रेस ने जीत हासिल की है। बैठक के वरिष्ठ विधायक राम निवास रावत ने प्रस्ताव रखा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और केंद्रीय नेतृत्व विधायक दल के नेता का चयन करें। रावत के इस प्रस्ताव का समर्थन कांग्रेस विधायक हीरा अलावा ने किया।

## बेगूसराय: शपथ ग्रहण के साथ सुरक्षा सप्ताह शुरू



**टीम एक्शन इंडिया/बेगूसराय**
भारतीय संसद की सुरक्षा में प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की याद में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के बरौनी रिफाइनरी में 19 दिसम्बर चलने वाला सुरक्षा सप्ताह शुरू हो गया है। "सुरक्षा का आश्वासन" विषय पर सभी हित धारकों को कॉर्पोरेशन की परिसंपत्तियों की सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। बरौनी रिफाइनरी में सुरक्षा सप्ताह की शुरूआत शपथ-ग्रहण से किया गया। मुख्य महाप्रबंधक जीआर के मूर्ति ने सीआईएसएफ कमांडेंट, बीटीएमयू के प्रतिनिधि, अन्य अधिकारीयों, कर्मचारियों एवं सीआईएसएफ जवानों को सुरक्षा शपथ दिलवाई। जिसमें कॉर्पोरेशन की मूल्यवान परिसंपत्तियों की रक्षा के लिए सजग तथा सतर्क रहने का आह्वान किया गया। देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इंडियन ऑयल प्रतिबद्ध है। देश को निरंतर ऊर्जा प्रदान करने के लिए रिफाइनरी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा के प्रति सजग और सतर्क रहें, इसे अपनी जिम्मेदारी समझें। सभी कर्मचारियों और सुरक्षाकर्मियों को बधाई देते हुए बताया की बरौनी रिफाइनरी को कॉर्पोरेट कार्यालय द्वारा लगातार दूसरे वर्ष सर्वश्रेष्ठ सुरक्षित प्रतिष्ठान के लिए चयनित तथा पुरस्कृत किया जा रहा है।

अच्छी पहल

कॉर्पोरेशन की परिसंपत्तियों की सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।

## पटना :नीतीश कुमार के वाराणसी में प्रस्तावित रैली स्थगित

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के वाराणसी में प्रस्तावित रैली को स्थगित कर दिया गया है। वाराणसी में नीतीश कुमार आगामी 24 दिसंबर को रैली करनेवाले थे। इसकी जानकारी देते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि जगह नहीं मिलने के कारण मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की वाराणसी में होने वाली रैली को फिलहाल स्थगित किया गया है।

रैली की अगली तिथि जल्द ही घोषित की जायेगी। नीतीश कुमार की वाराणसी में होने वाली रैली को लेकर जमकर सियासत हो रही थी। नीतीश कुमार की बनारस में होने वाली रैली को लेकर सभी की निगाहें इस पर थी।

## मुठभेड़ में नक्सली चैतु उर्फ मड़काम हिड़मा ढेर

**बालाघाट।** मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। यहां बुधवार देर रात मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ सीमा से लगे कान्हा नेशनल पार्क के सूपखार इलाके में पुलिस और नक्सलियों की मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ में पुलिस ने 14 लाख के इनामी नक्सली को ढेर कर दिया है। मौके पर वरिष्ठ अधिकारी पहुंचे है। घटना के बाद क्षेत्र में सर्चिंग तेज कर दी गई है। जानकारी अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सूपखार के खमको दादर जंगल में नक्सली इकट्ठा हुए हैं। वे किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। जानकारी के आधार पर हॉकफोर्स ने ऑपरेशन नक्सली शुरू किया। जवानों ने इलाके को घेर लिया और नक्सलियों को सरेंडर करने के लिए कहा। इस दौरान नक्सलियों ने पुलिस पर गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग के बाद वे भाग निकलें।




फूड पॉइजनिंग

व्यक्ति नागपुर सिटी के बाहरी क्षेत्र में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे।

## फूड पॉइजनिंग के कारण 80 लोगों की तबीयत बिगड़ी



**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**महाराष्ट्र** के नागपुर में फूड पॉइजनिंग के एक संदिग्ध मामले में 80 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के अनुसार ये सभी व्यक्ति नागपुर सिटी के बाहरी क्षेत्र में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। यह घटना 10 दिसंबर की है। दुल्हे के पिता ने रिसॉर्ट प्रबंधन के खिलाफ समारोह के दौरान बासी खाना पड़ोसने का आरोप लगाया। शिकायतकर्ता कैलाश बत्रा ने नागपुर के अमरावती रोड के पास राजस्थानी थीम पर बने रिसॉर्ट के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। दुल्हे के पिता ने बताया कि उन्होंने नौ और दस दिसंबर के लिए रिसॉर्ट बुक किया था। दुल्हा समेत अन्य मेहमानों की तबीयत बिगड़ी

अधिकारी ने बताया कि परेशानी 10 दिसंबर की दोपहर से शुरू हुई, जब दुल्हा समेत अन्य मेहमानों ने खाना खाने के बाद पेट दर्द की शिकायत की। रिसेप्शन सेरेमनी के दौरान हालत और भी ज्यादा खराब हो गई थी। दरअसल, रात में परोसे गए खाने से दुर्गंध आने के बाद शिकायतकर्ता ने रिसॉर्ट के मैनेजर से इसकी शिकायत की, लेकिन इसके बावजूद कोई कदम नहीं उठाया गया। आधी रात में 80 लोगों को उल्टी शुरू हो गई। उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस अधीक्षक हर्ष पोद्दार ने कहा कि कमलेश्वर पुलिस स्टेशन के अधिकारियों को अस्पताल में भर्ती मरीजों का बयान दर्ज करने के लिए कहा गया है, जिसके आधार पर रिसॉर्ट प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के अनुसार कुछ मरीजों का अभी भी प्राइवेट अस्पतालों में इलाज जारी है।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, शुक्रवार, 15 दिसंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 334 पृष्ठः 12 RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiauna@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## विक्की का लंदन कनेक्शन जांच रही है दिल्ली पुलिस, खाते में आते हैं विदेश से पैसे



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
संसद में धुआं करने वाले सागर शर्मा के जिस रिश्तेदार विक्की शर्मा को दिल्ली पुलिस अपने साथ पूछताछ के लिए लेकर गई है, उसका कनेक्शन लंदन में रहने वाले परिवार से है। विक्की का परिवार जिस मकान में रहता है, उसके मालिक लंदन में रहते हैं। मकान मालिक उसके खाते में पैसे भी डालते हैं। मकान मालिक की ओर से मिलने वाला पैसा ही विक्की की आमदनी का जरिया है। पुलिस उसके और संबंधों को खंगालने में जुटी है। 34 साल पहले हाउसिंग बोर्ड की ओर से 67 नंबर भवन का आवंटन किया गया था। पड़ोसियों के अनुसार, इस मकान में एक दादी अम्मा रहती थीं, जिन्होंने अपने ही परिवार के लोगों से विक्की को गोद लिया था। भवन मालिक करीब बीस साल पहले लंदन चले गए थे। दादी के बाद विक्की अपनी पत्नी और 15 साल की बेटी के साथ यहां रहता है।

**घर में पाल रखे हैं दो कुत्ते :** विक्की ने दो कुत्ते पाल रखे हैं, जिन्हें घुमाने के लिए घर से बाहर निकलता था। उसका बचपन यहीं बीता है। उसके घर कौन आ रहा है, कौन जा रहा है इससे किसी का कोई लेना देना नहीं होता था। विक्की एक्सपोर्ट गारमेंट में काम कर चुका है, लेकिन अब लंदन से आने वाले पैसों को ही खर्च चलता है।

**कमरे से भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव की मिली किताबें :** संसद में हड़कंप मचाने वालों के बैग विक्की के घर में मिले हैं। आरोपी अपना बैग वहां पर छोड़कर गए हैं। वहां पर मंगलवार की रात पांच लोग ठहरे थे, जिसमें उनकी बेटी सागर शर्मा को जानती है। सागर शर्मा उसके पिता के साथ पहले कंपनी में भी काम करते थे। कमरे से भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव की किताबें मिली हैं।

# 500 नई इलेक्ट्रिक बसों को दिखाई हरी झंडी

## आम आदमी पार्टी सरकार की योजना है कि दिल्ली की सड़कों पर 2025 तक 8280 इलेक्ट्रिक बसें दौड़ेंगी





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज गुरुवार को 500 नई इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाई। इसके साथ ही दिल्ली में इलेक्ट्रिक बसों की कुल संख्या 1300 तक पहुंच गई है।

**2025 तक दिल्ली में चलेंगी 8280 इलेक्ट्रिक बसें- केजरीवाल**
सीएम केजरीवाल ने कहा कि अब दिल्ली की सड़कों पर देश में सबसे ज्यादा 1300 इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी। आम आदमी पार्टी सरकार की योजना है कि दिल्ली की सड़कों पर 2025 तक 8280 इलेक्ट्रिक बसें दौड़ेंगी। दिल्ली को विश्व मंच पर परिवहन मॉडल के रूप में स्थापित करने की दिशा में हमने एक और कदम बढ़ाया है।

**प्रदूषण पर लगाने में मिलेगी मदद- एलजी**
दिल्ली के एलजी विनय कुमार सक्सेना ने कहा, "हमने आज जो 500 बसों को हरी झंडी दिखाई है, उनसे प्रदूषण पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी...हमें दिल्ली को बेहतर बनाने की जरूरत है और इस दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।"

**अब दिल्ली में हैं 1,300 इलेक्ट्रिक बसें- केजरीवाल**
इस संबंध में दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि इस कदम से शहर में कार्बन डाइऑक्साइड के स्तर को नियंत्रित करने में काफी मदद मिलेगी। एक इलेक्ट्रिक बस प्रतिदिन 200 किमी और वार्षिक आधार पर 70,000 किमी चलती है। रिपोर्ट के अनुसार, एक सीएनजी बस पर्यावरण में 800 ग्राम उड2 उत्सर्जित करती है। हजारों और लाखों टन उड2 पर अंकुश लगाया जाएगा। आज 500 नई इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाने के साथ, शहर में इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़कर 1300 हो जाएगी। यह देश के किसी भी शहर में इलेक्ट्रिक बसों की सबसे अधिक संख्या है। इससे शहर में प्रदूषण कम करने में मदद मिलेगी। इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को फसल अवशेष जलाने को रोकने की आवश्यकता पर जोर दिया था, जो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में वायु गुणवत्ता को प्रभावित करता है और राज्य सरकारों से प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए कदम उठाने को कहा था।

**पुरानी दिल्ली से जामिया तक जल्द शुरू हो सकती है बस सेवाः आले इकबाल**
पुरानी दिल्ली से जामिया के लिए जल्द डीटीसी बस सेवा शुरू की जा सकती है। इस संबंध में उप महापौर आले मोहम्मद इकबाल ने पुरानी दिल्ली के छात्रों की जरूरत को समझते हुए परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत से मुलाकात की है। इस मुलाकात के दौरान बस सेवा के संबंध में ज्ञापन सौंपा है। उप महापौर ने कहा कि पुरानी दिल्ली से बड़ी संख्या में छात्र जामिया से पढ़ाई करने के लिए आते जाते हैं।
इस मार्ग पर सीधी बस सेवा न होने की वजह से बसें बदलनी पड़ती हैं। इसमें उनका समय भी खराब होता है और काफी परेशानी भी होती है। अगर पुरानी दिल्ली से जामिया के लिए बस सेवा शुरू हो जाएगी तो छात्रों के लिए बड़ी राहत की बात होगी। उन्होंने बताया कि परिवहन मंत्री से उन्होंने ईद गाह, फिल्मिस्तान, तुर्कमान गेट, निजामुद्दीन व जामा मस्जिद के लिए बस सेवा शुरू करने के लिए ज्ञापन पत्र दिया है। जिसपर मंत्री ने इन मार्गों पर जल्द बस सेवा शुरू करवाने का आश्वासन दिया है।



पूर्वी दिल्ली में इंद्रा मार्केट, गुरुद्वारा रोड के पास, त्रिलोक पुरी ब्लॉक 36 में 'विकित भारत संकल्प यात्रा' (वीबीएसवाई) के दौरान विभिन्न शिविरों की झलकियाँ।

## पति-पत्नी के साथ बच्चे के भविष्य पर पड़ेगा दुष्कर्म से जुड़ी प्राथमिकी का असर: कोर्ट

**नई दिल्ली।** किशोरी से दुष्कर्म से जुड़ी एक प्राथमिकी को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने टिप्पणी की कि निःसंदेह यह संगीन अपराध का मामला है, लेकिन पीड़िता ने भी याचिकाकर्ता का समर्थन किया है और अब वह उसकी पत्नी है। दोनों की शादी हो चुकी है और उन्हें एक बेटा है।

**किशोरी और याचिकाकर्ता के बीच लंबे समय से था संबंध :** ऐसे में अगर प्राथमिकी को जारी रखा गया तो इसका नकारात्मक असर पति-पत्नी के साथ ही बच्चे के भविष्य पर पड़ेगा। न्यायमूर्ति सौरभ बनर्जी की पीठ ने कहा कि सभी तथ्यों व परिस्थितियों को देखते हुए पॉक्सो व दुष्कर्म की धारा की तहत हुई प्राथमिकी को रद्द किया जाता है। पीठ ने कहा कि अदालत के समक्ष पेश किए गए तथ्यों से पता चलता है कि किशोरी व याचिकाकर्ता के बीच लंबे समय से संबंध था और उन्होंने आपस में शादी भी कर ली है।

**... जब 17 वर्षीय लड़की हुई गर्भवतीः** इतना ही नहीं किशोरी व याची के स्वजन ने भी शादी को स्वीकार कर लिया है और यह सबकुछ प्राथमिकी लंबित रहने के दौरान हुआ है।

## सुप्रीम कोर्ट ने सत्येंद्र जैन की अंतरिम जमानत 8 जनवरी तक बढ़ाई



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की अंतरिम जमानत 08 जनवरी तक बढ़ा दिया है। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये आदेश दिया। पहले अंतरिम जमानत 05 जनवरी तक बढ़ाई गई थी, लेकिन बाद में वकील के आग्रह के बाद 08 जनवरी तक अंतरिम जमानत बढ़ाई गई। मामले की अगली सुनवाई 08 जनवरी को होगी। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने आज जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष इस मामले को लिस्ट किए जाने पर कहा कि मामले की सुनवाई करने वाले जज जस्टिस एएस बोपन्ना स्वास्थ्य कारणों से दीपावली के बाद सुनवाई के लिए उपलब्ध नहीं हो सके। जस्टिस बोपन्ना ने अपने संदेश में कहा कि उनके द्वारा सुने गए मामलों को आंशिक सुनवाई वाली सूची में शामिल किया जाए। ऐसे में उनके बेंच की जज जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की बेंच के समक्ष इसे लिस्ट किया गया। ईडी ने 19 अक्टूबर को कहा था कि जैन का इलाज हिरासत में भी हो सकता है। इसलिए जमानत रद्द की जाए। 24 जुलाई को कोर्ट ने जैन को मिली अंतरिम जमानत एक महीने के लिए बढ़ा दी थी। 10 जुलाई को कोर्ट ने 24 जुलाई तक की अंतरिम जमानत बढ़ाने का आदेश दिया था। इसके पहले सुप्रीम कोर्ट ने 26 मई को सत्येंद्र जैन को छह हफ्ते की अंतरिम जमानत दी थी।

## दिल्ली नगर निगम करेगा पेड़ों की गिनती

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) राजधानी दिल्ली में पेड़ों की गिनती अब नगर निगम करेगा। इसके साथ ही पेड़ों को यूनिक नंबर भी दिया जाएगा, जिसके लिए एआई टेक्नोलॉजी का भी इस्तेमाल किया जाएगा। इस संबंध में दिल्ली की मेयर शैली ओबेरॉय ने निगम अधिकारियों को आदेश दिया है। इसका मकसद पेड़ों की कटाई को नियंत्रित करना है। मेयर के अनुसार दिल्ली में हरियाली को बढ़ावा देने और पेड़ों की वास्तविक संख्या जानने के लिए पेड़ों की गणना करने का निर्णय लिया गया है। इससे पेड़ों की वास्तविक संख्या का पता चलेगा और उसकी देखरेख कटाई छटाई में मदद मिलेगी। जिन इलाकों में पेड़ की कमी है उसकी भी पहचान इससे हो पाएगी। मेयर के मुताबिक वार्ड स्तर पर पेड़ों की गिनती होगी और प्रत्येक पेड़ों को अलग नंबर दिया जाएगा।


## दिल्लीः संसद में 'स्मोक अटैक' के आरोपितों के खिलाफ दर्ज हुआ केस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नए** संसद भवन में एक ऐसी घटना हुई, जिसने 22 साल पहले हुई घटना को ताजा कर दिया। 13 दिसंबर 2001 को संसद पर हमला हुआ था, कल 13 दिसंबर को ही एक बार फिर संसद में स्मोक साजिश हुई। लोकसभा की कार्यवाही के दौरान दर्शक दीर्घा से दो लोग सदन के भीतर कूद गए और केन के जरिए रंगीन धुआं फैला दिया। घटना के तुरंत बाद दोनों को पकड़ लिया गया। इस घटना के कुछ देर बाद ही पीले और लाल रंग का धुआं छोड़ने वाली केनलेकर संसद भवन के बाहर प्रदर्शन करने वाले एक पुरुष और एक महिला को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में पांच आरोपितों को पकड़ा गया है। जबकि एक अब भी फरार है। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपितों के ऊपर आईपीसी की धारा 452, 153, 353, 186 और यूएपीए की धारा 16 और 18 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। इसके साथ ही पुलिस ने 120बी धारा भी जोड़ी है। जिससे यह पता चलता है कि उक्त मामले में अभी अन्य और आरोपी भी शामिल है। पुलिस ने आरोपित मनोरंजन डी, सागर शर्मा, अमोल सिंदे और नीलम को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल अब इस पूरे मामले की जांच दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल कर रही है। पुलिस सूत्रों की मानें तो सागर शर्मा और मनोरंजन विजिटर पास के जरिए सदन के अंदर पहुंचे। सागर शर्मा और मनोरंजन ने लोकसभा में पहुंचकर कलर स्मोक स्टिक के जरिए गैस स्प्रे की जबकि दो आरोपित संसद भवन परिसर में स्मोक स्टिक से गैस स्पे कर रहे थे। पांचवां आरोपित ललित झा वीडियो बना रहा था। वो फरार है। 35 साल का मनोरंजन कर्नाटक के बेंगलुरु का रहने वाला है। सागर शर्मा लखनऊ का रहने वाला है तो 42 साल की नीलम हरियाणा के जींद की रहने वाली है। चौथा आरोपी 25 साल का अनमोल शिंदे महाराष्ट्र के लातूर का रहने वाला है। अब तक की जांच में पता चला है कि चारों आरोपी एक-दूसरे को पहले से जानते थे। चारों फेसबुक फ्रेंड भी हैं।

## संसद की सुरक्षा में सेंधः घर में पसरा सन्नाटा, जहां रची देश की सबसे सुरक्षित जगह को भेदने की साजिश



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**गुरुग्राम** की हाउसिंग सोसाइटी के जिस घर में देश की सबसे सुरक्षित जगह को भेदने की साजिश रची गई थी, बुधवार रात से ही वह पुलिस के पहरे में है। इसके साथ सोसाइटी में बृहस्पतिवार को सन्नाटा पसरा रहा। उस कालोनी व गली के लोग अपने-अपने घरों में दुबके हुए हैं। विक्की के घर पर तैनात कमिश्नरेट की महिला और पुरुष पुलिस के जवान विक्की के घर में डेरा जमाए हुए हैं। इस घर में आने-जाने वालों पर नजर रखी जा रही है। संसद में हुए धुएं कांड के बाद से ही टीवी और सोशल मीडिया पर सात एक्स्टेंशन स्थित विक्की के मकान की तस्वीर आने लगी हैं। अभी तक आगे क्या निकलेगा यह किसी को नहीं पता। ऐसे में विक्की के संपर्क में रहने वाले लोग अब इस पचड़े में नहीं पड़ना चाहते हैं। घर पर विक्की की 15 साल की बेटी है। जिसकी सुरक्षा में चार पुलिस के जवान व दो महिला पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। गली के लोग कुछ बोलने को तैयार नहीं है। जबकि बुधवार शाम से ही यहां मीडिया कर्मियों का आना-जाना लगा हुआ है। बता दें कि वृंदा शर्मा और उसके पति विक्की पर आरोप है कि दिल्ली में संसद भवन की सुरक्षा भेदने वालों को ठहराने व उनकी साजिश की पूरी जानकारी उसके पास थी। दिल्ली पुलिस की ओर से आरोपियों को दबोचने के बाद उनकी एक टीम ने मौके पर पहुंच कर दोनों को अपने साथ ले गई है। कमिश्नरेट की पुलिस को उम्मीद थी कि उसके अन्य रिश्तेदार उसके घर पर आएंगे। जिनको वह बच्ची को सौंपेंगे। जबकि मामला इतना गंभीर है कि रिश्तेदार तो दूर की बात है कोई पड़ोसी भी आगे नहीं आ रहा है। एसीपी क्राइम ने बताया कि पुलिस को अब तक की छानबीन में पता चला कि सागर शर्मा और विक्की शर्मा पहले से ही जानकार थे। उसका इनके घर आना-जाना था। यह भी पता चला है कि संसद में धुआं कांड से पहले ही आरोपियों का विक्की के पास आने-जाने का सिलसिला बढ़ गया था।

# एडीसी ने कमेटी में प्राप्त आवेदनों पर दिए दिशा-निर्देश

## अनुसूचित जाति-जनजाति के लोगों के हितों की रक्षा के लिए गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी कमेटी की बैठक संपन्न, सेवा विभाग के माध्यम से दी जाने वाली सहायता के लिए करें जागरूक: एडीसी

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**अनुसूचित** जातियों-जनजातियों की सुरक्षा व अत्याचार निवारण के उद्देश्य से गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने कमेटी सदस्यों का आह्वान किया कि वे समाज के लोगों को जागरूक करने के लिए हर संभव प्रयास करें। संबंधित समाज को सेवा विभाग के माध्यम से दी जा रही सेवाओं की पूर्ण जानकारी प्रदान करते हुए लोगों को उनका पूर्ण लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करें।
लघु सचिवालय में आयोजित बैठक में विभाग को प्राप्त 23 आवेदनों पर



विस्तृत चर्चा करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को तुरंत प्रभाव से सहायता राशि उपलब्ध करवाई जाये। साथ ही पीड़ितों को अन्य आवश्यक संभव मदद भी दी जाए। उन्होंने अनुसूचित जातियों-जनजातियों के लोगों को प्रोत्साहित किया कि वे अपने विरूद्ध होने वाले अत्याचार को चुपचाप सहन न करें। अपनी आवाज उठायें, जिसके लिए प्रशासन की ओर से जरूरी सहायता दिलाई जाएगी।
अतिरिक्त उपायुक्त ने जानकारी दी कि सेवा विभाग में सहायता के लिए आवेदन करें। विभाग के माध्यम से पीड़ितों को 85 हजार रुपये से लेकर 8 लाख 50 हजार रुपये तक की सहायता राशि प्रदान की जाती है। इसके लिए विशेष रूप से उपायुक्त की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया है। इसमें गैर-सरकारी सदस्य भी शामिल किये गये हैं, जिनका दायित्व बनता है कि वे इस संदर्भ में जागरूकता फैलायें। ताकि पीड़ित वित्तीय सहायता के लिए आवेदन करें।
अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने बताया कि अनुसूचित जाति-जनजाति के पात्र व्यक्तियों को एफआईआर दर्ज होने पर ही 25 हजार रुपये तथा कोर्ट में चालान पेश होने के उपरांत 50 हजार रुपये की सहायता राशि दी जाती है। शेष राशि अलग-अलग चरणों में उपलब्ध करवाई जाती है। इसका लाभ लोगों को उठाना चाहिए और हर प्रकार के शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद करनी चाहिए।
बैठक में नगराधीश पूजा कुमारी, जिला कल्याण अधिकारी राजबीर शर्मा, सुनील, सुरेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

# आईटीआई में श्रीमदभगवत गीता संवाद का हुआ आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) राजकीय औद्यागिक** प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई)अम्बाला शहर में मातृभूमि सेवा मिशन कुरुक्षेत्र एवं आईटीआई के सौजन्य से अंतर्राष्ट्रीय श्रीमदभगवत गीता जयंती समारोह के उपलक्ष में श्रीमदभगवत गीता संवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त डा.शालीन, एडीसी अपराजिता ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए दीपशिखा प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस मौके पर मातृभूमि सेवा मिशन कुरुक्षेत्र के संस्थापक श्रीप्रकाश मिश्र व प्रिंसीपल भूपिन्द्र सांगवान उपस्थित रहे। इससे पहले हवन यज्ञ के साथ कार्यक्रम का आगाज हुआ। इस मौके पर उपायुक्त डा0 शालीन व अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने आईटीआई परिसर में कार्यक्रम के द्दष्टिगत लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया और विद्यार्थियों व अन्य द्वारा जो प्रोजैक्ट तैयार किये गये थे, उनका भी बारीकी से निरीक्षण किया। प्रदर्शनी में मोटे अनाज से सम्बन्धित खाद्य पदार्थ, पेंटर एवं कारपेंटर ट्रेड से सम्बन्धित प्रदर्शनी, आईसीटीएम, सीएचएनएम, इलेक्ट्रोनिक्स व मैकेनिकल से सम्बन्धित प्रदर्शनी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व अन्य प्रदर्शनियां शामिल रही। प्रिंसीपल डा0 भूपिन्द्र सांगवान ने उपायुक्त व अतिरिक्त उपायुक्त के साथ-साथ आये हुए मेहमानों का स्वागत करते हुए सेमिनार से सम्बन्धित जानकारी दी और बताया कि आईटीआई के विद्यार्थी शिक्षा के क्षेत्र के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में आगे आकर आईटीआई का नाम रोशन कर रहे हैं। रोजगार मेलों के माध्यम से भी यहां के विद्यार्थी अधिक संख्या में चुने जाते हैं। आज भी आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों की अग्रणी भूमिका रही है जिसमें लड़कियों व लडके दोनो शामिल हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के कौशल विकास में श्रीमदभगवत गीता का क्या महत्व है, उस बारे गीता संवाद का आयोजन किया गया है, जिसमें विस्तार से विद्यार्थियों को जानकारी दी जाएगी। इस मौके पर उपायुक्त डा0 शालीन ने भी यहां पर आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इससे निस्संदेह विद्यार्थियों को आगे बढ? में काफी लाभ मिलेगा। आईटीआई में विभिन्न ट्रेडों के माध्यम से विद्यार्थी अपने कौशल के तहत आगे बढ़ रहे हैं। मैं उनसे आशा करता हूं कि वे इसी तरह अपने कौशल को बढ़ाकर जीवन में तरक्की करें, आने वाला समय उन्हीं का है, जिस युवा के पास कौशल होता है, वह जीवन में कभी भी पीछे नही रहता अर्थात उसे रोजगार के लिये भटकना नहीं पड़ता। उन्होंने यह भी कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास रहता है कि आईटीआई द्वारा विद्यार्थियों के लिये यदि और ट्रेड से सम्बन्धित, जिसकी समय के तहत आवश्यकता है, प्रस्ताव भेजकर उनके पास भेंजे ताकि वे उसे मुख्यालय भिजवाएं और पूरा प्रयास करेंगे कि इन ट्रेडों का भी प्रशिक्षण विद्यार्थियों को मिल सके और वे अपने जीवन रूपी लक्ष्य को प्राप्त कर

## न्यूज फ्लैश

### बेसहारा पशुओं की व्यवस्था करे प्रसाशन- ओंकार सिंह



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**गौमाता के** लिए 400 करोड़ रुपये का इस वर्ष के बजट मे प्रावधान होने के बावजूद गौमाता सड़को पर बेसहारा घूम रही है, इस पर टिप्पणी करते हुए इनेलो प्रदेश प्रवक्ता ओंकार सिंह ने कहा कि अम्बाला छावनी में आवारा पशुओं की समस्या बहुत गंभीर है और शहर में आवारा पशुओं का आतंक जारी है। आवारा पशुओं की भरमार लोगों के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है। हरियाणा को आवारा पशुमुक्त बनाने के लिए पशुपालन विभाग व मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगियो की अहम बैठक वर्ष 2017 में हुई थी जिसमे 15 अगस्त 2017 तक प्रदेश को आवारा पशुमुक्त करने व इन पशुओं की टैगिंग करने का लक्ष्य निश्चित किया गया था लेकिन आज दो वर्ष बीत जाने के पश्चात भी लक्ष्य प्राप्त नही हो सका है। आवारा पशुओं की चपेट में आने से कई लोग अपनी जान गंवा चुके है। जिसके बाद भी प्रशासन नहीं चेता है। आवारा पशुओं की वजह से कई बार वाहन चालक सड़क दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। "दिन में दुधारू रात में बाजारू" इन आवारा पशुओं के मालिकों के द्वारा पशुओं को बेवजह ही छोड़ दिया जाता है। जो सड़कों पर घूमते रहते हैं। यही नहीं कई मार्गों पर गाय और अन्य आवारा पशु बैठे रहते हैं जिसकी वजह से यातायात बाधित हो जाता है। पालतू पशुओं को खुला छोड़ने वाले मालिकों की भी जिम्मेदारी निर्धारित होनी चाहिए। शहर के साथ साथ जिले में हर गांव के लोग भी लावारिस पशुओं की समस्या से परेशान हैं। पशुओं के झुंड खेतों में घुसते हैं और फसल को पूरी तरह तबाह कर देते हैं। जितना खाते हैं उससे ज्यादा तो खुरों तले रौंद देते हैं। जिले का ऐसा कोई गांव नहीं है जहां लावारिस पशुओं की समस्या न हो। बाहर से आए ये आवारा पशु शहर से अधिक गांव के लोगों के लिए समस्या बन गए हैं। किसानों को रात खेत में बितानी पड़ रही है ताकि फसल को बचाया जा सके। लावारिस पशुओं को रखने की सामर्थ्य गोशालाओं में भी नहीं है। गोशालाओं की एक बड़ी समस्या सांड की है। क्योंकि सांड आपस में भिड़ जाते हैं और गायों को भी नुकसान पहुंचाते है। कहने को तो प्रसाशन बड़ी बड़ी बातें करता है लेकिन धरातल पर प्रगति जीरो ही है। प्रसाशन को समस्या की गम्भीरता को देखते हुए इसके समाधान हेतु सकारात्मक कदम उठाने चाहिए ताकि जनता को राहत मिल सके।

### मुख्यमंत्री से मिलकर टीडीआई ईसपानीया के प्रोजेक्ट के अधूरे कामों को पूरा करवाने का दिया भरोसा: ललित बत्रा



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**आज** टी डी आई ईसपानीया कि आरडब्ल्यूए की नई मैनेजमेंट वरिष्ठ भाजपा नेता ललित बत्रा जी के निवास पर मिली भाजपा नेता ललित बत्रा जी ने आदर भाव के साथ नई मैनेजमेंट के साथ मीटिंग की और नहीं मैनेजमेंट बनने पर बधाई भी दी टीडीआई ईसपानीयाआरडब्ल्यूए के प्रधान डॉ दर्शन लाल मल्होत्रा ने कहा की हमारे टीडीआई ईसपानीया के अधूरे प्रोजेक्ट के काम पेंडिंग में पड़े हुए हैं कई सालों से सभी प्रोजेक्ट पूरे करवाया जाए
वरिष्ठ भाजपा नेता ललित बत्रा ने विश्वास ही नहीं पूरा यकीन दिलाया की टीडीआई ईसपानीया के निवासियों के लिए मैं दिन-रात हाजिर हूं इसके लिए मुझे मुख्यमंत्री से भी सहायता लेनी होगी तो मैं लूंगा और जल्दी ही चंडीगढ़ एक मीटिंग भी कराऊंगा टीडीआई ईसपानीया के प्रधान डा दर्शन लाल मल्होत्रा उप प्रधान सुरेश वत्स व महासचिव दिनेश गोयल कैशियर प्रमोद वर्मा अतर सिंह एवं अनिल मनचंदा व अनिल शर्मा भूपेंद्र सिंह सागर जी व अन्य कार्यकारिणी मेंबरों ने वरिष्ठ भाजपा नेता का धन्यवाद किया।

# पानीपत: हरियाणा को भारतीय खेलों की जननी कहा जाता है: सुनीता कादियान

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**जिला** के गांव सिवाह की वेटलिफ्टिंग महिला खिलाड़ी सुमन देवी ने दिल्ली में चल रही खेलो इंडिया प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक प्राप्त करके हरियाणा और भारत का नाम रोशन किया है ' इस उपलब्धि के लिए ग्राम पंचायत की ओर से सुमन देवी को ?11000 और शॉल देकर सम्मानित किया गया यही नहीं जिला पानीपत के नए बस अड्डे पर ग्राम पंचायत सिवाह के सभी खिलाड़ियों ने



भी सुमन देवी को सम्मानित किया और ढोल नगाड़ों के साथ नए बस अड्डे से घर तक ले जाया गया इस कार्यक्रम का नेतृत्व सरपंच एवं पूर्व खिलाड़ी सुनीता कादियान ने किया ' इस अवसर पर सरपंच सुनीता कादियान ने कहा कि हरियाणा को भारतीय खेलों की जननी कहा जाता है लेकिन इस समय हरियाणा के खिलाड़ी सभी देसी विदेशी खेल प्रतियोगिताओं में मेडल प्राप्त करके हरियाणा और देश का नाम रोशन कर रहे हैं ' उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत गांव के सभी होनहार प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को न केवल सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाती है बल्कि उसकी प्रतिभा के अनुसार 11000 और 21000 का इनाम देकर सम्मानित भी करती है उन्होंने कहा कि गांव सिवाह की नवीन खेल अकादमी की ओर से भी होनहार खिलाड़ियों को निशुल्क सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती है ग्राम सिवाह की नवीन खेल अकादमी की ओर से वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिताओं की ऊंचाइयों तक पहुंचाने में पूर्ण सहयोग दिया है।

# अवैध देसी पिस्तौल सहित आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**सीआईए** वन प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि उनकी टीम को बुधवार देर शाम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म का एक युवक गाबा कॉलोनी की और से पैदल सिद्धार्थ नगर फाटक की तरफ आ रहा है। युवक के पास अवैध हथियार होने की संभावना है। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान उमेश पुत्र चरण सिंह निवासी अक्सौली एटा यूपी हाल संत नगर पानीपत के रूप में बताई। पुलिस टीम ने युवक की तलाशी ली तो उसकी पहची हुई पेंट की जेब से एक अवैध देसी पिस्तौल 315 बौर बरामद हुआ। पिस्तौल को खोलकर जांच की तो अनलोड मिला। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया उसको हथियार रखने का शौक है। उक्त अवैध देसी पिस्तौल उसने शौक पूरा करने के लिए करीब दो महीने पहले अपने एक जानकार से 5 हजार रूपए में खरीदा था। दोस्तों में रोब दिखाने के लिए आरोपी उमेश पिस्तौल को साथ लेकर चलने लगा। आरोपी उमेश के खिलाफ थाना पुराना औद्योगिक में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर वीरवार को पुलिस ने आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।

# '23 दिसंबर को पानीपत ग्रामीण में आम आदमी पार्टी करेगी पदयात्रा'

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**आम आदमी** पार्टी हरियाणा द्वारा शुरू की गई पदयात्रा 23 दिसंबर को पानीपत ग्रामीण के इलाकों में पदयात्रा करेगी जिसको प्रदेश उपाध्यक्ष निर्मल सिंह के नेतृत्व में की जाएगी । यह यात्रा हरियाणा में बढ़ती महंगाई बेरोजगारी महिला सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं की कमी को उजागर करने के लिए की जा रही है। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सासंद डॉ संदीप पाठक के आदेशानुसार हर गावँ मे 21 मेम्बर कमेटी के शपथ ग्रहण एवम सम्मान समारोह किया जाना है। आज प्रदेश सह सचिव सुखवीर मलिक ने गावँ ब्राह्मण माजरा मे सर्किल इंचार्ज के सहयोग से किया गया।



सभी 21 मेम्बर उपस्थित का सम्मान किया और उनको परिचय पत्र दिये। सुखबीर मलिक ने बताया अपने गांव में इन 21 मेंबर कमेटी का काम डोर टू डोर जाकर हर बूथ को मजबूत करना होगा। एवं पार्टी की नीतियां को घर-घर तक पहुंचाना होगा जिससे आम आदमी पार्टी की सरकार आने में मदद मिलेगी। मलिक ने गांव ब्राह्मण माजरा मे न्यू नव नियुक्त ग्राम सचिव बिजेंद्र गुप्त और कमेटी मेंबर को शपथ दिलाई और मौके पर सबके आइडेंटी कार्ड वितरित किए ।
जिनको सम्मान मिला वह है ब्राह्मण माजरा गांव सचिव के साथ शीशपाल मलिक कर्मवीर मीना देवी राजेश राजेश रामनारायण शर्मा रामनिवास रोहिल्ला चंद्रभान सुबये सिंह दिनेश वर्मा सोमबीर रोहिल्ला सत्यनारायण गुप्ता सूरज भिर सिंह देवी चंद गुप्ता विजेंद्र सिंह महेंद्र सिंह दिनेश कुमार वर्मा सुरेंद्र लाल दयानंद अहलावत नरसिंह सुरेंद्र कुमार जितेंद्र वर्मा जितेंद्र रोहिल्ला बलवान सिंह ऋषि लाल रोहिल्ला किला देवी आनंद शर्मा डॉक्टर सुरेश चंद्र कलीराम कश्यप सत्यवान रोहिल्ला महावीर रोहिल्ला रामलाल सुभाष , महेंद्र मेम्बर मौजूद रहे। इस मौके पर राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य सुखबीर मलिक , राजकुमार मुंडे, देवेंन सलूजा ,सर्किल इंचार्ज शीशपाल मलिक, सर्किल इंचार्ज कर्मवीर जाटल,, होशियार सिंह , संदीप, मुकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# शांति पाठ के साथ ही यह खेलकूद प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण समारोह समाप्त हुआ

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**आर्य बाल** भारती पब्लिक स्कूल परिसर में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के उपलक्ष में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई ' इन प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली छात्र एवं छात्राओं को प्राचार्य श्री सत्यवान मलिक ने मौके पर ही पुरस्कार देकर सम्मानित किया' इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने ऋषि दयानंद स्वामी श्रद्धानंद मिल्खा सिंह पीटी उषा हुसैन बोल्ट नीरज चोपड़ा रोहित शर्मा यजवेंद्र चहल कपिल देव सचिन तेंदुलकर



वीरेंद्र सहवाग महेंद्र धोनी को भी बार-बार याद किया शांति पाठ के साथ ही यह खेलकूद प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण समारोह समाप्त हुआ मुख्य अतिथि प्राचार्य श्री सत्यवान मलिक ने कहा कि आज राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस है' इसी के द्दष्टिगत छात्रों को ऊजार्वान बनाने के लिए ही इन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया ' उन्होंने कहा कि खेलों से जहां तन मन स्वस्थ रहता है वही आजकल खेल प्रतियोगिता जीतने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को इनाम के रूप में अच्छी खासी धनराशि भी दी जाती है यही नहीं केंद्र व वह प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत खिलाड़ी की प्रतिभा के अनुसार कुछ उच्च पदों पर नियुक्ति भी की जाती है' इसीलिए सभी अध्यापकों अभिभावकों और खिलाड़ियों को अपने जूनियर खिलाड़ियों को भी खेलों में अधिक से अधिक भाग लेने के लिए प्रेरित करना चाहिए उन्होंने कहा कि पानीपत जिला के होनहार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने विभिन्न प्रतियोगिताएं जीत कर हरियाणा और भारत का नाम विश्व स्तर पर भी स्थापित कर दिया है।

# संसद में स्मोक बम गिराने की जांच एनआईए व सीबीआई करें: शांडिल्य



**पानीपत/कमाल हुसैन**
**विश्व हिन्दू** तख्त व एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया के प्रमुख वीरेश शांडिल्य वीरवार को दिल्ली जाते हुए पानीपत में रुके । यहाँ पहुँचने पर विश्व हिन्दू तख्त के प्रदेश अध्यक्ष पंकज कपूर, ज़िला अध्यक्ष, मदन भारद्वाज, विकास ग्रोवर, राजू बठला,नवीन मनचंदा,सुरेन्द्र मक्कड़,हरीश परूथी,अनिल बजाज,कपिल गिरधर,विशाल,राजू, जश्न बजाज, राज कुमार शर्मा,गौरव बत्रा सहित सैंकड़ो लोगो ने जोरदार स्वागत किया। वीरेश शांडिल्य ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि देश की नई संसद में स्मोक बम गिराने की साजिश की गई है इसे हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। इसकी जांच संयुक्त रूप से एनआईए, सीबीआई व दिल्ली पुलिस करें। वीरेश शांडिल्य ने कहा कि देश की संसद भारत का सर्वोच्च मंदिर है, भारत की सर्वोच्च पंचायत है। स्मोक बम गिराकर पूरे विश्व में एक भय का संदेश देने वाले कौन लोग हैं यह देश की 140 करोड़ जनता जानना चाहती है और जिस तरीके से स्मोक बम लेकर गए उससे तो यह लगता है कि दहशत फैलाने वाले आरडीएक्स भी लेकर जा सकते थे। एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य ने कहा कि संसद हमले की 22वीं बरसी पर हुआ यह मामला दुखदाई है और इस हमले को मोदी सरकार हल्के में न लें। हमला करने वाले संविधान विरोधी, तिरंगा विरोधी व राष्ट्र विरोधी हैं। वहीं वीरेश शांडिल्य ने देश के प्रधानमंत्री मोदी व गृह मंत्री अनिल विज विदेश में बैठे खालिस्तानी आतंकवादी जो भारत का माहौल खराब कर आतंकवाद लाना चाहता है और डॉलर देकर हिंदुस्तान के युवाओं को भटका कर आतंकवादी बनाना चाहता है अब गुरपतवंत सिंह पन्नू का जिंदा रहना भारत के लिए खतरा है क्योंकि पन्नू ने भी कहा था कि वह 13 दिसंबर को संसद नींव हिला देंगे। शांडिल्य ने कहा कि यदि पन्नू के खिलाफ कोई एफआईआर दर्ज करवाने वाला नहीं है तो वह पन्नू के खिलाफ राष्ट्रद्रोह का केस दर्ज करवाने को लेकर देश के गृह मंत्री अमित शाह को शिकायत देने को तैयार हैं।

# लांच हुआ निकॉन इंडिया का नया एक्सपीरियंस जोन

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**इमेजिंग** टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अग्रणी निकॉन इंडिया ने आज पानीपत में अपने नए एक्सपीरियंस जोन का उद्घाटन किया है। । निकॉन इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर सज्जन कुमार ने इसका उद्घाटन किया। यह निकॉन के मौजूदा अत्याधुनिक एक्सपीरियंस जोन की कड़ी में एक और महत्वपूर्ण पड़ाव है। पानीपत में इस नए एक्सपीरियंस जोन के खुलने से ग्राहक अब आसानी से निकॉन के प्रोडक्ट्स की संपूर्ण रेंज तक पहुंच सकेंगे। इन प्रोडक्ट्स में जेड सीरीज मिररलेस कैमरा, डीएसएलआर कैमरा,



निक्कर लेंस, एक्सेसरीज के साथ-साथ स्पोर्ट ऑप्टिक्स की रेंज भी शामिल है। पानीपत में यह नया एक्सपीरियंस जोन फोटोग्राफी से जुड़े लोगों को शहर की सांस्कृतिक विरासत एवं पारंपरिक मूल्यों को ज्यादा खूबसूरती से तस्वीरों में उतारने का मौका देगा। इस पहल के माध्यम से निकॉन का लक्ष्य रचनात्मकता को बढ़ावा देना और फोटोग्राफी कम्युनिटी के साथ ज्यादा अर्थपूर्ण तरीके से जुड़ना है। सज्जन कुमार ने कहा, हम देशभर में अपनी उपस्थिति को विस्तार दे रहे हैं और हमें भरोसा है कि नया एक्सपीरियंस जोन विजुअल स्टोरीटेलिंग को नई ऊंचाई देगा और खास पलों को ज्यादा खूबसूरती से तस्वीरों में कैद करने में मदद करेगा। निकॉन इंडिया के एक्सपीरियंस जोन
फोटोग्राफी के दीवानों, प्रोफेशनल्स और कलाकारों के लिए वन-स्टॉप शॉप की तरह काम करते हैं और एक सुगम एवं अनूठे अनुभव के साथ उनकी प्रतिभा को सशक्त करते हैं। यहां उन्हें निकॉन की अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी की क्षमताओं को अनुभव करने का मौका मिलता है।

# खरखौदाः खरखौदा में मिली पंजाब मार्के की 240 पेटी शराब

**खरखौदा/सोनीपत/ सोमपाल सैनी**
**मिली** जानकारी के अनुसार खरखौदा के पीओ स्टाफ की पुलिस टीम ने खरखौदा के मटिण्डू रोड बाईपास पर नाकाबंदी कर एक शराब से भरी गाड़ी को काबू किया है। उन्होंने बताया कि नाकाबंदी के दौरान एक आईसर कैन्टर रोहतक रोड की तरफ से सांपला रोड की तरफ आ रहा था जो पुलिस की नाकाबन्दी को देखकर चालक अपने कैन्टर को वापिस मोडने लगा। पुलिस द्वारा कैन्टर को रुकवाकर चालक का नाम पता पुछा तो चालक ने अपना नाम रोहित वासी वार्ड 1 हसनगढ जिला रोहतक व साईड मे बैठे कन्डैक्टर ने अपना नाम आशिन वासी रोहणा जिला सोनीपत बताया। इसी दौरान आईसर कैन्टर को चैक करने पर आईसर कैन्टर की बाडी के अन्दर लोहे की चद्दर लगाकर अलग से बनाये गये खाने मे शराब की पेटियां मिली। जिनकी गिनती करने पर 95 पेटी अध्धा व 145 पेटी बोतल इंपीरियल ब्लू फॉर सेल इन पंजाब मिली। आरोपी दोनों व्यक्ति बरामदा हुई शराब का लाईसैन्स व परमिट मागंने पर कोई परमिट पेश ना कर सके। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जाँच शुरू कर दी है।

# चंडीगढ़: आप के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने की प्रेसवार्ता

**टीम एक्शन इण्डिया/ रोहतक/ चंडीगढ़**
**आम आदमी** पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने वीरवार को जोनल पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता की। इस दौरान कई समाजसेवी और भाजपा सदस्यअपने समर्थकों के साथ अन्य पार्टियों को छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी 15 दिसंबर से पूरे प्रदेश में बदलाव यात्रा शुरू करने जा रही है। लोग अभी तक की पार्टियों के शासन से परेशान होकर मूलभूत बदलाव चाहते हैं। लोग सिर्फ सत्ता परिवर्तन नहीं, व्यवस्था परिवर्तन चाहते हैं। कांग्रेस की तीन राज्यों में हार के बाद लोग




जान चुके हैं कि कांग्रेस हरियाणा में भी भाजपा का मुकाबला नहीं कर सकती। इसलिए लोग हरियाणा में ऐसे विकल्प की तलाश में हैं जो हरियाणा में भाजपा को पटखनी दे सके और लोगों के मन की सरकार बना सके। इस दौरान रोहतक से हिंदू जागरण मंच के 4 जिलों के पूर्व प्रभारी डॉ. मनुदेव दहिया भाजपा छोड़कर, रिटायर्ड बिजली बोर्ड (ऑपरेशन हेड) समाज सेवी व बिजनेसमैन सरदार चरणजीत सिंह, रामचन्द्र ठेकेदार (पूर्वांचली), राधेश्याम (पूर्वांचली) भाजपा छोड़कर, सफीदों विधानसभा से सामाजिक कार्यकर्ता अमित राव, कलानौर विधानसभा से जितेंद्र उर्फ राजाराम भाजपा छोड़कर अपने समर्थकों के साथ आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की इस बदलाव यात्रा में पूरे हरियाणा से बड़ी तादात में युवा भी जुड़ने जा रहे हैं और कांग्रेस से भरोसा टूटने के बाद, कांग्रेस के भी जुझारु और संघर्षशील साथी इस बदलाव यात्रा की ओर रुख करेंगे। उन्होंने कहा कि मेरा खुद का रुट महेंद्रगढ़ से शुरू होकर झज्जर, बेरी, रोहतक, कलोई से होकर कलायत कैथल और असंध की तरफ निकल जाएगा। इस दौरान युवाओं से जुड़ने व उनके मुद्दों को उठाने और सरकार को क्यों बदलना है, किन मुद्दों पर प्रदेश की जनता सरकार चाहती है उनको उठाने का काम किया जाएगा। उन्होंन कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार आने के बाद शिक्षा व्यवस्था को लेकर 338% शिक्षा पर बजट बढ़ा दिया है। जबकि हरियाण में खट्टर सरकार ने 12% शिक्षा बजट बढ़ा दिया है। इससे पता चलता है कि हरियाणा सरकार गरीब के बच्चों के शिक्षा से वंचित रखना चाहती है। सरकार शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद करना चाहती है, सरकारी स्कूलों में लगभग 40 हजार शिक्षकों के पद खाली पड़े हैं। ये सारी बातें बताती हैं कि शिक्षा भाजपा की प्राथमिकता में नहीं है।

# शिक्षा के क्षेत्र में सरकार विद्यार्थियों को धनराशि से प्रोत्साहित: डीसी विक्रम सिंह

**टीम एक्शन इण्डिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )। डीसी विक्रम सिंह** ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में निरन्तर बढ़ रही प्रतिस्पर्धा के युग में सरकार विद्यार्थियों को धनराशि से प्रोत्साहित कर रही है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग कल्याण विभाग के जरिये दी लाभार्थी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन धनराशि दी जा रही है। डा. बी आर अम्बेडकर मेधावी छात्रवृत्ति संशोधित योजना के जरिये विद्यार्थियों को वजीफा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) विभाग हरियाणा, पंचकूला द्वारा चलाई जा रही डा बी आर



अम्बेडकर मेधावी छात्रवृत्ति संशोधित योजना के वर्ष 2023-24 में छात्र/छात्राओं की छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन विभागीय पत्र वैबसाईट पर गत 01.07.2023 से 31.01.2024 तक प्राप्त किये जा रहे हैं। डीसी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर बढ़ रही प्रतिस्पर्धा के युग में अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्ग, विमुक्त घुमन्तु, टपरीवास श्रेणी और अन्य वर्गो के छात्र/छात्राओं को सक्षम बनाने के लिये आर्थिक सहायता प्रदान करना एवं मैट्रिक से स्नातकोत्तर कक्षाओं में अधिक से अधिक अंक प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना है। जिनके लिये कुछ विवरण शर्तों का पालन किया जाना है। जिला कल्याण अधिकारी सरफराज खान ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि अनुसूचित जाति के लिए छात्रवृत्ति की आधार परीक्षा कक्षा, आधार परीक्षा में दसवीं के लिए शहरी क्षेत्रों में 70 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्रों में 60 प्रतिशत अंक लेने पर प्राप्त अंकों की प्रतिशतता की छात्रवृत्ति राशि- 8000/-रुपये दी जाती है।

## संक्षिप्त खबरें

### सम्पूर्ण विश्व मे प्रसिद्ध है भारतीय कला और संस्कृति, अनूठी धरोहर हैं भारत भूमिका पर

**फरीदाबाद(हरिओम गुप्ता)। आज फरीदाबाद** के सेक्टर 17 मॉडर्न स्कूल के ऑडिटोरियम मे संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में एन एस डी, नई दिल्ली के सर्वोच्च कलाकारों के साथ खजुराहो की शिल्पी एक नाटय मंच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें देश की ऐतिहासिक धरोहर खुजराहों की शिल्पी के बारे मे लोगों कों अवगत करवाने का प्रयास किया गया । इस मौके पर बतौर मुख्यातिथि पहुंचे पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने कार्यक्रम मे शिरकत कर दीप प्रज्ज्वलन किया और मंच से संबोधित करते हुए सभी आयोजनकताओं और विशेष रूप से गीता सिंह का भव्य कार्यक्रम करने के लिए आभार जताया। पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने इस अवसर पर सभी कों सम्बोधित करते हुए कहा की हमारा भारत देश बहुत ही खूबसूरत देश हैं जिसमें पहाड़ो की खूबसूरती के साथ- साथ देश के पास बहुत सी अन्य ऐसी धरोहरे हैं जिनमे से चंदेलो द्वारा निर्मित खजुराहो मे बने मंदिर भी एक हैं जिनको देश ही नहीं पुरे विश्व ने अपनी धरोहर माना हैं। इस मौके पर विपुल गोयल ने कार्यक्रम के निर्देशक डॉ शंकर शेष कृत जिन्होंने इस 'खजुराहो का शिल्पी' कार्यक्रम का निर्देशन किया है और दिल्ली के सुप्रसिद्ध निर्देशक श्री अरविंद सिंह कों भी बधाई और शुभकामनायें दी। पूर्व मंत्री ने इस अवसर पर आगे कहा की आओ हम सब इस कार्यक्रम के महत्व कों समझे और उसके पीछे छिपी मेहनत और देश की प्राचीन धरोहरो का सम्मान करें ताकि आने वाली पीढ़ियों कों भी हमारे देश की धरोहरो कों देखने का अवसर मिले और ज्ञात हों सके देश कितना खूबसूरत हैं। इस मौके पर अरविन्द सिंह, डॉक्टर शंकर शेष, गोपाल शर्मा जिला अध्यक्ष भाजपा, गीता सिंह कार्यक्रम संयोजक, कुंदन लाल, सुरजीत अधाना पूर्व जिला पार्षद, नरेश नंबरदार निवर्तमान पार्षद, अजय नरवत, कुलदीप सिंघल प्रधान आर डब्लू ए सेक्टर 18ए व अन्य सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर ले जाने तथा दुष्कर्म करने के मामले में किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )। डीसीपी एनआईटी** अमित यशवर्धन के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना सुरजकुण्ड की पुलिस चौकी सेक्टर-46 प्रभारी धर्मपाल की टीम ने कार्रवाई करते हुए दुष्कर्म के आरोप में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम टीकाराम (19) मध्यप्रदेश के गांव कनती उदयपुर का रहने वाला है। 26 जून 2023 को सुरजकुण्ड थाने में अपहरण की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपी एक 14 वर्षीय नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस चौकी टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए पीड़ित लड़की को पहले ही जुलाई माह में गाजिबाद एरिया से बरामद कर लिया परंतु आरोपी पिछले 5 महीने से फरार चल रहा था जिसे पुलिस द्वारा गुप्त सूत्रों तथा तकनीकी की सहायता से आरोपी के घर से रेड कर गिरफ्तार किया गया है। मामले में पोक्सो एक्ट की धाराएं जोड़कर पूछता शुरू की गई।

### लूट के मामले में 3 वर्ष से फरार चल रहे आरोपी को थाना सेक्टर-17 की टीम ने किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद(हरिओम गुप्ता )। डीसीपी सेन्ट्रल** पूजा वशिष्ठ के द्वारा अपराधिक गतिविधियों में शामिल आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए थाना सेक्टर-17 प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेन्द्र सिंह की टीम ने लूट के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी लक्ष्मी नारायण(29) फतेहपुर बेरी दिल्ली का रहने वाला है। थाना पुलिस टीम ने आरोपी को उसके घर से रेड कर गिरफ्तार किया है। आरोपी ने वर्ष 2020 में अपने साथी कुलदीप उर्फ दीपू, आजाद उर्फ अर्जी व नाबालिक के साथ सेक्टर-17 के एक घर में लूट की वारदात को अनजाम दिया था। जिसमें पुलिस टीम के द्वारा आरोपी कुलदीप उर्फ दीपू, आजाद उर्फ अर्जी को गिरफ्तार व नाबालिक को काबू किया गया था। आरोपियो से वारदात में प्रयोग गाडी, 13500/-रु नगद और देसी कट्टा बरामद किया जा चुका है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पर दिल्ली में 2 मामले लूट व स्नैचिंग के दर्ज है।

## महिला के साथ दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )। डीसीपी** बल्लबगढ राजेश दुग्गल के द्वारा अपराधिक गतिविधियों में शामिल फरार चल रहे आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए थाना सदर बल्लबगढ़ प्रभारी इंस्पेक्टर बसंत की टीम ने दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। . पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी रनवीर (61) बागपुर उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। आरोपी को थाना पुलिस टीम महिला एएसआई प्रियंकी, एएसआई प्रतीम, मुख्य सिपाही चरण, ड्राइवर रनधीर ने तिगांव पुल के पास से गिरफ्तार किया है।

# पलवल: सरकार की गलत नीतियों के कारण पिछड़ रहे हैं व्यापार व उद्योग: बजरंग गर्ग

**टीम एक्शन इण्डिया/पलवल हरियाणा प्रदेश** व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने पलवल रेस्ट हाउस में व्यापारियों की एक मीटिंग लेने के उपरांत पत्रकार वार्ता में कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रदेश में व्यापार व उद्योग लगातार पिछड़ते जा रहे हैं। पहले गांव स्तर पर छोटे-छोटे उद्योग हुआ करते उन उद्योग में हैंडलूम, नमकीन, तेल, साबुन, पिलांग, निवार, कूलर, पंखे, बेकरी आदि समान बनता था मगर सरकार की बेरुखी के कारण हरियाणा में 80 प्रतिशत छोटे-छोटे उद्योग बंद हो गए हैं जिसके कारण लाखों लोग



बेरोजगार हो गए हैं। बजरंग गर्ग ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में उद्योगों के माध्यम से प्रदेश के 75 प्रतिशत युवाओं को नौकरी देने की घोषणा की थी मगर सरकार ने नौकरी देने के बजाएं नौकरी छीनने का काम किया है। युवाओं को नौकरी देने की घोषणाएं सिर्फ एक जुमला सिद्ध हुई है। सरकार सिर्फ युवाओं की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है जबकि भारतीय जनता पार्टी ने हर साल दो करोड़ों युवाओं को नौकरी देने व 35 रूपए प्रति लीटर पेट्रोल-डीजल देने व 250 रुपए रसोई गैस सिलेंडर देने का वादा किया था मगर भाजपा सरकार सिर्फ झूठी घोषणाओं व बातों की सरकार है इस सरकार से प्रदेश का व्यापारी, उद्योगपति व आम जनता बेहद दुखी है। बजरंग गर्ग ने कहा कि केंद्र सरकार ने जीएसटी के तहत अनाप-शनाप टैक्सों का बोझ जनता पर डाल दिया। जिन वस्तु पर टैक्स नहीं था उन वस्तु पर जीएसटी लगा दिया है और जिन वस्तुओं पर 5 प्रतिशत वेट कर था उन वस्तुओं पर केंद्र सरकार ने 18 में 28 प्रतिशत जीएसटी लगाकर जनता कि जेबों में डाका डालने का काम किया है। इतना ही नहीं पूरे विश्व में जीएसटी के तहत टैक्स की दरें सबसे ज्यादा भारत देश में है बजरंग गर्ग ने कहा कि व्यापारी व उद्योगपति को जो भी जीएसटी, मार्केट फीस, एक्साइज ड्यूटी, इनकम टैक्स देता है उस पर 5 प्रतिशत कमीशन प्रोत्साहन के रूप में सरकार को व्यापारियों को देना चाहिए क्योंकि व्यापारी जो सरकार के खजाने में टैक्स जमा करता है। व्यापारियों द्वारा जनता से टैक्स इकट्ठा करने में बिल बुक, मुनीम, सी ए , बैंक आदि के जो भी खर्च होते है व्यापारियों को अपने घर से करने पड़ते हैं।

# हल्के की जनता की समस्याएं मेरी अपनी समस्याएं हैं : संदीप

**टीम एक्शन इण्डिया/लाडवा गुरूवार को समाजसेवी** संदीप गर्ग का गांव दबखेड़ा में ग्रामीणों ने स्वागत किया व उनके द्वारा करवाएजा रहे हैं सामाजिक कार्यों की जमकर प्रशंसा की।समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि लाडवा हल्का उनका अपना हल्का है और लाडवा हल्के की जनता की समस्याएं उनकी अपनी समस्याएं हैं। वह दिन-रात लाडला हल्के की लोगों की सेवा करने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि 18 दिसम्बर को लाडवा, बाबैन, यारी, मथाना व शाहबाद की तर्ज पर रादौर में रादौर रसोई खोली



जाएगी। जिसमें मात्र पांच रूपए में भरपेट भोजन दिया जाएगा। वहीं ग्रामीण कुलबीर सिंह, अमरजीत सिंह व जरनैल सिंह ने समाजसेवी संदीप गर्ग की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने आज तक लाडवा हल्के में ही नहीं बल्कि पूरे कुरूक्षेत्र जिले में ऐसा कोई भी नेता व समाजसेवी नहीं देखा है।

## हर वर्ग को मिल रहा सरकारी योजनाओं का लाभ: नरेंद्र गुप्ता

**फरीदाबाद(हरिओम गुप्ता)। विधायक नरेंद्र** गुप्ता ने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार ने 9 वर्षों में गरीबों को उनके सपने साकार करने के लिए बहुत सारी योजनाओं को क्रियान्वित कराया है। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने आज विकसित भारत संकल्प यात्रा, जन संवाद कार्यक्रम में संत श्री गुरु रविदास सामुदायिक भवन, मिलार्ड कॉलोनी और डॉ भीम राव आंबेडकर सामुदायिक भवन, राम नगर कॉलोनी फरीदाबाद में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने बताया कि आज देश में पीएम नरेंद्र मोदी और हरियाणा में सीएम मनोहर लाल के नेतृत्व में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं।

# बदलाव यात्रा का कुरुक्षेत्र में होगा जोरदार स्वागत



**टीम एक्शन इण्डिया /कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)आम** आदमी पार्टी की हरियाणा की 90 विधानसभाओं और 10 लोकसभाओं से होने वाली बदलाव यात्रा आगामी 15 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक आयोजित की जा रही है। प्रदेश के अलग अलग चार जिलों से आरंभ होने वाली यात्रा को लेकर पार्टी नेता,पदाधिकारी और कार्यकर्ता यात्रा को सफल बनाने के लिए जी जान से जुट गए है। वही पूर्वमंत्री निर्मल सिंह की अगुवाई में कालका से आरम्भ होकर कुरुक्षेत्र की चारों विधानसभाओं से होकर गुजरने वाली यात्रा के स्वागत के लिए आज झांसा रोड़ स्थित पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष जगबीर जोगनाखेड़ा ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं की बैठक ली। इस बैठक में तमाम पदाधिकारियों की यात्रा के स्वागत व अन्य गतिविधियों को लेकर ड्यूटियां भी लगाई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष जगबीर जोगनाखेड़ा ने बताया कि आम पूर्व मंत्री निर्मल सिंह की अगुवाई में कालका से यात्रा आरंभ होगी। जो 19 दिसंबर दोपहर के समय लाडवा पहुंचेगी। इसके पश्चात यात्रा शाहाबाद की ओर प्रस्थान करेगी। शाहाबाद में शाम को रागिनी कार्यक्रम के आयोजन के साथ रात्रि ठहराव होगा। वही 20 दिसंबर की सुबह यात्रा पिहोवा और उसके शाम को गुल्हा विधानसभा पहुंचेगी। 21 दिसम्बर को यात्रा का गांव किरमच में रात्रि ठहराव होगा। जहां रागिनी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जगबीर ने कहा कि 22 दिसम्बर को यात्रा कुरुक्षेत्र के पुराना बस स्टैंड के नजदीक भव्य और जोरदार स्वागत किया जाएगा।जिसमें सैंकड़ो लोग शामिल होंगेजिला अध्यक्ष जगबीर जोगनाखेड़ा ने पदाधिकारी और कार्यकताओं से यात्रा को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह यात्रा निश्चित रूप से हरियाणा की राजनीति में बड़ा बदलाव करने का काम करेगी। जगबीर जोगनाखेड़ा ने कहा कि आज प्रदेश की गठबंधन सरकार और पिछली सरकारों के कारण प्रदेश की जनता बेहाल हो चुकी है। महंगाई भ्रष्टाचार और अपराध प्रदेश में लगातार बढ़ता जा रहा है।

# जगदीप धनखड़ करेंगे हरियाणवी पैवेलियन का उद्घाटन

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के** युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग की ओर से 8वें अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 के अवसर पर ब्रह्मसरोवर के पुरुषोत्तमपुरा बाग में स्थापित किये जा रहे हरियाणा पैवेलियन का उद्घाटन भारत के माननीय उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 17 दिसंबर को करेंगे। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित किया जा रहा हरियाणा पवेलियन पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र होगा। इसके अंतर्गत हरियाणा की लोक सांस्कृतिक विरासत को



पर्यटकों से रूबरू करवाया जायेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा पवेलियन 17 से 24 दिसंबर तक पर्यटकों के लिए खुला रहेगा। इस विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक व हरियाणा पैवेलियन के संयोजक डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि हरियाणा पैवेलियन में जहां एक ओर हरियाणवी व्यंजन पर्यटकों के लिए उपलब्ध होंगे वहीं पर दूसरी ओर हरियाणा की लोक सांस्कृतिक विरासत के 70 से अधिक स्टॉल हरियाणा पैवेलियन में स्थापित किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की पूरी टीम हरियाणा पवेलियन की साज-सज्जा में जुटी हुई है। अगले दो दिन में यह पैवेलियन बनकर तैयार हो जायेगा। डीवाईसीए निदेशक डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि पैवेलियन में एक सांस्कृतिक मंच भी स्थापित किया जा रहा है, जिस पर सुबह से लेकर शाम तक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन सुबह 11 बजे से 1 बजे तक और दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक आयोजित होगा।

# संकल्प यात्रा में ज्यादा से ज्यादा जन भागीदारी सुनिश्चित करें फील्ड अधिकारी

**टीम एक्शन इण्डिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )। एडीसी आनन्द** शर्मा ने कहा कि हरियाणा सहित देश सहित पूरे प्रदेश में आगामी 26 जनवरी तक आयोजित होने वाली विकसित भारत संकल्प यात्राएं जन संवाद कार्यक्रमों में जिला उपायुक्तों को यात्रा के ओवरऑल इंचार्ज और अतिरिक्त उपायुक्त यात्रा के नोडल अधिकारी के रूप में कार्य कर रहे हैं।एडीसी ने कहा कि सभी विभागों के जिला नोडल अधिकारी और फील्ड अधिकारी इस यात्रा में ज्यादा से ज्यादा जन भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कार्य करें। यात्राओं में युवाओं व स्कूली विद्यार्थियों की भागीदारी के लिए विकसित भारत थीम पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का



आयोजन किया जाए तथा विजेताओं और लाभार्थियों को इनाम या पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया जा रहा है। एडीसी आनन्द शर्मा आज वीरवार को विकसित भारत संकल्प यात्राओं के जिला फरीदाबाद में बेहतर क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्राओं में ज्यादा से ज्यादा जन भागीदारी फील्ड अधिकारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिला में 26 जनवरी तक विकसित भारत संकल्प यात्राएं आयोजित की जाएगी। एडीसी ने कहा कि गत 22 नवंबर से जिला में शुरू हुई ये यात्राएं और प्रचार प्रसार वाहन, प्रतिदिन 2 गाँवों और शहर के दो वार्डो को कवर रहा हैं। जहां स्कूली बच्चों के लिए विकसित भारत की थीम पर आयोजित हो रही प्रतियोगिताओं के विजेताओं और लाभार्थियों को इनाम भी दिए जा रहे हैं। एडीसी आनन्द शर्मा ने विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रमों में फरीदाबाद जिला में अधिकारियों को क्रियान्वित की जा रही विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि सभी अधिकारियों की ड्यूटीया लगी हुई है। यात्राओं में विभिन्न विभागों जैसे आयुष, हेल्थ, शिक्षा, क्रिड, समाज कल्याण आदि द्वारा आमजन की सुविधा के लिए कैम्प भी लगाए जा रहे हैं । इसी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा विकसित भारत थीम पर स्कूली बच्चो के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही है। जिससे की युवा वर्ग की भागीदारी भी इस यात्रा में सुनिश्चित की जा रही है। यात्राओं के माध्यम से आमजन तक केंद्र व राज्य सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है तथा भावी लाभार्थियों को चयनित कर उन्हें योजना का लाभ देने का कार्य किया जा रहा है। एडीसी ने आगे कहा कि इस यात्रा के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रचार वाहन उपलब्ध करवाए गए हैं जो जिला में गाँव-गाँव व शहर के वार्डों में जाकर आमजन को केंद्र व प्रदेश की नीतियों से रूबरू करवा रहे हैं।

# यातायात पुलिस ने ओवर स्पीड एवं नो एंट्री के 78 वाहन चालको के काटे चालान

**टीम एक्शन इण्डिया/फरीदाबाद (हरिओम गुप्ता)। डीसीपी ट्रैफिक** अमित यशवर्धन के दिशा-निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चलाए गए अभियान से एक दिन में 1858 वाहन चालकों के चालान काटकर जुमार्ना लगाया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि यातायात पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान ओवर स्पीड एवं नो एंट्री के संबंध में चलाया जिसके तहत यातायात पुलिस द्वारा विशेष अभियान के तहत 78 वाहन चालकों के चालान काटे गए जिसमें ओवर स्पीड के 57 चालान एवं नो-एंट्री के 21 चालान किए गए। रॉन्ग साइड ड्राइव- रॉन्ग साइड ड्राइव करने से यातायात बाधित होता है और जिससे जाम लगने की संभावना बढ़ जाती है साथ ही दुर्घटना घटित होने की संभावना भी बढ़ जाती है। इसे अपनी जान को खतरा तो होता ही है साथ ही सामने वाले की जान को भी खतरा हो जाता है।

**डैंजरस ड्राइविंग-** डैंजरस ड्राइविंग से ड्राइवर खुद तो खतरे में रहता ही है और सामने वाले की जान को भी खतरा हो जाता है। कई बार डैंजरस ड्राइविंग में चलका ड्राइविंग नियंत्रण नहीं रहता और जिसके कारण दुर्घटना हो जाती है या दुर्घटना होने की संभावना बढ़ जाती है।

**रॉन्ग पार्किंग –** रॉन्ग पार्किंग से यातायात में बाधा आती है। कई बार रॉन्ग पार्किंग के कारण यात्रियों को घंटे तक जाम में फंसा रहना पड़ता है। जाम में कई बार एंबुलेंस भी फंस जाती हैं। आत??ः हमें नैतिक कर्तव्य का पालन करते हुए रॉन्ग पार्किंग में वहान नहीं खड़े करने चाहिए। डीसीपी ट्रैफिक ने बताया कि रॉन्ग साइड ड्राइव, रॉन्ग पार्किंग, डेंजरस ड्राइविंग के चलते अधिकतर इसकी वजह से सड़क दुर्घटनाएं घटित होती हैं।

# नरेला: श्री कृष्णा डेवलपर्स ने किया विशाल भंडारे का आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नरेला** के लामपुर में अमावस्या के अवसर पर श्री कृष्णा आशियाना डेवलपर्स एंड बिल्डर्स की ओर से विशाल मासिक भंडारे का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोगों ने कढ़ी चावल का प्रसाद श्रद्धापूर्वक व उत्साह के साथ ग्रहण किया।

बाहरी दिल्ली के नरेला विधानसभा अंतर्गत लामपुर गांव में अमावस्या के अवसर पर श्री कृष्णा डेवलपर्स एंड बिल्डर द्वारा लामपुर स्थित कार्यालय पर विशाल मासिक भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने पूरी श्रद्धा भाव के साथ प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान बड़ी संख्या में बच्चों से लेकर युवक-युवतियों की भीड़ भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के लिए जुटी रही। दोपहर 12 बजे से शुरू हुए भंडारे में सैकड़ो की संख्या में लोगों ने लाइन लगाकर, जय माता दी के जयकारे के साथ श्रद्धापूर्वक कढ़ी चावल का प्रसाद ग्रहण किया। श्री कृष्णा आशियाना डेवलपर्स एंड बिल्डर्स के मैनेजिंग डायरेक्टर रणवीर सिंह ने बताया कि श्री कृष्णा आशियाना डेवलपर्स एंड बिल्डर्स की ओर से हर माह अमावस्या के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन बड़ी ही धूमधाम के साथ किया जाता है। भंडारे जैसे आयोजनों से जहां आपसी स्नेह और सौहार्द बढ़ता है वही, धार्मिक आध्यात्मिक विश्वाओं पर समाज में जागरूकता भी होती है। वही शशि बाला ने बताया कि आशियाना डेवलपर्स द्वारा आयोजित भंडारे में सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। इस तरह के आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारे व एकता को बढ़ावा मिलता है। भंडारे में रणबीर सिंह, शशी बाला, अनिल पवार, ललित सैनी, दिनेश कुमार, सुभाष कुमार, नवीन कुमार, शालिका अग्रवाल शाहिद सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# जीवन मूल्यों में संस्कारों का होता है बड़ा महत्व: देवेन्द्र रिडला



**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
**दिल्ली के भाजपा** नेता देवेन्द्र रिडला ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है। इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की दिलखोल कर सहायता करनी चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि निर्धन तबके की मदद करना एक प्रकार से पुण्य का कार्य होता है। इसलिए मेरी सभी से अपील है कि सभी गरीब व असहाय लोगों की निःस्वार्थ भाव से मदद करें। जीवन मूल्यों में संस्कारों का बड़ा महत्व है। ऐसा ही एक संस्कार है सेवा का भाव। निःस्वार्थ भाव से यथासंभव जरूरतमंद की मदद करना, सेवा करना हमारे संस्कारों की पहचान कराता है। उन्होंने आगे बताया कि तन, मन और वचन से दूसरे की सेवा में तत्पर रहना स्वयं इतना बड़ा साधन है कि उसके रहते किसी अन्य साधन की आवश्यकता ही नहीं रहती। क्योंकि जो व्यक्ति सेवा में सच्चे मन से लग जाएगा उसको वह सब कुछ स्वतः ही प्राप्य होगा जिसकी वह आकांक्षा रखता है। जिन बच्चों में प्रारम्भ से सेवा की भावना का स्वस्थ विकास कर दिया जाता है वे आगे चलकर अपने सेवा-भाव से समाज में प्रतिष्ठा के पात्र बन जाते हैं।



पूर्व केन्द्रीय मंत्री और सांसद डॉ. हर्षवर्धन को जन्मदिन की बधाई देते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल, देवेन्द्र रिडला, रमेश जोनवाल व अन्य।

# राष्ट्र हितैषी मजदूर परिषद ने सफाई कर्मचारी आयोग को लिखा पत्र



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्र** हितैषी मजदूर परिषद ने राष्ट्रीय कर्मचारी आयोग को निगम में दैनिक वेतन पर कार्यरत कर्मचारियों को नियमित करने की मांग को लेकर राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन को पत्र लिखा है।

राष्ट्र हितैषी मजदूर परिषद के अध्यक्ष दलीप बरवाला ने लिखे पत्र में मांग करते हुए कहा है कि सफाई कर्मचारी आमतौर पर जल्दी ही अनेक प्रकार की बिमारियों की चपेट में आ जाते है, जिसके बाद इलाज के लिए अस्पतालों में मोटे मोटे बिल भरने पडतें है, इसलिए उन सभी कर्मचारियों को मेडिकल कार्ड की सुविधा मुहैया करवाई जाए। वहीं बरवाला ने आयोग से यह भी मांग की है कि निगम में तैनात कर्मचारी सेवा निवृत या फिर उसकी मृत्यु के पश्चात एक माह के भीतर ही सारा भुगतान करने का प्रावधान किया जाए। सहित अनेक मांगों को लेकर दलीप बरवाला ने आयोग को पत्र लिख मांग की है।




जहांगीरपुरी वार्ड में निगम पार्षद कार्यालय पर जनता की समस्याओं को सुनते हुए आप नेता रमेश शर्मा, अनुज सिंह व अन्य।

# जहांगीरपुरी मुख्य रोड़ पर गंदगी होने से लोग होते है परेशान: हरीकिशन जिंदल

**समस्या**

8 जहांगीरपुरी बस स्टैंड के पास गंदगी होने से लोग परेशान
8 संबंधित विभाग को समस्याओं पर ध्यान देने की आवश्यकता है : हरीकिशन जिंदल





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राजधानी दिल्ली के सड़कों पर कूड़े के ढ़ेर लोगों के लिए समस्या बने हुए है। इस प्रकार की समस्या विभागों की लापरवाही या सुस्त रवैये की वजह से होती है और जनता को परेशान होना पड़ता है। कुछ इसी प्रकार की समस्या इनदिनों जहांगीरपुरी मुख्य रोड़ पर भी है, जिसकी वजह से यहां से गुजरने वाले लोगों को बूदबू का सामना करना पड़ता है। आदर्श नगर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला अध्यक्ष हरीकिशन जिंदल ने जहांगीरपुरी मुख्य रोड़ पर जगह-जगह कूड़े के ढ़ेर पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि संबंधित विभाग को समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए। जिससे की इस रोड़ से गुजरने वाले लोगों को परेशान न होना पड़े।

**कई दिनों बाद उठता है कूड़ा:** श्री जिदंल ने बताया कि बड़े नालो की सफाई का कार्य कई दिनों में होता है और जब होता है तो कूड़ा सड़को के किनारे कई दिनो तक फैला रहता है। जिसके चलते लोगों को बदबू का सामना करना पड़ता है। लेकिन संबंधित विभाग को जनता की कोई परवाह नहीं है।

**डीटीसी बस स्टैंड के पास कूड़े का ढ़ेर:** जहांगीरपुरी मुख्य रोड़ पर बने डीटीसी बस स्टैंड के पास जगह-जगह कूड़ा पड़ा हुआ है और इन कूड़े के आस-पास आवारा पशु भी देखे जा सकते है। स्टैंड के पास कूड़ा होने की वजह से यहां से बस पकड़ने वाले लोगों को बदबू का सामना करना पड़ता है।

**कई विभागों को लिखे जा चुके है पत्र:** कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष हरीकिशन जिंदल ने बताया कि कई बार पीडब्ल्यूएडी और एमसीडी दोनों ही विभागों को पत्र के माध्यम से शिकायत की जा चुकी है। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं होती है। समस्या जस की तस बनी रहती है, जिससे यहां के लोगों को परेशान होना पड़ता है।

# जनता की समस्याओं का समाधान निकाले दिल्ली सरकार: भारत सिंह राघव



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** के ब्लॉक अध्यक्ष भारत सिंह राघव ने कहा कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। यही कारण है कि आज देश के कोने-कोने में कांग्रेस का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी कहती है कि हम दिल्ली की जनता को मुफ्त पानी दे रहे है, लेकिन वास्तविकता यह है कि दिल्ली की अधिकतर कॉलोनियों में गंदा पानी आ रहा है और मजबूर होकर कॉलोनी वासियों को बाजार से महंगे दामों पर पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी के राज में आज दिल्ली में विकास की गति काफी ज्यादा धीमी है, जिसके चलते लोग परेशान है। दिल्ली की जनता विकास को तरस रही है। लेकिन दिल्ली में केवल कागजों में ही विकास देखने को मिल रहा है, धरातल पर विकास न के बराबर ही हो रहा है। एक अन्य सवाल के जवाब में श्री राघव ने कहा कि रक्तदान महादान होता है, इसलिए मेरी सभी से अपील है कि इस पुण्य के कार्य में सभी हिस्सा ले और अधिक से अधिक बार रक्तदान करें। जिससे की किसी की जान बचाई जा सके। रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है कि जब हमारा कोई रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता है, इसलिए सभी रक्तदान करें। रक्तदान को लेकर आज भी लोगों के मन में कई सारी गलत धारणाएं मौजूद हैं। जिसे दूर करना होगा।



मां अन्नपूर्णा समिति ने अमावस्या के अवसर पर रेलवे रोड़ स्थित कार्यालय पर मासिक भंडारे का आयोजन किया।

## लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए आगे है यूनियन: पुनीत

# आजादपुर मंडी में जाम की समस्या का हो समाधान: पुनीत





**भाकियूभानू के प्रदेश सचिव पुनीत मंडल ने कहा...**

= आजादपुर मंडी में आने वाले लोगों को जहां और गंदगी का समाना करना पड़ता है, वहीं मंडी में जाम की समस्या आम बात है।
= भारतीय किसान यूनियन भानू जनता की समस्याओं का समाधान करने में हमेशा ही आगे रहती है: पुनीत मंडल (बाबू भाई)





**जिन्दगी में आप कितने खुश है,
यह महत्वपूर्ण नहीं है,
बल्कि महत्वपूर्ण यह है कि,
आपके कारण कितने लोग खुश है।**

**जी** हां आज हम आपकी मुलाकात ऐसे व्यक्ति से करवाने जा रहे है, जो आज अपने कार्यों की बदौलत दिल्ली क्षेत्र में किसी भी परिचय के मोहताज नहीं है। जी हां हम बात कर रहे है। भारतीय किसान यूनियन भानू दिल्ली प्रदेश के सचिव पुनीत मंडल बाबू भाई की।
आपको बतादें कि पुनीत मंडल क्षेत्र की कई धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हुए है।

**जनहित में कार्य कर रही है भारतीय किसान यूनियन भानू:** प्रदेश सचिव पुनीत मंडल ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन भानू हमेशा ही जनहित में कार्य करती है और जनता की जो भी समस्याएं होती है। उनका समाधान करने में आगे रहती है, जिससे की जनता को परेशान न होना पड़े।

**अगर कोई परेशान है तो वह हमारे कार्यालय पर करें संपर्क:** प्रदेश सचिव ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति परेशान है तो वह भारतीय किसान यूनियन भानू के कार्यालय पर संपर्क करें। उसकी समस्या का उचित समाधान करवाया जायेगा।

**आजादपुर मंडी में गंदगी का जगह-जगह अंबार:** पुनीत मंडल ने कहा कि आजादपुर मंडी में जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है, लेकिन मंडी प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं देता है, जिस कारण से आजादपुर मंडी में आने वाले लोगों को परेशान होना पड़ता है।

**जाम की समस्या का समाधान निकाले प्रशासन:** प्रदेश सचिव पुनीत मंडल ने बताया कि आजादपुर मंडी वैसे तो एशिया की सबसे बड़ी फल और सब्जी मंडी है, लेकिन यहां पर जाम की समस्या से लोगों को परेशान होना पड़ता है। प्रशासन को चाहिए कि वह जाम की समस्या का उचित समाधान निकाले।

**मंडी में बने प्याऊ की सफाई समय-समय पर की जाये:** प्रदेश सचिव ने कहा कि आजादपुर मंडी के अन्दर जितने भी प्याऊ लगे हुए है, उनकी समय-समय पर ठीक तरीके से सफाई की जाये, जिससे की मंडी में आने वाले लोगों को स्वच्छ जल मिले।

**सत्य हमेशा ही सत्य रहता है:** प्रदेश सचिव पुनीत मंडल ने कहा कि सत्य हमेशा ही सत्य रहता है, इसलिए सभी सत्य की राह पर चले और दूसरों को भी सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें।

**पेड़-पौधों की रक्षा परिवार की तरह करें:** सभी को अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए। जिससे की दिल्ली हरी-भरी नजर आये। पेड़-पौधों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। इसलिए सभी को पौधारोपण करना चाहिए और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

पेड़-पौधे जहां एक ओर हमें फल और फूल देते है वहीं इनसे हमें कई प्रकार की औषधियां भी प्राप्त होती है, जो हमारे लिए काफी लाभदायक होती है।

**- प्रस्तुतिः एक्शन इंडिया**